आषाढ़ शुक्ल पक्ष षष्ठी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 12 जुलाई 2024
वर्ष 5, अंक 236, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com






ब्लैकहोल के जेट प्लाज्मा की संरचना का पता चला 14

टेनिस में बेहतर कर सकती थी : साइना 13


## नीट-यूजी पर सुनवाई 18 तक टली

नई दिल्ली, एजेंसी



- परीक्षा रद कर नए सिरे से कराने का किया गया है अनुरोध

सुप्रीम कोर्ट ने विवादों से घिरी नीट-यूजी 2024 से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई 18 जुलाई तक टाल दी। इन याचिकाओं में परीक्षा में कथित अनियमितताओं एवं कदाचार की जांच करने, परीक्षा रद कर नए सिरे से आयोजित करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। शीर्ष अदालत ने कुछ याचिकाकर्ताओं को मामले में केंद्र सरकार और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की ओर से दाखिल हलफनामों की प्रति नहीं मिल पाने के मद्देनजर यह कदम उठाया।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने गुरुवार को कहा कि कुछ याचिककर्ताओं की पैरवी कर रहे वकीलों को केंद्र और एनटीए की ओर से बुधवार को अलग-अलग दाखिल किए गए हलफनामों की प्रति अभी तक नहीं मिली है। जिसके चलते अगली सुनवाई 18 जुलाई को होगी। हालांकि, केंद्र की तरफ से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि उन्होंने याचिकाकर्ताओं के वकील को हलफनामे की प्रति उपलब्ध करा दी है। याचिकाकर्ताओं के वकील ने मामले को 15 जुलाई को सूचीबद्ध करने का आग्रह किया, लेकिन मेहता ने कहा कि वह उस दिन उपलब्ध नहीं रहेंगे।

### एक और आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने बिहार के नालंदा से संबंध रखने वाले और मुख्य आरोपी संजीव मुखिया का रिश्तेदार बताए जा रहे रॉकी उर्फ राकेश रंजन को पटना के बाहरी इलाके से पकड़ लिया। सीबीआई मामले की जांच संभालने के बाद से ही उसकी तलाश कर रही थी।

### छात्रों से मिले शिक्षा मंत्री

**नई दिल्ली।** चिकित्सा प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) में कथित अनियमितताओं को लेकर उठे विवाद के बीच केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने गुरुवार को अपने आवास पर कुछ अभ्यर्थियों से मुलाकात की। छात्रों ने मई में आयोजित परीक्षा के भविष्य पर व्याप्त अनिश्चितता, काउंसलिंग प्रक्रिया में देरी और अंततः शैक्षणिक कैलेंडर जैसे मुद्दे उठाए।

## अग्निवीरों को अर्द्धसैनिक बलों में मिलेगा 10 % आरक्षण

### सीआईएसएफ-बीएसएफ की भर्तियों के लिए सरकार का फैसला, भर्तियों में आयु सीमा के साथ शारीरिक परीक्षा में भी छूट

नई दिल्ली, एजेंसी

- आयु सीमा में पहले साल पांच वर्ष, उसके बाद तीन वर्ष की दी जाएगी छूट



विपक्ष की अग्निवीर योजना को रद किए जाने की मांग के बीच सरकार ने कहा है कि सेवा निवृत्त अग्निवीरों के लिए केन्द्रीय औद्योगिकी सुरक्षा बल ( सीआईएसएफ) और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) में सिपाहियों के 10- 10 प्रतिशत पद आरक्षित किए जाएंगे ,साथ ही उन्हें शारीरिक जांच और उम्र में भी छूट दी जाएगी। सीआईएसएफ की महानिदेशक नीना सिंह और बीएसएफ के महानिदेशक नितिन अग्रवाल ने गुरुवार को बताया कि बल ने सेवानिवृत अग्निवीरों की भर्ती के संबंध में सभी तैयारी पूरी कर ली है। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत अग्निवीरों के लिए बल में सिपाहियों के 10- 10 प्रतिशत पद आरक्षित किए जाएंगे। अग्निवीरों को शारीरिक परीक्षण और आयु में भी छूट दी जाएगी। पहले बैच के अग्निवीरों को पांच वर्ष की और इसके बाद के बैच को उम्र में तीन वर्ष की छूट दी जाएगी। उन्होंने कहा कि दोनों बल यह सुनिश्चित करेंगे कि सेवानिवृत अग्निवीरों को भर्ती में इन छूट का अधिक से अधिक लाभ मिले। अधिकारियों ने कहा कि सेनाओं में प्रशिक्षित अग्निवीर मिलने से दोनों बलों की क्षमता और दक्षता बढ़ेगी।

सीआईएसएफ और बीएसएफ के प्रमुखों ने यह बयान ऐसे समय में दिया है जब थलसेना, नौसेना और वायु सेना में कर्मियों की अल्पकालिक भर्ती के लिए अग्निपथ भर्ती योजना पर नए सिरे से बहस शुरू हो गई है। सिंह ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पूर्व अग्निवीरों की भर्ती के संबंध में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इसके अनुरूप सीआईएसएफ भी पूर्व अग्निवीरों की भर्ती की प्रक्रिया तैयार कर रहा है। सीआईएसएफ प्रमुख ने कहा कि भविष्य में कांस्टेबल पद पर सभी नियुक्तियों में पूर्व अग्निवीरों के लिए 10 प्रतिशत नौकरियां आरक्षित रहेंगी। उन्होंने कहा कि शारीरिक परीक्षा में भी उन्हें छूट दी जाएगी। इसके अलावा आयु सीमा में भी छूट दी जाएगी। पहले वर्ष में आयु में छूट पांच वर्ष की होगी और उसके बाद के वर्ष में आयु में छूट तीन वर्ष की होगी। सिंह ने कहा कि पूर्व अग्निवीर इसका लाभ उठा सकेंगे और सीआईएसएफ यह सुनिश्चित करेगा। यह सीआईएसएफ के लिए भी लाभकारी होगा क्योंकि बल को प्रशिक्षित और अनुशासित कर्मी मिलेंगे।

सरकार ने अग्निपथ योजना की शुरुआत जून, 2022 में की थी। इसमें 17 से 21 वर्ष की आयु वर्ग के युवाओं को चार साल के लिए सेना में भर्ती करने का प्रावधान किया गया था, जिनमें से 25 प्रतिशत को 15 और वर्षों के लिए बनाए रखने का प्रावधान है।









## बाढ़ से बेघर लोगों को मिलेगा सरकारी योजना में मकान

### जिनके घर क्षतिग्रस्त हुए उन्हें मुख्यमंत्री आवास योजना में मकान उपलब्ध कराने के निर्देश

- 12 जिले बाढ़ की चपेट में, 18 लाख की आबादी प्रभावित, 33 तहसील के 633 गांव शामिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य सरकार बाढ़ की चपेट में आकर बेघर हुए परिवारों को मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत मकान उपलब्ध कराएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करते हुए पीड़ितों से स्पष्ट कहा है कि, इस संकट की घड़ी में सरकार उनके साथ खड़ी है। उन्हें किसी भी चीज की चिंता करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने अफसरों को निर्देश दिया कि जिनके भी मकान क्षतिग्रस्त हो गए उन्हें मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत मकान उपलब्ध कराए जाएं।

योगी ने अलग-अलग जिलों में बाढ़ पीड़ितों से संवाद करते हुए कहा है कि मानव वन्यजीव संघर्ष, सर्पदंश, वज्रपात समेत अन्य आपदाओं के दौरान अपनी जान गंवाने वाले किसान और बटाईदार के परिजनों को तत्काल सहायता धनराशि दी जा रही है। वर्तमान में 12 जिले बाढ़ से प्रभावित हैं। इसमें 33 तहसील के 633 गांव शामिल हैं, जिसकी करीब 17 लाख 97 हजार की आबादी प्रभावित है। इसमें 18 हजार से अधिक मवेशी भी प्रभावित हैं। 1 लाख 45 हजार से अधिक हेक्टेयर कृषि भूमि भी प्रभावित है।


बाढ़ में फंसे लोगों की सटीक सूचना देकर जान बचाने वाली रेखा देवी को प्रशस्ति-पत्र देते मुख्यमंत्री योगी।


### साहस दिखाने वाले सात लोगों को एक-एक लाख रुपये इनाम

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को श्रावस्ती में 7 जुलाई को बाढ़ में फंसे 11 लोगों को बचाकर सुरक्षित निकालने वाले पीएसी के पांच जवानों समेत सात लोगों को एक-एक लाख रुपये इनाम देने की घोषणा की है। उन्होंने सभी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। सही समय पर सटीक सूचना देने वाली रेखा देवी और फ्लड पीएसी के जवान के लिए गाइड की भूमिका निभाने वाले राम उजागर समेत पीएसी के पांच जवान सोनू कुमार, अमरेश कुमार सरोज, शुभम सिंह, सतीश कुमार यादव और मनोज कुमार ने साहस दिखाया था। इन सभी को एक-एक लाख रुपये मिलेंगे।

### बाढ़ राहत कार्यों में लापरवाह 10 अधिकारियों से मुख्यमंत्री ने मांगा स्पष्टीकरण

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री ने गुरुवार को बाढ़ संबंधी कार्यों में लापरवाही एवं क्षतिग्रस्त फसलों के सर्वे में लापरवाही बरतने वाले पांच जिले के एडीएम एफआर और आपदा विशेषज्ञों से स्पष्टीकरण तलब किया है। इन पांचों जिलों के लापरवाह अधिकारियों को दो दिन में अपना स्पष्टीकरण देना होगा। अगर जवाब संतोषजनक नहीं हुआ तो सख्त कार्रवाई हो सकती है। राहत आयुक्त जीएस नवीन ने गुरुवार को बताया कि मुख्यमंत्री बाढ़ प्रभावित इलाकों की रोजाना अपडेट ले रहे हैं। ताकि जनहानि-धनहानि को कम से कम किया जा सके। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री को लखनऊ, प्रतापगढ़, सीतापुर, अंबेडकरनगर और बलिया के एडीएम एफआर और आपदा विशेषज्ञ द्वारा बाढ़ संबंधी सूचना ससमय उपलब्ध न कराने एवं क्षतिग्रस्त फसलों के सर्वे में लापरवाही की सूचना मिली। इस पर उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए पांचों जिलों के एडीएम एफआर और आपदा विशेषज्ञ को दो दिन में स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए।

### रक्षामंत्री राजनाथ सिंह दिल्ली एम्स में भर्ती



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को गुरुवार को पीठ दर्द की शिकायत के कारण दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भर्ती कराया गया। अस्पताल के मीडिया प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ. रीमा दादा ने बताया कि उनकी हालत स्थिर है और उन्हें निगरानी में रखा गया है। उन्होंने बताया कि उनकी जांच की जा रही है। सिंह (73) को तड़के भर्ती कराया गया और वह पुराने निजी वार्ड में हैं।

## शाहजहांपुर में गर्रा नदी उफनाई मेडिकल कॉलेज में घुसा पानी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** खन्नौत के बाद गर्रा नदी के उफनाने से गुरुवार को शहर के हालात भयावह हो गए। मेडिकल कॉलेज बाढ़ की चपेट में आ गया। पानी ट्रामा सेंटर, वार्डों और आवासीय कॉलोनी में भी घुस गया। मरीजों को लखनऊ, बरेली व निजी अस्पतालों में शिफ्ट किया गया। लखनऊ-दिल्ली हाईवे बंद करना पड़ा। अब तक एक हजार से ज्यादा बाढ़ पीड़ित रेस्क्यू किए गए हैं। शहर के 30 मोहल्ले व जिले के 50 से ज्यादा गांवों के 40 हजार लोग प्रभावित हुए हैं। सैकड़ों बाढ़ पीड़ितों को राहत शिविरों में रखा गया है।

बुधवार को खन्नौत ने तबाही मचाई थी। गुरुवार सुबह अचानक गर्रा में पानी बढ़ गया। पानी ओवरफ्लो होकर सड़कों, गलियों और मोहल्लों के साथ-साथ फोरलेन मार्ग तक पहुंच गया। जिसके चलते प्रशासन ने फोरलेन बंद कर दिया। सुबह चार बजे ही राजकीय मेडिकल कॉलेज के वार्ड और ट्रामा सेंटर में तीन-तीन फुट पानी भर जाने से अफरा-तफरा मच गई। मरीजों को बरेली, लखनऊ और प्राइवेट अस्पतालों में शिफ्ट किया गया। ओपीडी को बंद कर दिया गया। डीएम और एसपी ने कॉलेज का निरीक्षण किया। उधर, बाढ़ के चलते आधे महानगर के साथ-साथ तमाम गांवों में बुधवार सुबह से बिजली नहीं है। तमाम लोगों ने होटलों में कमरे ले लिए हैं। जबकि हजारों की संख्या में लोग छतों पर जागते हुए रात गुजार रहे हैं। बड़ी संख्या में लोग घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों की ओर से निकल गए हैं।


मेडिकल कॉलेज से मरीज को बाहर ले जाते तीमारदार। ● अमृत विचार

- मरीज लखनऊ, बरेली व निजी अस्पतालों में शिफ्ट किए गए

> मेडिकल कॉलेज परिसर, वार्ड और कालोनी में सुबह चार बजे अचानक गर्रा नदी का पानी भर गया। तीन सौ मरीज भर्ती थे। सभी को लखनऊ, बरेली, प्राइवेट अस्पताल के साथ सीएचसी और पीएचसी में शिफ्ट कर दिया गया है। ओपीडी को अग्रिम आदेश तक बंद कर दिया गया है। -डॉ. राजेश कुमार, प्राचार्य मेडिकल कॉलेज

### खीरी में कहर बरपा रहीं शारदा व घाघरा

**लखीमपुर खीरी।** भारत-नेपाल सीमा के बाद अब शारदा नदी तहसील धौरहरा क्षेत्र में कहर बरपा रही है। शारदा व घाघरा के उफनाने से करीब 180 से अधिक गांवों में बाढ़ का पानी घुस गया है। गांव समदहा के करीब 250 ग्रामीण फंस गए। सूचना पर पहुंची एनडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू कर समदहा के 18 और नयापुरवा के 06 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। ग्रामीणों ने बताया कि करीब 20 साल पहले भयंकर बाढ़ आई थी। इससे शारदा ने समदहा गांव को काटकर नदी की मुख्य धार में मिला दिया था। कटान पीड़ित शारदा नदी के उस पार खेतों में झोपड़ी डालकर गुजर बसर कर रहे थे। अचानक आई शारदा नदी में बाढ़ ने एक बार फिर इनकी फसलों सहित झोपड़ी भी डुबो दिया। पीड़ित नदी के पार खेतों में काम कर परिवार पाल रहे हैं।

## छेड़छाड़ के आरोपी को खंभे से बांधकर पीटा, निकल गया दम

संवाददाता, गजरौला (पीलीभीत)

- आरोपी युवक के परिजनों ने छह लोगों के खिलाफ दर्ज कराई एफआईआर

**अमृत विचार :** महिला से छेड़छाड़ के आरोपी को खंभे से बांधकर जमकर पीटा गया। पुलिस चौकी ले जा रहे थे कि रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। युवक के पिता ने छह लोगों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई।

गजरौला थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला बुधवार शाम को खेत पर जा रही थी। गांव के ही अनिल उर्फ छोटे ने उससे छेड़छाड़ की। महिला के शोर मचाने पर खेत पर काम कर रहे रिश्तेदार आ गए तो अनिल भाग गया। महिला के परिवार वालों ने देर शाम उसे पकड़ लिया और खंभे से बांधकर पिटाई की। इसके बाद उसे घसीटते हुए पुलिस चौकी ले जा रहे थे, लेकिन गांव के बाहर पहुंचते ही अनिल की मौत हो गई।

> महिला से छेड़छाड़ के बाद उसके परिवार ने युवक से मारपीट की जिसमें उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम में शरीर पर चोटों से मौत की पुष्टि हुई है। महिला समेत छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोपी फरार हैं। - राजीव कुमार सिंह, इंस्पेक्टर गजरौला

इस पर महिला के परिजन शव छोड़कर भाग गए। ग्राम प्रधान ने रात को पुलिस को सूचना दी। चूंकि बाढ़ के चलते पानी भरा हुआ था, ऐसे में पुलिस ट्रैक्टर से पहुंची और मौका मुआयना किया। पुलिस के अनुसार जिस युवक की पीटकर हत्या की गई वह पूर्व में भी छेड़छाड़ और दुष्कर्म के मामले में जेल जा चुका है। उस पर दस मुकदमे दर्ज थे।

## 10 हजार रुपये रिश्वत लेते दानपुर चौकी इंचार्ज गिरफ्तार

**सहसवान (बदायूं)।** युवक को जेल भेजने की धमकी देकर 10 हजार रुपये रिश्वत लेते दरोगा को एंटी करप्शन टीम ने गिरफ्तार कर लिया। जरीफनगर थाना क्षेत्र के अंबियापुर के कुछ लोगों ने गांव के मनोज यादव के खिलाफ आईजी से शिकायत की थी कि वह दबंगई दिखाता है और आए दिन मारपीट करता है। आईजी के आदेश पर सीओ सहसवान कर्मवीर सिंह ने जांच शुरू की। इसकी जानकारी दानपुर के चौकी इंचार्ज धर्मवीर सिंह को हुई तो उसने एक सप्ताह पहले मनोज को बुलाकर जांच की जानकारी दी और जेल भेजने की धमकी देकर 20 हजार रुपये रिश्वत मांगी। परेशान मनोज ने मंगलवार को बरेली की एंटी करप्शन टीम को जानकारी दी। गुरुवार को ट्रैप टीम के प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र सिंह टीम के साथ जरीफनगर पहुंचे। उन्होंने मनोज को रुपये लेकर पुलिस चौकी भेजा, रुपये लेते ही टीम ने चौकी इंचार्ज को पकड़ लिया और मुजरिया थाने ले आई। एंटी करप्शन टीम के सीओ यशपाल सिंह ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। शुक्रवार को बरेली कोर्ट में पेश कर जेल भेजा जाएगा।



## बेटी की आज आनी थी बरात पिता की गला काटकर हत्या

संवाददाता, एटा/मारहरा

**एकतरफा प्रेम**

- युवक ने शादी रद न करने पर अंजाम भुगतने की दी थी धमकी

**अमृत विचार :** एकतरफा प्रेम में युवक ने शादी से एक दिन पहले युवती के पिता की गर्दन रेतकर हत्या कर दी। युवक ने शादी रद न करने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी थी। पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया। मृतक की पत्नी ने तीन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। मारहरा थाना क्षेत्र के ग्राम मीरापुर में माया प्रकाश (45) पुत्र नौबत सिंह की बेटी की शुक्रवार को बरात आनी थी। पड़ोसी आकाश उससे प्रेम करता था और शादी करना चाहता था लेकिन माया प्रकाश इसके लिए तैयार नहीं थे। उन्होंने बेटी की शादी दूसरी जगह तय कर दी। शुक्रवार 12 जुलाई को बरात आनी थी। घर में शादी का माहौल था। गुस्साए आकाश ने बुधवार देर रात माया प्रकाश की गला काटकर हत्या कर दी और फरार हो गया। एसएसपी राजेश कुमार सिंह, एएसपी धनंजय कुशवाहा ने गांव पहुंचकर छानबीन की। मुठभेड़ में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी, तमंचा व कारतूस बरामद कर लिया।


माया प्रकाश

## आरोपी के पास नहीं था पासपोर्ट कोर्ट ने दिया जमा करने का आदेश

- बंबई हाईकोर्ट ने निचली अदालत के फैसले पर जताई हैरानी

**मुंबई।** गोवा की एक सत्र अदालत ने एक आरोपी को ज़मानत देते हुए शर्त लगाई कि वह अपना पासपोर्ट जमा कराए लेकिन उसके पास पासपोर्ट था ही नहीं। निचली अदालत के आदेश पर बंबई हाईकोर्ट की गोवा पीठ ने हैरानी जताई। एकल पीठ के न्यायमूर्ति भरत देशपांडे ने नौ जुलाई को आरोपी की ज़मानत की शर्तों में सुधार करने की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि सत्र अदालत ने एक अजीब तरीका अपनाया और आरोपी को चार महीने के भीतर अपना पासपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया। हाईकोर्ट ने कहा कि जमानत के लिए शर्त लगाते समय सत्र अदालत के पास किसी व्यक्ति को पासपोर्ट के लिए आवेदन करने, उसे प्राप्त करने और फिर उसे जमा करने का निर्देश देने का अधिकार नहीं है। पीठ ने कहा कि अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ने अपने अधिकारों से परे जाकर काम किया है।

## लिव इन में पति की क्रूरता का अपराध लागू नहीं होता :कोर्ट

कोच्चि, एजेंसी

**केरल हाईकोर्ट का फैसला**

- पीठ ने कहा-सहजीवन में युगल की शादी नहीं होती इसलिए पुरुष 'पति' शब्द के दायरे में नहीं आता

केरल हाईकोर्ट ने एक हालिया फैसले में कहा कि सहजीवन (लिव इन) संबंधों के मामले में किसी महिला के खिलाफ पति या उसके रिश्तेदारों की क्रूरता का दंडात्मक प्रावधान लागू नहीं होता। हाईकोर्ट ने कहा कि आईपीसी की धारा 498ए पति या उसके रिश्तेदारों द्वारा किसी महिला के साथ क्रूरता किए जाने पर सजा का प्रावधान करती है और चूंकि सहजीवन में रहने वाले युगल की शादी नहीं होती, इसलिए पुरुष 'पति' शब्द के दायरे में नहीं आएगा। न्यायमूर्ति ए बदरुद्दीन ने 8 जुलाई के अपने आदेश में कहा कि इस प्रकार विवाह वह घटक है जो महिला के साथी को उसके पति की स्थिति तक ले जाता है। कानून की नजर में शादी का मतलब शादी है। इस प्रकार, कानूनी विवाह के बिना, यदि कोई पुरुष किसी महिला का साथी बन जाता है, तो वह भादंसं की धारा 498ए के प्रयोजन के लिए 'पति' शब्द के दायरे में नहीं आएगा।

## चुनाव आचार संहिता उल्लंघन मामले में पूर्व सांसद जयाप्रदा बरी

**रामपुर।** आचार संहिता उल्लंघन के मामले में गुरुवार को कोर्ट ने साक्ष्य के अभाव में पूर्व सांसद जयाप्रदा को बरी कर दिया है। जयाप्रदा ने 2019 में रामपुर से लोस चुनाव लड़ा था। 18 अप्रैल को केमरी क्षेत्र के गांव पिपलिया मिश्र में हुई जनसभा में आजम खां पर उनकी टिप्पणी को चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन मानते हुए वीडियो निगरानी टीम के प्रभारी कुलदीप भटनागर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। एमपी-एमएलए कोर्ट में इस मामले में बहस 1 जुलाई को पूरी हो गई थी। गुरुवार को पूर्व सांसद कोर्ट में पेश हुईं। न्यायाधीश शोभित बंसल की कोर्ट ने साक्ष्य के अभाव में उन्हें बरी कर दिया।

**बढ़ता जा रहा मौतों का ग्राफ** | बीते वर्ष बिना हेलमेट पहने वाहन चलाते 5,758 लोगों की गई जान

## अभियान-दर-अभियान, हादसों में गंवाते नाबालिग जान

नीरज मिश्र, लखनऊ



- बिना हेलमेट पहने वाहन चलाने वालों की संख्या भी कम नहीं
- सड़क हादसों के दौरान बिना हेलमेट लगाए हुई 5,758 मौतें
- बिना सीट बेल्ट पहने चार पहिया चलाने वालों की 3,476 मौतें
- ओवरस्पीडिंग से होने वाली मौत सबसे ज्यादा
- फर्राटा भरने वाले बीते साल गई लोगों की जान- 8,726
- नंबर दो पर रांग साइड गाड़ी चलाने वालों मृत्यु- 2,920
- ड्रंकन ड्राइविंग में हादसों के दौरान हुई मौत-1,822

**अमृत विचार :** आमजन को लगातार पढ़ाया जाता यातायात नियमों का पाठ, जागरूकता कार्यक्रमों की होड़, आए दिन चलाए जाते अभियान और व्यय होती सड़क सुरक्षा की धनराशि के बाद भी आंकड़ों का ग्राफ कम नहीं हो रहा है।

प्रदेश के बीते कैलेंडर वर्ष 2023 का जो आंकड़ा आया है वह चौंकाने वाला है। यूपी में हादसों के दौरान बीते वर्ष 23,652 लोगों की जान गई। इनमें दस से 15 साल की उम्र के लोग ज्यादा हैं। दस साल तक की उम्र के जहां 4,328 लोग तो 15 साल की उम्र वाले 3,648 लोग असमय हादसों में काल कवलित हुए। गौर करने की बात यह हैकि इनमें बिना हेलमेट लगाए 5,758 लोगों की मौत हुई। वाहनों से हुई दुर्घटनाओं पर नजर डाली जाए तो सबसे ज्यादा मौत टू-व्हीलर दौड़ानें वालों की हुई है। साल 2023 में हादसों के दौरान हुई मौतों का आंकड़ा 23,652 था। इनमें सर्वाधिक 7,397 मौतें दोपहिया वाहनों से हुई हैं। करीब 6,292 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

### हादसे रोकने को सड़क सुरक्षा में जुटे विभाग

सड़क हादसों को रोकने के लिए साल 2015 में रोड सेफ्टी विंग की स्थापना की गई थी। इनमें यातायात, पुलिस, स्वास्थ्य, शिक्षा, लोक निर्माण विभाग, एनएचआई समेत कई विभागों को शामिल किया गया। मंशा रही कि सभी विभाग जब एक साथ एक टीम के रूप में काम करेंगे तो दुर्घटनाओं से होने वाली मौत के आंकड़ों में कमी आएगी।

> बीते साल के आंकड़े चिंता को बढ़ाने वाले हैं। हादसों के सभी कारणों पर उच्चाधिकारी मंथन कर ठोस पहल कर रहे हैं। इसमें डीएल, वाहन की फिटनेस, ब्लैक स्पॉट्स, खराब सड़क समेत सभी बिंदुओं पर काम किया जा रहा है। नाबालिगों के लिए अभियान चलाए जा रहे हैं। जुर्माने की नई दरें तय की गई हैं। अभिभावकों और स्कूलों को भी जवाबदेह बनाया जा रहा है। पैरेंटस को भी सोचना होगा कि वह नाबालिग के हाथ वाहन न दें। -पुष्पसेन सत्यार्थी, अपर परिवहन आयुक्त

# खेत पर काम कर रहे बच्चे, बुलाने पर नहीं जा रहे स्कूल

## बच्चों को स्कूल तक लाने के लिए शिक्षक घर-घर जाकर कर रहे संपर्क, ग्रामीण नहीं कर रहे सहयोग

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** बच्चों को स्कूल तक लाने के लिए प्रदेश सरकार और बेसिक शिक्षा विभाग के तमाम प्रयास ग्रामीणों के आगे फेल हैं। वह बच्चों के भविष्य को लेकर बिल्कुल भी चिंतित नहीं हैं। उन्हें स्कूल भेजने की जगह खेतों में काम कराया जा रहा है।

छुट्टियों के बाद स्कूल खुले 11 दिन बीत गए लेकिन अभी तक परिषदीय स्कूल बच्चों से खाली नजर आते हैं। बच्चे स्कूल नहीं आ रहे हैं। स्कूल तक लाने के लिए शिक्षक उनके घर पहुंच रहे हैं लेकिन नतीजा अपेक्षा के अनुरूप नहीं निकल पा रहा है। शिक्षकों के पहुंचने पर पता चलता के बच्चे अपने माता-पिता के साथ खेतों में काम कर हैं। या फिर सहालग के दौरान अपनी रिश्तेदारी गए हैं। स्कूल ड्रेस आदि के लिए शासन से भेजी गई धनराशि भी खर्च कर ली गई है। गुरुवार को देहात क्षेत्र के कई स्कूलों की स्थिति देखी गई। पता चला कि नामांकन के अनुरूप में बच्चों की संख्या कम है। सालारपुर ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय सलारपुर में 113 बच्चे पंजीकृत हैं। इनमें से 77 बच्चे उपस्थित थे। चंदन नगर खरैर में 77 पंजीकृत छात्र छात्राओं 48 मिले। बरखिन प्राथमिक विद्यालय में 76 बच्चे नामांकित हैं। इनमें से 42 बच्चे उपस्थित थे। संविलयन विद्यालय यूसुफ नगर में पंजीकृत 372 बच्चों में 220 उपस्थित थे। वहीं प्राथमिक विद्यालय भटौली में पंजीकृत 72 बच्चों संख्या 43 बच्चे ही स्कूल पहुंचे थे। इन स्कूलों के शिक्षकों ने बताया कि स्कूल चलो अभियान के दौरान ग्रामीणों को बच्चों के लिए स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही घर घर जाकर बच्चों को लाने का प्रयास किया जा रहा है लेकिन ग्रामीण हैं कि बच्चों को स्कूल भेजने के लिए तैयार नहीं हैं।

- **शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए ग्रामीणों का भी सहयोग है अपेक्षित**



चंदन नगर खरैर स्कूल में पढ़ाते शिक्षक। ● अमृत विचार



प्राथमिक विद्यालय यूसुफ नगर में पढ़ाती सहायक अध्यापक। ● अमृत विचार



शिक्षक अपना काम पूरी जिम्मेदारी से कर रहा है। लेकिन ग्रामीण सहयोग नहीं कर रहे हैं। बच्चों को स्कूल तक लाने का भरकस प्रयास किया जा रहा है। लेकिन ग्रामीण अपने बच्चों को स्कूल भेजने के लिए तैयार नहीं हो रहे हैं।

**-राजकुमारी**, सहायक अध्यापक पूर्व माध्यमिक विद्यालय उनौला



स्कूल का पूरा स्टाफ गांव में भ्रमण कर बच्चों के घर पहुंच रहा है। लेकिन बच्चे घर पर नहीं मिल रहे हैं। पता चलता है कि वह अपने माता पिता के साथ खेत पर काम कर रहा है। बच्चों को स्कूल लाने का पूरा प्रयास है।

**-अंकिता पाठक**, प्रधानाध्यापक, प्राथमिक विद्यालय झंडपुर



सरकार द्वारा तमाम काम सौंप दिए हैं। उन्हें पूरा करने के साथ ही बच्चों को स्कूल लाने का प्रयास किया जा रहा है। ग्रामीण बच्चों की पढ़ाई के प्रति बिल्कुल भी चिंतित नहीं हैं। बच्चों को स्कूल भेजने के स्थान पर निजी का काम कराए जा रहे हैं।

**-वीना राठौर**, प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय तालगांव



अभी हाल में स्कूल ड्रेस का रुपया बच्चों के माता पिता के खातों में भेजा गया। उनसे बच्चों की ड्रेस आदि खरीदने के लिए गया। पता चला सारा पैसा निजी कार्य में खर्च कर लिया गया। बच्चे को पुरानी ड्रेस के पहना कर स्कूल भेजा जा रहा है।

**-कामिनी राठौर**, सहायक अध्यापक कंपोजिट विद्यालय की किसरुआ

### एक नजर

#### कॉलेज ने जारी की पहली मेरिट सूची

**बिल्सी।** इन दिनों एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के निर्देश पर महाराणा प्रताप राजकीय पीजी कॉलेज में सत्र 2024-25 में बीए प्रथम वर्ष की प्रवेश चल रही है। गुरुवार को कॉलेज ने सामान्य वर्ग की अपनी पहली मेरिट सूची जारी की। प्राचार्य डा.पंकज कुमार सिंह ने बताया कि सामान्य वर्ग पहली मेरिट सूची 84.20 से 55.20 प्रतिशत तक गई है। इस सूची में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राएं कल 12 से 15 जुलाई तक अपनी काउंसलिंग कराकर प्रवेश सुनिश्चित कर सकते है।

#### किशोरी के लिए परिजन लगा रहे थाने के चक्कर

**कुंवर गांव।** क्षेत्र की किशोरी को एक माह पूर्व अगवा कर लिया गया। उसकी मां ने थाने में नामजद तहरीर दी थी। एक मा बाद भी उसका सुराग नहीं लगा। पीडित परिवार थाने के चक्कर लगा रहा है। किशोरी मां का आरोप है कि बीती 13 जून को उसकी पुत्री घर के दरवाजे पर बैठी थी। गांव का ही युवक और उसका बहनोई कार लेकर आए और उसकी पुत्री को अगवाकर ले गए। शोर शराबा सुनकर किशोरी के परिजन मौके पर पहुंचे लेकिन तक आरोपी कार भगा कर ले गए। किशोरी के अगवा होने पर थाने में तहरीर दी है।

# जनसंख्या नियंत्रण दिवस पर निकाली जागरूकता रैली

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **सदर विधायक और डीएम ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**

**अमृत विचार:** विश्व जनसंख्या दिवस पर गुरुवार को राजकीय कन्या इण्टर कॉलेज के बच्चों ने जागरूकता रैली निकाली। उसे सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता और डीएम मनोज कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सदर विधायक ने कहा की स्वस्थ प्रदेश की परिकल्पना तभी पूर्ण होगी जब मां और शिशु दोनों स्वस्थ होंगे। डीएम ने कहा कि हम यह संकल्प लें कि परिवार नियोजन को खुशियों का विकल्प बनाएंगे।

#### पोस्टर प्रतियोगिता हुई

**बिल्सी।** भूदेवी वार्ष्णेय इंटर कॉलेज के प्राइमरी विभाग में विश्व जनसंख्या दिवस पर बच्चों ने आकर्षक पोस्टर बनाकर प्रदर्शित किया। थर्माकोल व चार्ट की सहायता से विश्व जनसंख्या की आकृति को बच्चों ने तैयार किया। प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार शर्मा ने बच्चों को विश्व जनसंख्या दिवस से हो रही हानियों से अवगत करायाविजय पाल सिंह, सीमा वर्मा, देव सिंह, लक्ष्मी शर्मा, अंशिका माहेश्वरी, अमित आदि मौजूद रहे।




पौधरोपण करते डीएम मनोज कुमार और सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता।

# बिजली घर मरम्मत का काम शुरू

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल के बिजली घर की मरम्मत का कार्य काफी दिनों से बंद है। बिजली घर में पिछले दिनों पहले कुछ मिट्टी डाल दी गयी, उसके बाद काम बंद कर दिया गया। गुरुवार को दो मजदूर फिर मिट्टी डालने पहुंचे, मरम्मत के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है।

जिला अस्पताल के बिजली घर में मई के महीने में आग लगने से केबल और तार जल गए थे। जिससे कई दिनों तक अस्पताल की सप्लाई बाधित रही। बिजली घर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में करीब दस लाख का नुकसान का आंकलन किया गया। अस्पताल प्रशासन ने दस लाख रुपए की मांग सरकार से की। जिसके बाद शासन द्वारा 9 लाख 97 हजार रुपए बिजली घर की मरम्मत को स्वीकृत कर दिए गए। बिजली घर की मरम्मत के नाम पर बारिश से पहले दो दिन दिन तक उसमें मिट्टी डाली गयी। बारिश होने के बाद काम बंद कर दिया गया। गुरुवार को दो मजदूर बिजली घर में मिट्टी डालने को भेजे गए। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि मिट्टी डाल कर उस पर पत्थर डाला जाएगा। मिट्टी डालने में करीब 12 दिन का समय लग गया। मात्र दो ट्राली मिट्टी 12 दिन में डाली गयी है। बिजली घर से एक केबल अस्पताल को बिजली सप्लाई होगी जबकि दूसरी केबल सरकारी आवासों को बिजली सप्लाई करेगी। दोनों जगहों को अलग अलग केबलों से बिजली सप्लाई देने के लिए कहा गया है जिससे बिजली घर की केबल पर लोड कम पड़े और आग लगने की घटना की पुनरावृत्ति न हो।



बिजली घर में डाली जा रही मिट्टी। ● अमृत विचार

- **बारिश के चलते पिछले दिन रोका गया था काम**

# बालक तथा बालिका वर्ग में छह स विजयी

**बदायूं,अमृत विचार :** मदर एथीना स्कूल में गुरुवार को कक्षा 6 के विद्यार्थियों के बालक बालिका वर्ग में हॉकी मैच का आयोजन किया गया। कक्षा 6 ब और स के बालकों के मध्य मैच में कि कक्षा 6 स के बालकों ने 3-0 से विजय हासिल की। इसके अतिरिक्त बालिका वर्ग में कक्षा 6 व और स के बालकों के मध्य फाइनल हुआ। जिसमें कि कक्षा 6 स की बालिकाओं ने 2-1 से जीत अपने नाम दर्ज की। इस संपूर्ण मैच का आयोजन खेल प्रशिक्षक ललित सिंह बजेठा एवं लाल बहादुर द्वारा किया गया।

विद्यालय की निदेशिका चयनिका सारस्वत ने बताया कि खेल विद्यार्थी के जीवन में शिक्षा का ही एक अभिन्न एवं अनिवार्य हिस्सा है। खेल विद्यार्थियों को जीवन में ऊर्जावान बनाने के साथ साथ उनके शारीरिक एवं मानसिक विकास में सहायक होते हैं। अतः हमें प्रत्येक शैक्षिक वर्ष के दौरान कक्षावार विविध खेल कक्षाओं एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन छात्र छात्राओं को करते रहते हैं।

# आनलाइन हाजिरी के विरोध में हस्ताक्षर अभियान



सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते शिक्षक संघ के पदाधिकारी। ● अमृत विचार



प्रदर्शन को संबोधित करते शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **शिक्षकों ने सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा सीएम को संबोधित ज्ञापन**
- **ऑनलाइन उपस्थिति का विरोध आदेश रद्द करने की कर रहे मांग**

**अमृत विचार:** ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में गुरुवार को शिक्षक संगठनों ने धरना-प्रदर्शन कर आदेश रद्द करने की मांग की। उन्होंने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम सदर को सौंपा। साथ ही ब्लॉक संसाधन केंद्र पर हस्ताक्षर अभियान चलाया।

प्राथमिक शिक्षक संघ ने मालवीय आवास गृह पर धरना-प्रदर्शन किया। संगठन के जिलाध्यक्ष संजीव शर्मा ने कहा कि शासन स्तर पर लंबे समय से शिक्षकों की मांगें लंबित हैं। जब तक उनका निराकरण नहीं किया जाएगा तब तक कोई भी शिक्षक ऑनलाइन हाजिरी देने को तैयार नहीं है।

जिला मंत्री उदयवीर सिंह यादव ने कहा कि शिक्षकों की निगरानी के लिए शिक्षा विभाग की पूरी टीम लगी है। इसके बाद भी ऑनलाइन हाजिरी थोपी जा रही है। पहले अन्य विभागों की ऑनलाइन हाजिरी ली जाए। उसके बाद शिक्षकों की उपस्थिति मांगी जाए। धरना प्रदर्शन में आयुष भारद्वाज, अरुण सक्सेना, अमित यादव, युधिष्ठिर सुमन, श्वेता आर्य, प्रीति राठौर, कामिनी राठौर, कुसुम सहित तमाम शिक्षक मौजूद रहे।

उन्होंने विरोध में मुख्यालय के साथ ही ब्लॉक संसाधन केंद्रों पर भी धरना प्रदर्शन किया गया। आनलाइन हाजिरी के विरोध में हस्ताक्षर अभियान चलाया जिसमें उन्होंने लंबित मांगों को पूरा करने के लिए मांग की। प्राथमिक शिक्षक संघ से संबद्ध अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार पांडेय के नेतृत्व में शिक्षकों ने कलक्ट्रेट में धरना दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की तमाम मांगें सरकार ने अभी तक पूरी नहीं कीं। उन्होंने आनलाइन हाजिरी का आदेश को रद्द करने की मांग करते हुए मुख्यमंत्री के नाम सिटी मजिस्ट्रेट अरुण कुमार को ज्ञापन सौंपा गया। इस मौके पर प्रेमानंद शर्मा, फरहत हुसैन, चक्रेश कुमार, विनोद कुमार, फूल बानो, भारत सिंह, मोरध्वज, मनीष शर्मा वरिष्ठ,विजय कुमार सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

# कब्जा मुक्त की जाए सोत नदी गोशाला में भेजे जायें गोवंश

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **भाकियू चढ़ूनी ने मासिक पंचायत के बाद किसानों की समस्याओं पर दिया ज्ञापन**

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) की मासिक पंचायत मालवीय आवास गृह पर हुई जिसमें किसानों की समस्याओं से संबंधित सात सूत्रीय ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा गया।

पंचायत को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष सतीश साहू ने कहा किसान गोवंशों से बहुत परेशान हैं। गोवंश खेतों में फसलें नष्ट कर रहे हैं। उन्हें गोशाला में पहुंचाया जाए। साथ में सांड़ों को भी पकड़ा जाए। संचालित गौशालाओं का निरीक्षण किया जाए।गोशालाओं में गौवंशों की अधिक संख्या दिखा कर सरकारी धन हड़पा जा रहा है। इसकी जांच की जाए। निजी नलकूपों के बिल माफ किए जाएं। प्राइवेट स्कूलों में भारी भरकत किताबों कापी और ड्रेस की बिक्री पर रोक लगायी जाए।

इस मौके पर आरिफ रजा, इरफान, सुनील झा, अजव सिंह, अजीत महेश्वरी, जान मोहम्मद, रामदास, कल्लू, रामेश्वर, इरशाद, अरशद खा,मुन्नी देवी, सत्य पाल, सिद्धार्थ यादव, आदि किसान मौजूद रहे।

# निरीक्षण में सफाईकर्मी अनुपस्थित मिले

**विजय नगला,अमृत विचार:** संचारी रोग अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई अभियान का शुभारंभ हो गया है। बीडीओ ने कई गांवों का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था को परखा। दौरान एडीओ पंचायत को दस सफाई कर्मचारी अनुपस्थित मिले। इन्हें नोटिस जारी किया गया है।

ब्लॉक सलारपुर क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में टीम के द्वारा सफाई अभियान चलाया रहा है। सफाई अभियान की सत्यता जानने के लिए सहायक खंड विकास अधिकारी ने द्वारा ग्राम पंचायत बरखेड़ा, सल्लनगर, गुलडिया का निरीक्षण किया। इन ग्राम पंचायतों में सफाई कार्य में लगाए गए दस सफाई कर्मचारी अनुपस्थित मिले।

# कार्यक्रम में मतदाताओं का जताया आभार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी विधानसभा वार मतदाता अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इसमें बदायूं विधानसभा क्षेत्र का मतदाता अभिनन्दन कार्यक्रम भाजपा कार्यालय पर और सहसवान विधानसभा का गंगा कोल्ड स्टोरेज इस्लामनगर में आयोजित किया गया।

क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य ने कहा भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है। पार्टी ने अपने संकल्प पत्र, मोदी तथा योगी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के आधार पर जनता के बीच जाकर चुनाव लड़ा जबकि इंडिया गठबंधन ने आरक्षण को खत्म करने का दुष्प्रचार कर झूठ का सहारा लेकर, झूठे वादे करके जनता से वोट मांगा। जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा सभी कार्यकर्ता व समर्थक बधाई के पात्र हैं। पूर्व मंत्री व सदर विधायक महेश चन्द्र गुप्ता ने कहा भाजपा की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है। संचालन जिला महामंत्री सुधीर श्रीवास्तव ने किया। इस मौके पर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अशोक भारतीय, सोवरन सिंह राजपूत, विश्वजीत गुप्ता, अंकित मौर्य, डॉ आशीष शर्मा, आशीष शाक्य, मनोज गुप्ता, जितेन्द्र साहू, धीरेंद्र सिंह, अनुज सक्सेना आदि रहे।




मतदाता अभिनंदन कार्यक्रम में बोलते क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य।

#### पढ़ाई के प्रति लोगों को किया जागरुक, दिलाई शपथ

**बदायूं,अमृत विचार :** समग्र विकास संस्थान टीम द्वारा विकास खण्ड म्याऊं व उसावां पर बालिका शिक्षा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम किया गया। जिसमें संस्था के पदाधिकारियों ने बच्चों को स्कूल भेजने के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया। साथ ही शपथ दिलाई। संस्था के सुपरवाइजर हीरेन्द्र सिंह द्वारा ग्रामीणों को शिक्षा के महत्व से अवगत कराया। इस अवसर पर हीरेन्द्र सिंह, शशि शाक्य, ढाकन सिंह व कान्ति देवी आदि मौजूद रहे।









#### अस्पताल में खुलेगा संपूर्ण सुरक्षा केंद्र, अभ्यर्थियों के हुए साक्षात्कार

# अब जिले में ही एड्स की जांच और इलाज की मिलेगी सुविधा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में अब एड्स रोगियों की जांच और उपचार होगा। इसके लिए संपूर्ण सुरक्षा केंद्र खोला गया है। इसके लिए तीन पदों पर नियुक्ति होनी है जिसके लिए आज साक्षात्कार लिए गए। साक्षात्कार के परिणाम की घोषणा तीन दिन के अंदर कर दी जाएगी।

शासन के निर्देश पर जिला अस्पताल में संपूर्ण सुरक्षा केन्द्र खोला जाएगा। केंद्र पर एक मैनेजर की तैनाती होगी जबकि दो पद आउट रीच वर्कर के होंगे। यह तीनों पद लोक स्मृति सेवा संस्थान के माध्यम से भरे जाएंगे। लोक स्मृति सेवा संस्थान की ओर से जिला अस्पताल में संपूर्ण सुरक्षा केंद्र खोला जा रहा है। तीनों पद संस्थान द्वारा संचालित किए जाएंगे। गुरुवार को इन पदों के लिए साक्षात्कार लिया गया। संपूर्ण सुरक्षा केन्द्र के मैनेजर पद के लिए दो अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था, जबकि आउट रीच वर्कर के लिए 13 युवकों ने आवेदन किया था। इन पदों केक लिए साक्षात्कार लेने वालों में जिला अस्पताल के सीएमएस डा. कप्तान सिंह, जिला क्षय रोग अधिकारी डा विनेश कुमार, डा. मिति गुप्ता के साथ लोक स्मृति सेवा संस्थान के डायरेक्टर आलोक वर्मा, और विनीता पांडे मौजूद रहीं। सभी अभ्यर्थियों का साक्षात्कार करीब चार घंटे चला, अब साक्षात्कार का परिणाम लोक स्मृति सेवा संस्थान द्वारा तीन दिन के अंदर घोषित कर दिया जाएगा।



जिला अस्पताल में साक्षात्कार लेते सीएमएस व संस्था के पदाधिकारी।

- **मैनेजर एक पद, आउट रीचवर्क के दो पदों को लिये साक्षात्कार**

#### यहां पर यह होगी सुविधा

केंद्र एक्सरे रूम के बराबर में खोला जाएगा। संपूर्ण सुरक्षा केंद्र पर ब्लड की जांच करने के लिए मशीन लगाई जाएगी। ब्लड रिपोर्ट के आधार पर यहां पर उपचार किया जाएगा। एड्स रोगियों के नाम और पता गोपनीय रखा जाएगा। केंद्र के अंदर अन्य किसी को नहीं जाने दिया जाएगा। केंद्र के स्टाफ और संस्थान के अधिकारी तथा जिला अस्पताल प्रशासन के अधिकारी ही इसमें प्रवेश कर पाएंगे जबकि अन्य लोगों को इसके अंदर नहीं जाने दिया जाएगा। जिन लोगों को एड्स रोग की जांच करानी है तो वह लोग यहां पर अपने ब्लड की जांच करा सकेंगे। किसी को एड्स होने की पुष्टि होने के बाद उसका इलाज यहां पर किया जाएगा। केंद्र पर एड्स रोगियों के उपचार की पूरी व्यवस्था रहेगी। जिला अस्पताल प्रशासन की देखरेख में उपचार किया जाएगा।

# लक्ष्य निर्धारित, 24 हजार ग्रामीणों को मिलेंगे शौचालय

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्रामीणों से शौचालय के लिए मांगे जा रहे आवेदन**

**अमृत विचार:** इस वित्तीय वर्ष में 24 हजार से अधिक ग्रामीणों को शौचालय मुहैया कराए जाएंगे। शासन ने पंचायती राज विभाग के लिए लक्ष्य निर्धारित कर दिया है। विभाग में 13 हजार लोगों ने आवेदन किया है। इनका सत्यापन किया जा रहा है।

पंचायती राज विभाग को इस वर्ष योजना के तहत शासन की ओर से 24,142 शौचालय बनाने का लक्ष्य दिया गया है जो कि पिछले साल से 684 कम है। लक्ष्य की पूर्ति के लिए आवेदन की प्रक्रिया चल रही है।

अब तक विभाग को 13 हजार आवेदन प्राप्त हुए हैं। उनका सत्यापन किया जा रहा है। इनकी सत्यापन प्रक्रिया पूरी होने के बाद मंजूरी के लिए अग्रसारित कर दिया गया है। लक्ष्य के सापेक्ष सभी सचिवों को शौचालय के लाभार्थियों का चयन कर आवेदन कराने के निर्देश दिए गए हैं। विभागीय कर्मचारियों के अनुसार प्राप्त आवेदन सत्यापन कराया जा रहा है। इसके बाद लाभार्थियों को 12 हजार रुपये दो किस्तों में मुहैया कराए जाएंगे। सचिव द्वारा जियो टैगिंग के बाद ही दूसरी किस्त जारी की जाएगी।

> विभाग को शौचालय बनाने के लिए 24 हजार से अधिक का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। अब तक 13 हजार आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनका सत्यापन कराया जा रहा है। लक्ष्य की शत-प्रतिशत पूर्ति के लिए सचिवों के लिए आदेशित किया गया है।
>
> **-यावर अब्बास**, डीपीआरओ






# परिजनों से खतरा बता पहुंची प्रेमी के घर

संवाददाता, म्याऊं

- युवती को घर ले जाने की कोशिश कर रहे परिजन
- दोनों पक्षों की बात होने पर भी नहीं सुलझ सका मामला

**अमृत विचार :** परिजनों से जान का खतरा बताते हुए एक युवती प्रेमी के घर पहुंच गई। दोनों अधिवक्ता के पास गए जहां युवती के परिजन उसे ले जाने की कोशिश करने लगे। दोनों पक्षों की बात हुई लेकिन युवती अपने परिजनों के साथ जाने को तैयार नहीं है।

एक युवक का बरेली के फतेजगंज पूर्वी की युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों ने दिल्ली में शादी की थी और वहीं रहने लगे थे। परिजनों के दवाब में युवक प्रेमिका को लेकर गांव आ गया। मंगलवार को प्रेमिका उसके परिजनों को सौंप दी गई। युवती अपने घर पहुंची और बुधवार को फिर से प्रेमी के घर आ गई। उसने आरोप लगाया कि परिजन उसकी हत्या कर आत्महत्या दिखाने की योजना बना रहे थे। गुरुवार को प्रेमी-प्रेमिका तहसील दातागंज पहुंचे और अधिवक्ता से सलाह ले रहे थे। तभी युवती के परिजन आ गए और उसे जबरन ले जाने की कोशिश करने लगे। वादकारियों ने विरोध किया और पुलिस को सूचना दी। अनहोनी की आशंका में प्रेमी को हटा दिया गया। पुलिस प्रेमी-प्रेमिका को कोतवाली ले गई। दोनों के परिजनों की बात कराई गई। युवती ने परिजनों से जान का खतरा बताते हुए कहा कि दोनों की जाति अलग-अलग होने की वजह से परिजन शादी करने को तैयार नहीं हैं। कुछ देर बाद अधिवक्ता भी कोतवाली पहुंचे। उन्होंने लड़की का कोर्ट में बयान कराने की मांग की। देर शाम तक मामला नहीं निपटा था। दातागंज कोतवाल अरिहंत कुमार सिद्धार्थ ने बताया कि दोनों पक्ष के बीच बात हुई थी। अगर तहरीर आई तो कार्रवाई की जाएगी।

## लेखपाल को अनुशासनहीनता पर मिला सेवा समाप्ति का नोटिस, दो दिन में देना है जवाब

# एक दिन नौकरी नहीं की, सेवासमाप्ति की तलवार लटकी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- जवाब नहीं देने या फिर संतोषजनक नहीं होने पर की जाएगी लेखपाल को बर्खास्त करने की कार्रवाई
- नियुक्ति पत्र वितरण के दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री और डीएम के सामने की थी अनुशासनहीनता

**अमृत विचार :** नियुक्ति पत्र लेते ही लेखपाल को सेवा समाप्ति का नोटिस जारी कर दो दिन में जवाब देने के लिए कहा गया है। जवाब नहीं देने पर या जवाब संतोषजनक नहीं होने पर विभाग उसके ऊपर सेवा समाप्ति की कार्रवाई करेगा। लेखपाल ने बुधवार को नियुक्ति पत्र वितरण के दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री और डीएम के समक्ष व्यंग्यात्मक लहजे में नाश्ता नहीं मिलने की शिकायत की थी।

इसे कहते हैं सिर मुंडाते ही ओले पड़ना। नियुक्ति के बाद एक दिन भी लेखपाल की नौकरी कर नहीं सके और सेवासमाप्ति की तलवार लटक गई। कलेक्ट्रेट में बुधवार को केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा और डीएम मनोज कुमार ने जनपद में नव चयनित 110 लेखपालों को नियुक्ति पत्र बांटे।

महेंद्र सिंह की पोस्टिंग सदर तहसील क्षेत्र के गांव रियोनइया में करते हुए नियुक्ति पत्र दिया गया था। लेखपालों में खुशी का माहौल था। एक-दूसरे को शुभकामनाएं दे रहे थे। इसी दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री और डीएम के सामने नाश्ता रखा गया। उन्होंने नाश्ता शुरू ही किया था कि नवनियुक्त लेखपाल महेंद्र सिंह अचानक उनके समक्ष पहुंचे और कहने लगे कि आप निष्पक्ष काम करने की बात कहते हैं, लेकिन जब आप ही निष्पक्ष नहीं हैं तो हम कैसे निष्पक्ष काम करेंगे। आप लोग नाश्ता कर रहे हैं, जबकि सभी लेखपाल यूं ही बैठे हुए हैं। यह तो पक्षपात है। लेखपाल के आचरण को देखते हुए डीएम ने नाराजगी जताते हुए अपने स्थान पर बैठने को कहा। इसके बाद केंद्रीय राज्यमंत्री और डीएम वहां से चले गए।

डीएम के आदेश पर एसडीएम सदर एसपी वर्मा ने लेखपाल का जवाब तलब किया है। उन्होंने बताया कि लेखपाल को अनुशासनहीनता करने पर सेवा समाप्ति का नोटिस जारी किया गया है। निर्धारित समय में नोटिस का जवाब न देने या संतोषजनक जवाब न देने पर सेवा समाप्ति की कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### पानी भरी खंती में गिरी ट्रैक्टर-ट्राली, जाम लगा



**विजय नगला।** गल्ला व्यापारी कोतवाली दातागंज क्षेत्र के गांव सिरसा निवासी राधेश्याम ने थाना बिनावर क्षेत्र के गांव सिकरोड़ी से 50 कुंतल गेहूं खरीदा था। उसे ट्राली पर लोड कराकर बेचने बरेली के कस्बा देवचरा में लगने वाली साप्ताहिक बाजार जा रहे थे। गांव सिकरोड़ी की नहर के पास ट्रैक्टर–ट्राली अनियंत्रित हो गई और पानी भरी खंती में पलट गई। जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई।

### बारिश में गिरा मकान मलबे में दबा सामान

**दबतरा।** बिसौली कोतवाली के ग्राम पंचायत परसिया में साधु सिंह का मकान कच्चा था। गत दिवस बारिश में गिर गया। कोई जनहानि नहीं हुई लेकिन सारा सामान मलबे में दब गया। साधू सिंह गरीब हैं। जब मकान गिरने की आवाज आई तो गांव के लोग मौके पर पहुंचे। हालांकि उस समय साधू सिंह मकान के बाहर खड़े थे जबकि परिवार के लोग बाहर गए हुए थे। मकान गिरने से साधु सिंह के घर का सामान मलबे में दब गया जिससे उनका करीब पचास हजार का नुकसान हो गया।

# तीन प्रधानाध्यापक को किया निलंबित

## बीएसए ने विद्यालयों के निरीक्षण में बच्चों की कम उपस्थिति मिलने पर की कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र कुमार सिंह ने गुरुवार को विकास क्षेत्र कादरचौक के परिषदीय विद्यालयों का निरीक्षण किया। विद्यालयों में स्टाफ अनुपस्थित मिले जिनके वेतन और मानदेय कटौती की गई है। विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति कम मिली। प्रधानाध्यापकों के साथ शिक्षकों को भी निर्देशित किया वह भी नामांकन बढ़ाने में सहयोग करें। विद्यालय निर्धारित समय से 15 मिनट पहले और 30 मिनट के बाद बंद किए जाएंगे। कम उपस्थिति मिलने पर तीन प्रधानाध्यापकों को निलंबित किया गया है। बाकी के स्टाफ का वेतन और मानदेय रोका गया।



पंजिका चेक करते बीएसए वीरेंद्र कुमार सिंह। ● अमृत विचार

संविलियन विद्यालय भूड़ा भदरौल में सुबह 8:27 पर निरीक्षण हुआ। इंचार्ज प्रधानाध्यापक बृजेश कुमार यादव, शिक्षक प्रबल प्रताप सिंह, अशोक कुमार, हतेंद्र सिंह तोमर, अनुदेशक उदयवीर सिंह, बलराम सिंह अनुपस्थित मिले। नामांकन के सापेक्ष बच्चों की उपस्थिति कम थी। उच्च प्राथमिक विद्यालय गुलाबगंज में अनुदेशक संजीव कुमार अनुपस्थित थे। विद्यालय में 132 छात्र-छात्राओं का नामांकन था जबकि विद्यालय में एक ही बच्चा मौजूद मिला। मध्याह्न भोजन पंजिका में बच्चों की संख्या ज्यादा अंकित की गई थी। इंचार्ज प्रधानाध्यापक अरुण कुमार को निलंबित किया गया। बाकी के स्टाफ का वेतन और मानदेय रोका। प्राथमिक विद्यालय ललसीनगला में 136 के सापेक्ष मात्र 3 बच्चे उपस्थित मिले। प्रधानाध्यापक राना रजिया को निलंबित और व्यवस्थाएं सुधरने तक बाकी के स्टाफ का वेतन व मानदेय रोका गया। संविलियन विद्यालय कौआ नगला के अनुदेशक जितेंद्र कुमार, शिक्षामित्र मीरा देवी अनुपस्थित मिले जिनका मानदेय रोका गया। 284 के सापेक्ष 61 बच्चे उपस्थित मिले। प्राथमिक विद्यालय इंद्राई में अनुदेशक संजीव कुमार अनुपस्थित थे। 132 के सापेक्ष एक ही बच्चा विद्यालय आया था। पंजिका में संख्या ज्यादा दर्शाई गई। इंचार्ज प्रधानाध्यापक मोहित सोलंकी को निलंबित कर पूरे स्टाफ का वेतन और मानदेय रोका गया।

- बाकी स्टाफ का वेतन और मानदेय रोका गया, अनियमितता मिलने पर हुए नाराज

> गुरुवार को विद्यालयों का निरीक्षण किया गया था। कुछ विद्यालयों में लापरवाही सामने आई। इसके चलते तीन प्रधानाध्यापकों को निलंबित किया गया है। निरीक्षण लगातार जारी रहेगा। अनियमितता बरतने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
> – **वीरेंद्र कुमार सिंह**, बीएसए।

## डांस करने के दौरान भिड़े मेहमान, दो घायल

**विजय नगला,अमृत विचार :** डांस के दौरान कुछ लोगों में विवाद हो गया जिसमें लाठी-डंडे चले और भगदड़ मच गई। इसमें दो लोग घायल हो गए। पीड़ितों ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

थाना बिनावर क्षेत्र के गांव ओझा में बुधवार रात ओमवीर के बेटा का मंडप था। गुरुवार को बारात जानी थी। मेहमानों की दावत चल रही थी तो कुछ लोग डीजे पर डांस कर रहे थे। परिवार की महिलाएँ भी डांस कर रही थीं। किसी बात को लेकर मेहमानों में झगड़ा हो गया। वह आपस में भिड़ गए। लाठी-डंडे चले। मौके पर चीख पुकार मच गई। दावत खाने आए बिल्सी निवासी मुकेश कुमार समेत दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस पहुंची। दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। तहरीर प्राप्त होने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक केके शर्मा ने डीजे पर डांस करने को लेकर विवाद हुआ था। एक पक्ष के दो युवक घायल हुए थे। जिन्हें भर्ती कराया गया है। जांच की जा रही है।

# सड़क हादसे में बाइक सवार संभल के युवक ने दम तोड़ा

संवाददाता, ओरछी

**अमृत विचार :** सड़क हादसे में संभल का युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों को जानकारी देकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। जानकारी होते ही परिवार में कोहराम मच गया।

जिला संभल के थाना असमोली के गांव सदीरनपुर निवासी तोताराम (40) पुत्र राम प्रसाद बुधवार देर शाम बाइक से अपनी ससुराल थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव मन्नू नगर निवासी खमानी के घर जा रहे थे। आसफपुर-शाहबाद मार्ग स्थित सिद्ध बाबा पुल वाले महाराज मंदिर के पास किसी वाहन से उनकी बाइक को टक्कर लग गई और वह गंभीर रूप से घायल हो गए। वह खून से लथपथ होकर सड़क पर पड़े रहे जबकि बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। राहगीरों ने पुलिस को सूचित किया तो आसफपुर चौकी पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। घायल को आसफपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया गया जहां से उन्हें जिला अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई।


हादसे के बाद पड़ी युवक की क्षतिग्रस्त बाइक।

- आसफपुर-शाहबाद मार्ग पर किसी वाहन ने मारी थी टक्कर

# आधार कार्ड बनाने में बदायूं का प्रधान डाकघर प्रदेश में प्रथम

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** शहर में हजारों लोगों के आधार अभी नहीं बन सके हैं। तमाम लोगों के आधार में त्रुटियां हैं। इसके बाद भी प्रधान डाकघर को आधार बनाने के मामले में प्रदेश में प्रथम स्थान मिला है। डाक विभाग के अधिकारी इसे नियमित मॉनिटरिंग का परिणाम बता रहे हैं।



लखनऊ में पोस्टमास्टर को शील्ड प्रदान करते चीफ पोस्टमास्टर।

आधार कार्ड अब हर नागरिक के जरूरी हो गया है। इसी के द्वारा लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। साथ ही आधार लोगों की पहचान भी बन गया है। बने ज्यादातर आधार कार्ड में त्रुटि आ रही हैं। हजारों लोग ऐसे हैं जिनके आधार में त्रुटियां हैं। वर्तमान समय में प्रधान डाकघर में बच्चों के आधार बनाने और बड़ों के में संशोधन का काम किया जा रहा है। जहां रोजाना सैकड़ों की भीड़ जुट रही है। डाकघर विभाग के अधिकारियों का दावा है यहां पर दो काउंटर खोले गए हैं। इन पर प्रतिदिन सौ से अधिक लोगों के आधार बनाने और उनमें संशोधन का काम चल रहा है। प्रधान डाकघर के पोस्ट मास्टर एनके अग्रवाल ने बताया कि आधार कार्ड बनाने में प्रधान डाकघर को प्रदेश में प्रथम स्थान मिला है। यह पुरस्कार उन्हें लखनऊ स्थित विभाग के पोस्ट मास्टर जनरल द्वारा प्रदान किया गया। बताया कि प्रदेश में प्रथम स्थान पर आने पर यह हमारे नियमित मॉनिटरिंग का नतीजा है। उपभोक्ताओं की सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जाता है।

- डाकघर में आने वाले लोगों के बन रहे आधार, हो रहे संशोधन

# बच्चेदानी निकालने के आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर किया प्रदर्शन

संवाददाता, बिनावर

- नेताओं के संरक्षण का लगाया आरोप प्रभारी निरीक्षक से आश्वासन मिलने पर लौटे वापस
- स्थिति गंभीर होने पर दूसरे अस्पताल में भर्ती कराने पर बच्चेदानी निकालने की हुई थी निकारी

**अमृत विचार :** बच्चेदानी निकालने के आरोपी चिकित्सक की गिरफ्तारी नहीं होने पर प्रसूता के परिजनों ने थाने पर प्रदर्शन किया। उन्होंने नेताओं के संरक्षण की वजह से कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया। प्रभारी निरीक्षक से कार्रवाई का आश्वासन मिलने पर परिजन शांत होकर चले गए।

मूसाझाग थाना क्षेत्र के गांव सहौरा निवासी लीलावती ने बिनावर पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि प्रसव पीड़ा होने पर उन्होंने अपनी बहू फूलवती उर्फ निशा पत्नी हेम सिंह को बिनावर क्षेत्र के शुभ कृष्णा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। जहां डॉ. पूनम ने पहले सामान्य प्रसव बताकर भर्ती किया और बाद में मामला गंभीर बताकर डराते हुए ऑपरेशन करने की बात कहने लगीं। उन्होंने परिजनों से 28 हजार रुपये भी ले लिए। फूलवती का ऑपरेशन कर दिया गया लेकिन नवजात की मौत हो गई। बहू की हालत गंभीर होने पर उसे लेकर वह बरेली के अस्पताल गईं। जहां चिकित्सक ने बताया कि फूलवती की बच्चेदानी नहीं होने की बात बताई। लीलावती की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी चिकित्सक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की लेकिन अभी तक गिरफ्तारी नहीं की गई है। इससे नाराज परिजनों ने थाना बिनावर के सामने हंगामा किया। पुलिस पर नेताओं के संरक्षण की वजह से गिरफ्तार नहीं करने का आरोप लगाया। कहा कि स्वास्थ्य विभाग ने भी चिकित्सक पर कार्रवाई नहीं की है। प्रभारी निरीक्षक केके शर्मा ने बताया कि एक उपनिरीक्षक जांच कर रहे हैं। वह छुट्टी पर हैं। उनकी आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



थाना बिनावर गेट पर प्रदर्शन करते प्रसूता के परिजन व अन्य।

# जानलेवा हमले के दो आरोपी सदाचरण परिवीक्षा पर रिहा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- दोनों के अधिवक्ताओं की ओर से उनके बचाव में अच्छे आचरण का दिया था आश्वासन

**अमृत विचार :** न्यायिक मजिस्ट्रेट ने जानलेवा हमले में दो आरोपियों को दोषी माना। अधिवक्ता ने कोर्ट को दोनों के अच्छे आचरण का आश्वासन दिया। जिसके बाद कोर्ट ने दोनों को छह महीने के सदाचरण परिवीक्षा पर रिहा कर दिया है। इससे उनके परिवार वालों में खुशी जाहिर की है।

मामला फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव हबीबपुर का है। यहां के रहने वाले राम किशोर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि खेत की सिंचाई के पानी को लेकर गांव के ही राधेश्याम और रामसेवक से उनकी कहासुनी हो गई है। इसके बाद दोनों के बाद विवाद हो गया था। आरोप था कि उक्त लोगों ने राम किशोर से मारपीट की। विरोध करने पर तमंचे निकालकर गोली मारी। गोली उनके पैर में लगी थी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके विवेचना की। मामला बिसौली न्यायिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय में चल रहा था। कोर्ट में राम किशोर, चश्मदीद के अलावा डॉ. एके वर्मा के भी बयान हुए थे। न्यायिक मजिस्ट्रेट पंकज कुमार पांडेय ने सहायक अभियोजन अधिकारी अनुज कुमार शर्मा और बचाव पक्ष के अधिवक्ता को सुना। दोनों पक्ष की दलील सुनने के बाद कोर्ट ने दोनों आरोपियों को दोषी माना था। अभियोजन अधिकारी ने ज्यादा से ज्यादा सजा की मांग की। वहीं बचाव पक्ष ने कहा कि आरोपियों पर कभी भी दोषी सिद्ध नहीं हुआ है और परिवीक्षा की मांग की। न्यायिक मजिस्ट्रेट ने आरोपी राधेश्याम और रामसेवक को छह माह तक सदाचरण बनाए रखने का आदेश दिया। साथ ही चेतावनी भी दी कि सदाचरण में कमी आई तो दोनों को दंडित किया जाएगा।

## घर में घुसकर मानसिक मंदित महिला से दुष्कर्म


**बिसौली ,अमृत विचार :** शराब के नशे में धुत एक युवक ने मानसिक मंदित महिला के घर में घुसकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। महिला ने विरोध किया और चिल्लाई तो उसका बेटा पहुंच गया। उसने पकड़ने का प्रयास किया लेकिन वह भाग निकला। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और आरोपी को पकड़ लिया।

मामला कोतवाली बिसौली क्षेत्र के एक गांव का है। गुरुवार दोपहर तीन बजे क्षेत्र का एक युवक मानसिक मंदित महिला के घर में घुस आया। उस समय घर में महिला अकेली थी। उसके बच्चे और पति बाहर थे। उसने महिला को दबोच लिया और दुष्कर्म करने लगा। महिला ने शोर मचाया तो उसका बेटा आ गया। बेटे के आने पर आरोपी भाग निकला। परिजनों ने डायल 112 पुलिस को सूचना दी तो पुलिस गांव आ पहुंची। तब तक मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने आरोपी की तलाश की गांव के पास से उसे पकड़ लिया और कोतवाली ले गई। पीड़िता के पति ने बताया कि वह एक शादी में खाना बनाने गया था और बच्चे खेत पर थे। परिजनों ने तहरीर दे दी है।

# महिलाओं ने पंचायत कार्यालय पर किया प्रदर्शन, चेयरमैन के आश्वासन पर मानीं

संवाददाता, कछला

**अमृत विचार:** नगर के वार्ड एक में काफी समय से जलभराव की समस्या बनी हुई है। बरसात के मौसम में जलभराव अधिक होने से आवागमन बंद हो जाता है। जिससे लोगों के आने जाने में दिक्कत होती है। इस समस्या का निस्तारण करने की मांग करते हुए मोहल्ले की महिलाओं ने नगर पंचायत कार्यालय गेट पर धरना प्रदर्शन किया। लेकिन उनकी समस्याओं का निस्तारण न कर्मचारियों ने गेट बंद कर लिया। चेयरमैन ने पहुंचकर महिलाओं को समस्या का निदान करने का आश्वासन दिया।


नगर पंचायत कार्यालय गेट पर प्रदर्शन करती महिलाएंसंवाददाता, कछला ।

- जलभराव की समस्या निस्तारण को लेकर महिलाएं कर रहीं थी मांग, कर्मचारियों ने किया गेट बंद

गंगा देवी, भगवान देवी, ओमवती, सुखदेवी, जयदेवी, महादेवी, शकुंतला, अनीता व प्रीती ने सभासद सुनील कुमार को साथ लेकर नगर पंचायत कार्यालय पर प्रदर्शन किया। महिलाओं का कहना था कि मार्ग में जलभराव होने से आवागमन बाधित है। बच्चे स्कूल नहीं जा रहे हैं। इसी मार्ग पर नगर के प्रसिद्ध दुर्गा माता मंदिर पर पूजा करने वालों को भी गंदगी से होकर गुजरना पड़ता है। अत्यधिक जलभराव, व गंदगी के चलते बीमारियां फैलने का खतरा भी है। बीते बुधवार को बिजली का तार टूटकर गिरने से दो बंदरों की मौत भी हो चुकी है। इन तमाम समस्याओं का निस्तारण नहीं हो रहा है। महिलाओं के द्वारा प्रदर्शन करने पर पंचायत कार्यालय का गेट बंद कर लिया। काफी देर बाद पंचायत चेयरमैन जगदीश सिंह ने महिलाओं को समस्याओं का निस्तारण करने का आश्वासन दिया। इसके बाद वह वहां से हटीं। ईओ अब्दुल सबूर ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है। बजट की समस्या के चलते रोड नहीं बन पा रहा है। बजट मिलते ही रोड बनवा दिया जायेगा।

**अनियमितता** अपराध निरीक्षक, सिपाही और उसके बाद चौकी इंचार्ज रंगे हाथ पकड़े गये

# दो महीने में पकड़ा भ्रष्टाचार का चौथा मामला

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- 28 मई , 21 और 26 जून को भी पकड़े गए थे रिश्वतखोरी के मामले

**अमृत विचार :** एंटी करप्शन टीम के लगातार कार्रवाई करने के बाद भी थानों में भ्रष्टाचार नहीं थम रहा है। आए दिन रिश्वत लेने के मामले सामने आ रहे हैं। आरोपियों को डराकर अवैध वसूली की जा रही है। भ्रष्टाचार का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि एंटी करप्शन टीम ने रिश्वत लेने का यह चौथा मामला पकड़ा है। टीम ने 28 मई को इस्लामनगर की अपराध निरीक्षक, 21 जून को कादरचौक के सिपाही, 26 जून को दातागंज के तहसीलदार के पेशकार और 11 जुलाई को चौकी इंचार्ज को पकड़ा है। इन मामलों में आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज करके जेल भेजा जा चुका है।

पहला मामला थाना इस्लामनगर की तत्कालीन अपराध निरीक्षक सिमरजीत कौर का है। 10 अप्रैल को उघैती थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने इस्लामनगर थाना क्षेत्र निवासी रवेंद्र शर्मा पर 40 लाख रुपये की धोखाधड़ी और दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रवेंद्र शर्मा की पत्नी ने रिपोर्ट दर्ज कराने वाली महिला पर पांच लाख रुपये रंगदारी मांगने और आईटी एक्ट में रिपोर्ट दर्ज कराई जिसकी विवेचना सिमरजीत कौर के पास थी। जांच में उन्हें महिला के पास कोई सबूत नहीं मिला और उन्होंने फाइनल रिपोर्ट (एफआर) लगाने के लिए दो लाख रुपये की मांग की। महिला ने उन्हें एक लाख रुपये दे दिये। शेष एक लाख रुपये देने का दवाब बनाया तो उसने एंटी करप्शन टीम से शिकायत कर 28 मई को 50 हजार रुपये लेते उन्हें पकड़वा दिया।

कादरचौक थाने के सिपाही प्रवेंद्र सिंह को भी गांव कादरबाड़ी के लायक अली ने 21 जून को एंटी करप्शन टीम से पकड़वाया। सिपाही के दारोगा महेश का नाम लेने पर उनके खिलाफ भी रिपोर्ट दर्ज हुई थी। सिपाही को जेल भेजा गया था।

26 जून को दातागंज क्षेत्र के गांव केशोपुर कला निवासी नंद किशोर पुत्र जगदीश से गलत दर्ज हुई विरासत सही करने के लिए तहसीलदार का पेशकार राजेश कुमार शर्मा 20 हजार रुपये मांग रहा था। असमर्थता जताने पर पेशकार ने कहा कि कम से कम 5 हजार रुपये तो देने ही होंगे। दवाब बनाने पर नंद किशोर ने एंटी करप्शन से शिकायत की। टीम ने 26 जून को पेशकार को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। जिसके बाद अब गुरुवार को टीम ने चौकी इंचार्ज को रुपये लेते पकड़ा है।

# सड़क तोड़कर बनाए जा रहे नाले का मोहल्ले वालों ने किया विरोध


प्रदर्शन करते मोहल्ले के लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, उझानी

- ठेकेदार पर लगाया मनमानी का आरोप, बोले सड़क की चौड़ाई हो जाएगी कम

**अमृत विचार:** मोहल्ला अहिरटोला बिल्सी नाका पुलिस चौकी पर सड़क तोड़ कर बनाए जा रहे नाले के लोगों ने विरोध किया। उन्होंने ठेकेदार पर मनमानी का आरोप लगाया।

संजीव यादव, सतेन्द्र यादव, योगराज सिंह, श्याम यादव, राजेश्वर ने बताया ठेकेदार सड़क के दोनों तरफ डेढ-डेढ फिट सड़क तोड़कर नाले का निर्माण हो रहा है। जिससे सड़क संकरी हो जाएगी। ठेकेदार को बिना सड़क तोडे नाले का निर्माण करना चाहिए। कहा कि बिल्सी नाका पुलिस चौकी मोड़ से होली चौक तक सड़क का उच्चीकरण करके निर्माण कराना चाहिए। जिससे बारिश के दिनों में जलभराव न हो। इधर, ठेकेदार स्नेह उपाध्यक्ष ने बताया नाला निर्माण पालिका के आदेशानुसार हो रहा है। सड़क नगर पालिका की है बिना तोड़ें नाला निर्माण संभव नहीं। मोहल्ले वासियों को दिक्कत हो रही हो तो उन्हें नगर पालिका परिषद चेयरमैन से शिकायत दर्ज करानी चाहिए।

# बाढ़ के पानी से कटी पुलिया, मार्ग क्षतिग्रस्त

## आवागमन बाधित, प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीण परेशान, घट रहा गंगा और रामगंगा का जलस्तर

संवाददाता, सहसवान



खागी नगला मार्ग कटा होने से ग्रामीणों को हो रही परेशानी। ● अमृत विचार



गांव तौफीक नगला जाने वाले मार्ग की क्षतिग्रस्त पुलिया।

**अमृत विचार :** अब गंगा का पानी घटने लगा है। इसके चलते ग्रामीणों को फौरी तौर पर कुछ राहत जरूर मिली है। बावजूद इसके दूसरे तरह की परेशानियां सामने आने लगी हैं। गंगा महावा बांध के दूसरी तरफ बसे वीर सहाय नगला, भमरौलिया, खागी नगला के लोगों को बांध से गांवों जाने वाला रास्ता और पुलिया क्षतिग्रस्त हो गई है। इससे ग्रामीणों को आवागमन में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। एसडीएम प्रेमपाल सिंह ने बाढ़ प्रभावित गांवों का दौरा किया। उन्होंने ग्रामीणों से उनकी समस्याओं के बाबत जानकारी ली। राहत कार्य में लगे कर्मचारियों को निर्देश दिया कि वह क्षेत्र में कैंप कर हालातों पर निगाह रखें ताकि किसी भी आपात स्थिति में लोगों को तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जा सके।

तीन दिन पहले नरौरा बैराज से गंगा में एक लाख क्यूसेक से अधिक पानी छोड़ा गया था। इससे नदी में उफान आ गया और बाढ़ का पानी खेतिहर इलाके को जलमग्न करता हुआ गंगा महावा बांध की ओर बढ़ गया था। बांध के दूसरी तरफ बसे तीनों गांव पानी से घिर गए थे। इन गांवों में निचले स्थानों पर बाढ़ का पानी भर गया था। नरौरा बैराज का डिस्चार्ज घट कर 57 हजार 541 क्यूसेक रह गया है। कछला में मीटर गेज घट कर 161.75 सेंटीमीटर पर आ गया। बिजनौर और हरिद्वार में भी पानी का डिस्चार्ज बहुत कम है। एक-दो दिन में बाढ़ का प्रकोप कम होने की संभावना है। ज्यादातर लोग अब भी गांवों में ही रह रहे हैं। गांवों में भरा पानी धीरे-धीरे घटने लगा है। खागी नगला गांव जाने वाला संपर्क मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया है और कीचड़ से भर गया है। तौफी नगला गांव जाने वाले मार्ग की पुलिया टूट गई है। इससे लोगों को आवागमन में दिक्कत हो रही है।

गंगा महावा बांध से खागी नगला गांव जाने वाले मार्ग से पानी तो हट गया है लेकिन रास्ता क्षतिग्रस्त है जिससे ग्रामीणों को आने-जाने में दिक्कत हो रही है। इस रास्ते पर कई गांवों के लोगों का आवागमन रहता है। रास्ता टूट जाने से लोगों को दिक्कतें हो रही हैं। पानी कम हो जाने के बाद मार्ग टूटा हुआ दिख रहा है जिस पर वाहन भी नहीं निकल पा रहे हैं। क्षतिग्रस्त मार्ग पर आवागमन बाधित होने से क्षेत्र के लोगों को परेशानी हो रही है। गांव तौफी नगला जाने वाले मार्ग की पुलिया कट गई है।इस पुलिस के कट जाने से रोड भी क्षतिग्रस्त हो गया है। पुलिया के कटने से दोनों ओर गड्ढा हो गया है। गांव के लोगों का कहना कि गंगा में पहली बाढ़ से ही पुलिया टूट गयी, अभी तो पूरा समय बारिश होने वाली है। गंगा में पानी और छोड़ा जाएगा उस समय क्या स्थिति होगी। ग्रामीणों ने पुलिया की जल्द मरम्मत कराने की मांग की है।



खागी नगला और भमरौलिया गांव में लोगों से जानकारी लेते एसडीएम प्रेमपाल सिंह।



उसहैत के जटा गांव के पास बहती गंगा। ● अमृत विचार

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के खेत जलमग्न

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

● **सड़कों का कटान जारी, बाढ़ खंड को निगरानी रखने के निर्देश**

**अमृत विचार :** नरौरा बांध से गुरुवार को 25 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया। एक दो दिन से बारिश नहीं होने के कारण गंगा नदी का जलस्तर खतरे के निशान से काफी नीचे आ गया जबकि रामगंगा में पानी कुछ अधिक है जिससे आसपास के इलाकों में खेतों और सड़कों पर पानी भर गया है। रामगंगा में पानी लगातार बढ़ रहा है। जिससे उस क्षेत्र में बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं।

पिछले दिनों पहाड़ों पर हुई बारिश का पानी हरिद्वार और बिजनौर बैराज में आ गया। इससे नरौरा बैराज में पानी का दबाव अधिक बढ़ गया जिससे तीन दिन पूर्व एक लाख 28 हजार क्यूसेक पानी गंगा में छोड़ा गया। जिससे गंगा में पानी उफान मारने लगा। एक दिन पहले 59 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया। इतना पानी आते ही कछला गंगा में पानी खतरे के निशान से सात सेंटीमीटर ऊपर निकल गया। तटवर्ती इलाकों में भी बाढ़ जैसी स्थिति पैदा हो गयी। जिला प्रशासन के अधिकारी तटबंधों का निरीक्षण करने पहुंच गए। मंडलायुक्त ने भी सहसवान इलाके के महावा तटबंध का निरीक्षण किया। पानी बढ़ जाने से तटवर्ती गांवों में खलबली मच गयी। जिला प्रशासन ने भी सुरक्षा चाक चौबंद रखने के निर्देश दिए। उसके बाद पहाड़ों पर कुछ बारिश हल्की हुई तो नरौरा से बैराज से पानी कम छोड़ा जाने लगा। जिससे बाढ़ का खतरा कम हो गया। हालांकि सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चाक चौबंद रखने के निर्देश दिए गए हैं।

गुरुवार को नरौरा बैराज से मात्र 25 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया। बुधवार से कछला गंगा में जलस्तर कम होने लगा है। आज छोड़ा गया पानी 16 घंटे में सहसवान क्षेत्र में पहुंच जाएगा उसके बाद कछला हुसैनपुर होता हुआ उसहैत क्षेत्र के जटा और असमिया रफतपुर क्षेत्र में पानी पहुंच जाएगा। इस पानी से गंगा में कुछ पानी बढ़ा तो है मगर बाढ़ की स्थिति नहीं है। जिससे तटवर्ती इलाकों में कुछ राहत है।


उधर रामगंगा का जलस्तर पिछले तीन दिन तक बढ़ने के बाद आज कम होना शुरू हो गया। रामगंगा में पानी बढ़ने से दातागंज और हजरतपुर इलाके में सड़कों पर पानी भर गया। पूरा इलाका जलमग्न हो गया। एक जगह एक हादसा भी बाढ़ के पानी के चलते हो गया। लेकिन आज स्थिति कुछ सामान्य हुयी है। रामगंगा में पानी कम होने हजरतपुर इलाके में पानी कम होने लगा है जिससे लोगों ने राहत की सांस ली है।

## पांच दिवसीय अखंड महायज्ञ शुरू, निकाली कलश यात्रा

**बिसौली, अमृत विचार :** गांव बंजरिया खानपुर में आदि शक्ति माता काली पीठ पर ब्रम्हलीन पूज्य संत सोही सिद्ध पीठाधीश्वर स्वामी विदेह नंदनी जी महाराज की अनुकम्पा से उनकी स्मृति में आयोजित 34 वे पांच दिवसीय अखंड महायज्ञ में महय्यर सतना मध्य प्रदेश से आए यज्ञाचार्य पंडित राधेश्याम शास्त्री के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अग्नि ने यज्ञ में प्रवेश किया। भक्तों ने यज्ञ की परिक्रमा की।

यहां गांव बजरिया में सोही सिद्ध पीठाधीश्वर के शिष्य मुख्य यजमान वीरेंद्र सिंह यादव ने भक्तों और यजमानों का स्वागत सत्कार किया।यज्ञ से पूर्व महिलाओं ने गांव में कलश यात्री निकाली। पांडाल से उठती सामीग्री की सुगंध से चारों दिशाएं सुगंधित हो गईं। मुख्य आचार्य राधेश्याम शास्त्री ने यज्ञ के महत्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर डा. प्रमोद यादव, सोनू अग्रवाल, अनुपम गुप्ता, हिरदेश तिवारी, सुरेंद्र सिंह यादव, चौधरी सत्यवीर सिंह, अवधेश यादव, हरपाल सिंह, शंकर यादव, भुवनेश यादव, भूपेंद्र यादव, अल्पना जोहरी, अंशु गुप्ता, भावना अग्रवाल, राजवाला यादव, अनीता शर्मा आदि भक्त मौजूद रहे।

# डीएम ने दो अतिरिक्त नाव लगाने के निर्देश दिये



बाढ़ग्रस्त क्षेत्र का निरीक्षण करते जिलाधिकारी मनोज कुमार। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

● **बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों का दौरा किया**

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी मनोज कुमार ने गुरुवार को अधिकारियों के साथ तहसील दातागंज के ग्राम हजरतपुर, हर्रायपुर, मौजमपुर, गढ़िया रंगीन पैगमपुर आदि गांवों का दौरा किया। बाढ़ ग्रस्त गांव हजरतपुर के निरीक्षण के दौरान उन्होंने संचालित दो नाव व एक स्टीमर के अतिरिक्त ग्रामवासियों के आवागमन के लिए दो अतिरिक्त नावों को लगाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि ग्राम वासियों को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए।

जिलाधिकारी ने तहसील दातागंज के ग्राम हजरतपुर के निरीक्षण के दौरान ग्राम वासियों से वार्ता कर आश्वस्त किया कि प्रशासन हर संभव मदद करेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्राम वासियों को खाद्यान्न, शुद्ध जल, स्वास्थ्य, दवाइयां आदि समुचित रूप से उपलब्ध हो। उन्हें कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बिजली की वैकल्पिक व्यवस्था करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

जिलाधिकारी के संज्ञान में आया कि पूर्व के वर्षों में भी ग्राम हजरतपुर आदि ग्रामों में बाढ़ का पानी नहीं आया, क्योंकि ग्राम, जल स्तर से ऊपर है। गांव खाली करने की स्थिति नहीं आई थी। उन्होंने तहसील दातागंज के विभिन्न प्रभावित ग्रामों में यह सर्वे कराने के निर्देश दिए की ग्रामवासियों को खाद्यान्न, शुद्ध जल, विद्युत, स्वास्थ्य आदि किसी प्रकार की कोई समस्या ना हो।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी दातागंज, अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग उमेश चंद्र सहित अन्य अधिकारी का मौजूद रहे।

बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
डॉ. रजनी कांत साहू
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant- MAX HOSPITAL, DELHI
दिमाग एवं रीढ़ रोग विशेषज्ञ
समय
प्रातः- 11 बजे से 3 बजे तक
सायं- 7 बजे से 9 बजे तक
सुविधायें
- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
- रीढ़ की हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
- ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हेमरेज का ऑपरेशन।
- दूरबीन विधि द्वारा हाइड्रोसिफेलस (दिमाग में पानी भरना) का इलाज व ऑपरेशन।
- सिर दर्द (माईग्रेन) व मिर्गी के दौरे का ईलाज।
- दिमाग के फोड़े का इलाज व ऑपरेशन।
- गर्दन (सर्वाईकल) व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क का ईलाज व ऑपरेशन।
- रीढ़ की नस का ट्यूमर (स्पाइनल ट्यूमर) का ऑपरेशन।
- बच्चों के पीठ की गांठ का ऑपरेशन।
- अत्याधुनिक माइक्रोस्कोप द्वारा ईलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाइन सेन्टर
427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
पर्चा लगाने के लिए सम्पर्क करें- 7417389433, 7017678157

प्रवेश प्रारम्भ
चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस
रजऊपरसपुर (बरेली) उ.प्र.
चिकित्सा के क्षेत्र में उज्जवल भविष्य बनाने हेतु उत्तम संस्थान
- उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
- सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
- सरकारी मानकों के अनुसार फीस एवं छात्रवृत्ति
स्थान सीमित शीघ्र प्रवेश लें
GNM (जनरल नर्सिंग एण्ड मिडवाइफरी) 3 Years (इंटरमीडिएट)
GNM में एडमिशन पिछले सालों की तरह बिना प्रवेश परीक्षा के होंगे।
विशेष सुविधाएं
- मेडिक्लेम, बीमा योजना
- आयुष्मान भारत योजना एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना में निःशुल्क इलाज
सिटी ऑफिस
चन्द्रलोक हॉस्पिटल
दूरबीन विधि द्वारा
- पित्त की थैली, पित्त की नली की पथरी (Lap Chole, ERCP), गुर्दे, यूरेटर की पथरी (PCNL, URS)
- प्रोस्टेट (गदूद) (TURP, TURBT)
- रसौली, बांझपन की जाँच
- बबासीर, हर्निया का ऑपरेशन
- मेडिक्लेम • स्त्री एवं प्रसूति रोग
- सभी प्रकार की सर्जरी
- पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड
- ट्रॉमा, हेड इंजरी, फ्रेक्चर आदि।
- ICU, कार्डियक मॉनिटर, वेन्टिलेटर,
- हृदय, सांस, गुर्दा रोग एवं डायबिटीज
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सम्पर्क करें-
9458882565
9410002566
8859491000

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
~~1499/-~~ ONLY 799/-
जाचों पर विशेष छूट
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
60000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकॉम की जाँच उपलब्ध
8077344353
समय प्रातः 10 से 4 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षो का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
• प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) • गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) • गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) • पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा, ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ऑर्थोडेन्ट क्लीनिक, निकट आकाश पुरम गेट, जगतपुर रोड, बरेली

**आज का मौसम**

आसमान में बादल छाए रह सकते हैं।

| 32⁰ | 29⁰ |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05.27 | सूर्यास्त 07.14 |

**जिले में आज**

- जनवादी नौजवान सभा द्वारा मांगों को लेकर सदर तहसील में प्रदर्शन एवं ज्ञापन सुबह 10 बजे से।
- जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में ऑपरेशन जागृति अभियान फेस-2 पुलिस द्वारा जागरूकता कार्यक्रम सुबह 10 बजे से।
- बहुजन समाज पार्टी द्वारा हाथरस कांड में पीड़ितों की आर्थिक सहायता को लेकर कलक्ट्रेट पर डीएम से मुलाकात सुबह 11 बजे।
- ब्राह्मण कल्याण सभा द्वारा श्रीवराह मंदिर से हरि की पौड़ी परिक्रमा शाम सात बजे से।

# 45 सेंटीमीटर घटा पानी, कटान का खतरा बरकरार

## राहत: कछला ब्रिज पर गंगा के पानी के गेज में आयी कमी, बैराजों से भी घटा गंगा में पानी का डिस्चार्ज

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- बाढ़ आशंकित क्षेत्रों में रोजगार सेवक, सचिव और लेखपाल कर रहे प्रवास

**अमृत विचार :** बीते दो दिनों में बैराजों से गंगा नदी में पानी का डिस्चार्ज निरंतर कम हो रहा है। जिसके चलते कछला ब्रिज पर पानी के गेज में 45 सेंटीमीटर कमी आ गयी है। यह कमी बाढ़ आशंकित ग्रामों के अच्छा संकेत है, लेकिन कटान का खतरा बरकरार है। जिला प्रशासन गंगा के जलस्तर पर निरंतर नजर बनाए हुए हैं। वहीं रोजगार सेवक, सचिव और लेखपाल संभावित गांवों में प्रवास कर रहे हैं।

मंगलवार तक गंगा नदी में बैराजों से छोड़े जा रहे पानी से दबाव बढ़ रहा था। गंगा के कछला गेज पर भी जलस्तर बढ़कर 163.40 मीटर जा पहुंचा था। बीते दो दिनों में बैराजों से पानी का डिस्चार्ज कम हो रहा है जिससे कछला गंगा नदी पर भी पानी का दबाव कम हुआ है। बुधवार को गंगा का जलस्तर घटकर 162.90 था। गुरुवार को कछला ब्रिज पर पानी का गेज घटकर 162.45 मीटर रह गया। जलस्तर में 45 सेंटमीटर की गिरावट आयी है। लेकिन कटान की संभावना बनी हुई है। जिला प्रशासन गंगा के जलस्तर पर निरंतर नजरें बनाए हुए हैं। जिला मुख्यालय पर बनाए गए कंट्रोल रूम पर प्रत्येक चार घंटों में जलस्तर की जानकारी ली जा रही है। डीएम मेधा रूपम के निर्देश पर सिंचाई विभाग के अधिकारी भी कैंपिंग कर रहे हैं। डीएम द्वारा रोजगार सेवकों, ग्राम पंचायत सचिवों और लेखपालों की डयूटियां लगाई हैं जो अपने अपने ग्रामों में प्रवास कर रहे हैं।



गांव बरोना में बाढ़ से बचाव के लिए स्टंड बनाने में जुटे मजदूर। • अमृत विचार

> गंगा में पानी का दबाव कम हुआ है। बैराजों से पानी का डिस्चार्ज कम हुआ है। संभावित बाढ़ से निपटने के लिए प्रशासन की पूरी तैयारी है।
> – मेधा रूपम, डीएम

**गुरुवार को बैराजों से पानी का डिस्चार्ज**

| | |
|---|---|
| हरिद्वार बैराज | 37617 क्यूसेक |
| बिजनौर बैराज | 35516क्यूसेक |
| नरौरा बैराज | 2560 क्यूसेक |
| कछला ब्रिज पर पानी का गेज | 162 .45 मीटर |

**बरोना में सिंचाई विभाग ने बनाए नए स्टंड**

बीते दिनों गंगा नदी में बढ़े पानी के दबाव के चलते गंगा नदी पर गांव बरोना के निकट बनाए गए बांध के जियो ट्यूब पानी में समा गए थे जिससे गंगा की बाढ़ का पानी गांव बरोना की फसली भूमि से होकर आबादी तक दस्तक दे चुका था। बिगड़ते हालात से ग्रामीणों की नींद उड़ गई थी तो सिंचाई विभाग की चिंता बढ़ गई थी। बुधवार को मंडलायुक्त चैत्रा .वी एवं आईजी शलभ माथुर ने बरोना गांव एवं बाढ़ नियंत्रण की तैयारियों का निरीक्षण किया था। मंडलायुक्त ने बरोना पर सिंचाई विभाग द्वारा बनाए जा रहे स्टंड को शीघ्र पूरा करन के निर्देश दिए थे। सिंचाई विभाग ने रात दिन के प्रयास के बाद बरोना पर स्टंड बना दिए हैं।

# विश्व का सबसे बड़ा संगठन है विद्यार्थी परिषद

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- वक्ताओं ने विद्यार्थी परिषद के 75 वर्ष के इतिहास पर की चर्चा

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में दरियावगंज के सरस्वती विद्या मंदिर में विचार गोष्ठी हुई। वक्ताओं ने विद्यार्थी परिषद के 75 वर्ष पूरे होने पर परिषद के क्रियाकलापों और इतिहास पर चर्चा की। विद्यार्थी परिषद को विश्व का सबसे बड़ा विद्यार्थी संगठन बताया।

मुख्य वक्ता के रुप में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विभाग सह संयोजक कुश गुप्ता ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद स्थापना कल से ही राष्ट्रीयता की बात करती आ रही है। विद्यार्थी परिषद अपनी आयु के 75 वर्ष में प्रतिदिन का कोई न कोई इतिहास रहा है। विद्यार्थी परिषद राष्ट्र के पुनर्निर्माण लक्ष्य को लेकर निकला है। इस में राष्ट्र के सभी युवाओं को अपनी सहभागिता प्रदान करनी होगी विद्यार्थी परिषद हमेशा कालेज कैम्पस के अंदर छात्रों की समस्याओं को लेकर गतिविधियों वा आयाम के माध्यम से हमेशा कार्य करता रहता है। मनोज सिंह ने बताया एबीवीपी विकास की वह यात्रा है जिसमें विद्यार्थियों की कला को निखारने का काम किया जाता है। कार्यकर्ता राष्ट्र के लिए सर्वस्व समर्पण का भाव रखते हैं वहीं छात्रों के लिए निस्वार्थ भाव से काम करते है। जिला आंदोलन प्रमुख प्रखर वर्मा, जिला कला मंच प्रमुख अनमोल गुप्ता, नगर मंत्री भानु प्रताप, रोहित कुशवाह, अनिल मौजूद रहे।



विचार गोष्ठी को संबोधित करते विभाग सह संयोजक कुश गुप्ता।

# सर्पदंश से किसान की मौत, परिजन हो गए बेहाल

**जलेसर,अमृत विचार:** जलेसर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बेगमपुर निवासी चंदू खां (50) पुत्र करीम खां गुरूवार को खेत पर गया था। तभी उसको सर्प ने डस लिया। जिससे उसकी तबियत खराब हुई तो उसने परिजनों को जानकारी दी। परिजन उसको स्थानीय स्वास्थ्य केन्द्र ले गए। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। ग्रामीणों ने बताया कि बाढ़ के पानी में भी जहरीले जीव-जन्तु बहकर आ रहे है। जो जानलेवा साबित हो रहे हैं।

**खबरें www. amritvichar.com पर भी पढ़ें**

# दो दिन बाद नहर में उतराता मिला बुजुर्ग का शव

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- शव के मिलते ही परिवार में मचा कोहराम
- पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया

**अमृत विचार :** नहर में गिरकर लापता हुए वृद्ध का दो दिन बाद गांव ज्याउद्दीनपुर के निकट नहर में उतराता शव मिला है। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नहर से निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वृद्ध की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मंगलवार को गांव कोटरा निवासी 55 वर्षीय बाबूराम पुत्र मुन्नालाल गांव के समीप बह रही हजारा नहर के किनारे शौच के लिए गए थे।



मृतक बाबूराम।

जब वह शौच के लिए बैठे थे कि तभी पैर फिसल जाने से वह नहर में जा गिरे। बीते दो दिनों से ग्रामीण गोताखोर नहर में वृद्ध की तलाश कर रहे थे। गुरुवार की सुबह ग्रामीणों ने शव को ज्याउद्दीनपुर के निकट नहर में उतराता देखा तो सूचना परिजनों को दी। जानकारी मिलते ही गांव कोटरा से बाबूराम के परिजन मौके पर पहुंच गए और शव को देखकर विलाप करने लगे। ढोलना के इंस्पेक्टर अजयवीर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने गोताखोरों के सहयोग से शव को नहर से निकलवाया और पंचनामा के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इंस्पेक्टर का कहना है कि मामले में कोई मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है। घटना इत्तेफाकिया थी।

# शौचालय के टैंक में डूबने से बच्चे की मृत्यु

**गंजडुंडवारा, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के गांव रामछितोनी में शौचालय के नवनिर्मित टैंक में चार वर्षीय बच्चा खेलते समय गिर गया।पानी में दम घुटने से उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा है। गांव रामछितौनी निवासी अमर पाल के घर में शौचालय का निर्माण हो रहा है। घर के बाहर शौचालय का टैंक बनाकर उसमें पानी भर दिया गया था। जिस पर सुरक्षा की दृष्टि से टीन के तख्ते रख दिए गए। बुधवार की देर शाम पडोस में रहने वाले इंद्रपाल का 4 वर्षीय बालक विराट टैंक के पास खेल रहा था। खेलते-खेलते वो टैंक में गिर गया। जब तक परिजनों को जानकारी हुई और बच्चे को नेकाला पानी में दम घुटने से मृत्यु हो चुकी थी। ,कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि मामले मे कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।



मृतक विराट।

# रियल टाइम अटेंडेंस का विरोध, अन्य मांगें भी पूरी हों

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- बीएसए कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम दिया ज्ञापन
- कैशलेस चिकित्सा, पदोन्नति, स्कूलों में लिपिक व अन्य मांगें

**अमृत विचार:** स्कूलों को आधुनिक बनाने की सरकार की मंशा उलझ कर रह गई है। शिक्षक रियल टाइम अटेंडेंस का विरोध कर रहे हैं। इस विरोध के अलावा अन्य मांगों को लेकर भी शिक्षकों ने बीएसए कार्यालय पहुंच कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन बीएसए को सौंपा है। बीएसए सूर्य प्रताप सिंह को सौंपे गए ज्ञापन में शिक्षकों ने कहा कि 15 सीएल की सुविधा प्रदान की जाए। इस व्यवस्था में हाफ सीएल प्रभावी नहीं है। इसे भी प्रभावी किया जाए। शिक्षक आकस्मिक रूप से कहीं जा सकें।

शिक्षक, शिक्षकाओं को बिना प्रीमियम की कैशलेस चिकित्सा दी जाए। समय-समय पर स्थानांतरण पर पदोन्नत किया जाए। सभी स्कूलों में लिपिक और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी तैनात किए जाएं। शिक्षक, शिक्षिकाओं को गैर शैक्षणिक कार्य से मुक्त किया जाए। इसके अलावा अन्य समस्याओं का समाधान किया जाए।

जब यह खामियां दूर हो जाएं, तब तकनीकि व्यवस्था लागू की जाए। अन्यथा शिक्षक संघ संघर्ष जारी रखेगा। ज्ञापन देने पहुंचे शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष दिलीप यादव, राजबीर सिंह, मुनेश राजपूत, गजेंद्र यादव सहित अन्य तमाम शिक्षको ने अन्य मांगे भी उठाई। लिखा कि पूर्व से बाधित कार्य पूरे किए जाएं। सबसे गंभीर मुददा पुरानी पेंशन बहाली का है। इसे पूरा किया जाए। शिक्षकों के साथ दोहरा मापदंड न अपनाया जाए।



काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य करता शिक्षक।



मांगों को लेकर बीएसए को ज्ञापन देते शिक्षक नेता। • अमृत विचार

**काली पट्टी बांधकर किया कार्य**

शिक्षकों ने तकनीकि व्यवस्था और पूरानी मांगों को लेकर संघर्ष जारी रखा, लेकिन उन्होंने शिक्षण कार्य बाधित नहीं होने दिया। शिक्षकों ने अपने बाजू में काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य किया।

# बिजली विभाग के खिलाफ अधिवक्ताओं की हड़ताल

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- अधिकारियों द्वारा कराई गई एफआईआर को वापस लिए जाने की उठाई मांग
- अधिवक्ता की तहरीर पर विद्युत विभाग के जेई के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग

**अमृत विचार:** कासगंज बार एसोसिएशन की बैठक में विद्युत विभाग के जेई द्वारा अधिवक्ताओं के खिलाफ कराई गई विद्युत चोरी की एफआईआर का विरोध किया गया। अनिश्चित कालीन हड़ताल शुरू की गई। अधिवक्ताओं का कहना है कि जब तक अधिवक्ता की तहरीर पर विद्युत कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज नहीं किया जाता और अधिवक्ताओं के खिलाफ किए गए मुकदमे वापस नहीं लिए जाते हडताल जारी रहेगी।

कासगंज बार एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेश शर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता सतेंद्र कुमार वैस ने बताया कि डीजीसी रेवन्यू भूपेंद्र सिंह राजपूत के खिलाफ विद्युत विभाग के जेई ने बिना जांच पड़ताल के बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज करा दिया। उनके घर पर की महिलाओं से की गई बदसूलकी के मामले में तहरीर देने के बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई जिससे अधिवक्ताओ में खासा आक्रोश है। जब तक बिजली विभाग द्वारा दर्ज कराए गई एफआईआर को वापस नहीं लिया जाता है। तक तक हड़ताल जारी रहेगी। कोई भी अधिवक्ता न्यायायिक कार्य नहीं करेगा। कहा कि इससे पहले अधिवक्ता मुस्तफा कामिल के बेटे अधिवक्ता निशांत कामिल के खिलाफ भी मामला दर्ज कराया गया।

आदर्श सक्सेना, मुनाजिर रफी, पंकज चतुर्वेदी, केशव उपाध्याय,अर्जुन सिंह चौहान, अभय प्रताप सिंह, अंजुम राहत, एसके मलिक, मोहम्मद तारिक अली, धारा सिंह, लोकेश, जावेद अली, जितेंद्र कुमार, योगेंद्र कुमार, शादाब सैफी, मोहम्मद यासीन, अयोध्या प्रसाद, केशव मिश्रा, अभिषेक गुप्ता,शिव कुमार सिंह, शशिकांत पचौरी, महिपाल सिंह राजपूत आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।



न्यायालय परिसर में पुलिस और बिजली विभाग के खिलाफ प्रदर्शन करते अधिवक्ता।

**अधिवक्ताओं की हड़ताल से बादकारी परेशान**

गुरुवार को अधिवक्ताओं की हड़ताल से वादकारियों को काफी परेशानियों को सामना करना पड़ा। दूर दराज से आए वादकारियों को बैरंग लौटना पड़ा।

# खेलते समय छत से गिरी बच्ची, मौत

**सहावर, अमृत विचार:** बच्चों के साथ छत पर खेल रही बच्ची अचानक पैर फिसलने से छत से गिर गई। परिजन घायल अवस्था में बच्ची को लेकर सीएचसी पर पहुंचे। जहां चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया। सहावर कस्बा निवासी गुड्डन की चार वर्षीय आयशा गुरुवार की सुबह छत पर बच्चों के साथ खेल रही थी। खेलते समय बच्ची का अचानक छत से पैर फिसल गया और वह छत से नीचे आ गिरी। बच्ची के छत से गिरने की सूचना पर एकत्रित हुए लोगों ने बच्ची को उठाकर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। बच्ची को मृत घोषित करने के बाद परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने पुलिस को बिना सूचना दिए है शव का दफन संस्कार कर दिया। इंस्पेक्टर लोकेश भाटी ने बताया कि परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया है।

# अंतर्जनपदीय पशु चोर गिरोह पकड़ा

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- गिरोह के नौ सदस्यों को किया गिरफ्तार, चोरी की भैंस बरामद
- चार लाख 27 हजार रुपये व घटना में प्रयुक्त पिकअप वाहन भी मिला

**अमृत विचार:** गंजडुंडवारा पुलिस ने अंतर जनपदीय पशु चोर गिरोह का भंडाफोड़ कर नौ पशु चोरों को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से चोरी की भैंस, नगदी, पिकअप वाहन बरामद किया है।

जिले में बढ़ती पशु चोरी की घटनाओं से पुलिस परेशान है। एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने इन घटनाओं की रोकथाम और पशु चोर गिरोह को पकडने के निर्देश पुलिस को दिए थे। बुधवार को कोतवाली गंजडुंडवारा एवं सर्विलांस टीम ने सूचना के आधार गंजडुंडवारा-कादरगंज रोड से नौ पशु चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। इंस्पेक्टर विनोद कुमार ने बताया कि आरोपियों के कब्जे से एक चोरी की भैंस, चार लाख 27 हजार रुपए तथा पशु चोरी में प्रयुक्त किए जाने वाला वाहन बरामद किया है। आरोपियों ने एटा, मैनपुरी, फिरोजाबाद, बदायूं, हाथरस जनपदों में पशु चोरी की घटना स्वीकार की है। उन्होंने बताया कि आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई कर जेल भेजा गया है।



गंजडुंडवारा थाने में पुलिस द्वारा पकडे गए पशु चोर। • अमृत विचार

**इनकी हुई है गिरफ्तारी**

सीओ विजय कुमार राणा ने बताया कि विष्णु निवासी ग्राम महादेवा थाना कुरावली जनपद मैनपुरी, मुकीम निवासी जाटऊ थाना नारकी जनपद फिरोजाबाद, महबूब निवासी नगला गंगी थाना फरिहा जिला फिरोजाबाद, सदाम हुसैन, भूमि निवासीगण भोबतपुर थाना निधौली जनपद एटा, सैफ कुरैशी, तौसिफ, अशफाक, सलमान निवासीगण मुहल्ला महाजनान कस्बा थाना कुरावली जनपद मैनपुरी को गिरफ्तार किया है।

# सड़क हादसे में मां की मौत बेटा गंभीर रूप से घायल

पटियाली संवाददाता

- बाइक पर सवार होकर बेटे के साथ आ रही थीं बहन की बेटी की शादी में शामिल होने
- पटियाली थाना के गांव नगला करुआ में अज्ञात वाहन ने बाइक में मारी टक्कर

**अमृत विचार:** फर्रुखाबाद के गांव वनकटी से बाइक पर सवार होकर शादी में शिरकत करने आ रहे मां-बेटा को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। बाइक पर सवार मां की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया।

फर्रुखाबाद के गांव वनकटी निवासी मुन्नी देवी पत्नी नौरंग सिंह अपने बेटा राघवेंद्र के साथ जिले के सहावर थाना क्षेत्र के गांव दीपपुर में अपनी बहन की बेटी की शादी में शामिल होने के लिए बाइक से आ रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक पटियाली थाना क्षेत्र के नगला करुआ के निकट पहुंची, तभी पटियाली की ओर से जा रहे अज्ञात वाहन ने सामने से टक्कर मार दी। जिससे मां-बेटा बाइक सहित गिर गए। मां के ऊपर से वाहन का पहिया गुजर गया जिससे मुन्नी देवी की मौके पर ही मौत हो गई। बेटा घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक राघवेंद्र को उपचार के लिए पटियाली सीएचसी पर भर्ती कराया। वहीं घटना को अंजाम देकर अज्ञात वाहन चालक वाहन सहित फरार हो गया। पटियाली इंस्पेक्टर गोविंद वल्लभ शर्मा ने बताया परिजनों की ओर से अज्ञात वाहन के खिलाफ कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल अज्ञात वाहन की तलाश जारी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# गैरहाजिर कार्यकत्री व सहायिकाओं को नोटिस

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- जिला कार्यक्रम अधिकारी ने आंगनबाड़ी केंद्रों का किया निरीक्षण

**अमृत विचार :** जिला कार्यक्रम अधिकारी ने गुरुवार को संचारी रोग, दस्तक अभियान एवं केंद्रों की संचालन की स्थिति जानने के लिए कासगंज नगर क्षेत्र एवं डोरई ग्राम पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया। केंद्रों पर कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं अनुपस्थित मिलीं। उन्हें कारण बताओ नोटिस दिया गया है तथा मानदेय रोके जाने की कार्यवाही की जाएगी।

जिला कार्यक्रम अधिकारी सुशीला ने कासगंज नगर क्षेत्र में वार्ड संख्या 11 में स्थित प्राथमिक विद्यालय में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया। जहां आंगनबाड़ी कार्यकत्री अंजू, मीना गोला, मंजू दीक्षित, गीता, सविता और साहिक्या मुन्नी देवी, अंजू, और रश्मि अनुपस्थित मिलीं। प्राथमिक विद्यालय मुहल्ला जय जय राम के निरीक्षण में आंगनबाड़ी कार्यकत्री नीलेश, मिथलेश, सहायिका आरती, मीना अनुपस्थित थीं। रामबली कॉलोनी में केंद्रों के निरीक्षण में हरिशा, खुशबू दुबे, निर्मला अनुपस्थित पाई गईं। हरीशा के संबंध में पाया गया कि उनके द्वारा अपने केंद्र का संचालन अपने निजी आवास में किया जा रहा था। सुमित्रा अपने गृह कार्य करती मिलीं। प्राथमिक विद्यालय नवाब कन्या तारोरा के निरीक्षण में मिथलेश गुप्ता, साधना बिंदल उपस्थित मिलीं परंतु केंद्र से संबंधित कोई भी अभिलेख नहीं दिखा सकीं। कंचन पांडे, नीलिमा अग्रवाल, कुसुमलता, सुनीता, गीता केंद्र पर उपस्थित हुई। बॉबी शर्मा, ओमवती, शांति, रमा पांडे और ममता अनुपस्थित पाई गईं। सरोज, रानी, नीरज, विमलेश केंद्र पर अभिलेखों सहित उपस्थित पाई गईं। प्राथमिक विद्यालय डोरई में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र पर जल जीवन मिशन के कार्यक्रम की तैयारी चल रही थी। जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा अनुपस्थित मिली सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए है।



नवाब तरौरा विद्यालय में आंगनबाड़ी से जानकारी लेतीं जिला कार्यक्रम अधिकारी सुशीला।

# चाय भरी बाल्टी में गिरकर बालक झुलसा

**एटा, अमृत विचार :** एक समारोह में आए लोगों को बांटने के लिए रखी गर्म चाय की बाल्टी में बालक गिर गया। वह झुलस गया। परिजनों ने उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। थाना निधौली कलां के गांव धनिगा शादी का कार्यक्रम हो रहा था। इसमें आए हुए मेहमानों को चाय बांटी जानी थी। चाय से भरी बाल्टी रखी हुई थी। इसी समय पांच वर्षीय अनिकेत पुत्र अनिल कुमार इस बाल्टी में गिर गया। जब बालक निकाला तब तक वह काफी झुलस गया। परिजनों ने उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया।



कृतिका ग्रुप ऑफ कॉलेज

मान्यता एवं सम्बद्धता (आयुर्वेद) : भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (NCISM) नई दिल्ली एवं एम.जी.जी.यू.ए. गोरखपुर उ.प्र.
मान्यता एवं सम्बद्धता (फार्मेसी) : फार्मेसी काउंसिल ऑफ इण्डिया नई दिल्ली
डा. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम टैक्निकल यूनिवर्सिटी लखनऊ। बोर्ड ऑफ टैक्निकल एजुकेशन, लखनऊ।
मान्यता एवं सम्बद्धता (नर्सिंग) उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल विश्वविद्यालय, लखनऊ।

ADMISSION OPEN

AYURVED
B.A.M.S.
अवधि : 4-1/2 वर्ष, योग्यता : NEET Qualified

PHARMACY
B. Pharma
बी. फार्मा
अवधि : 4 वर्ष, योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग
D. Pharma
डी. फार्मा
अवधि : 2 वर्ष, योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग

PARA MEDICAL
Diploma O.T.
डिप्लोमा इन ओ.टी. टैक्निशियन
अवधि : 2 वर्ष, योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग
Dip Lab. Technician
डिप्लोमा इन लैब टैक्निशियन
अवधि : 2 वर्ष योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग

NURSING
B.Sc. Nursing
बी.एससी. नर्सिंग
अवधि : 4 वर्ष आयु 17 वर्ष, योग्यता : 10+2 बायोलॉजी
A.N.M.
डिप्लोमा महिला हेल्थ वर्कर
अवधि : 2 वर्ष आयु 17-35 वर्ष, योग्यता : 10+2 किसी भी विषय में

सुविधायें
♦ आयुर्वेदिक अस्पताल ♦ औषधियों युक्त हर्बल गार्डन ♦ शैक्षिक भवन एवं लाईब्रेरी ♦ पूर्ण सुसज्जित लैब ♦ वाई-फाई कैम्पस ♦ बस सुविधा ट्रेनिंग के लिए 100 बेड का पूर्ण व्यवस्थित स्वयं का आधुनिक कोपल अस्पताल ♦ छात्र- छात्राओं के लिए अलग-अलग छात्रावास ♦ छात्रवृत्ति एवं शिक्षा ऋण (लोन) की सुविधा ♦ शव विच्छेदन की सुविधा (Cadaver)

कैम्पस : खाई खेड़ा, निकट काण्डू का पुल, पीलीभीत रोड, रिठौरा, बरेली (उ.प्र.) पिन : 243122
सम्पर्क सूत्र
8171489611, 7248343676
9027510784, 8218234755
सिटी आफिस : कोपल हॉस्पिटल, सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत रोड, बरेली (उ.प्र.) पिन-243006
सम्पर्क सूत्र
9758519405, 9457697581
Visit us : www.kritikaayurvedcollege.in, www.kritikapharmacycollege.in, www.kritikanursing.com

KOPAL HOSPITAL BAREILLY
PATIENT SAFETY & QUALITY OF CARE NABH PRE ACCREDITED
कोपल अस्पताल
AN ISO-9001-2008 CERTIFIED HOSPITAL


डा. के.पी. गंगवार
एम.एस. (आर्थो)
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
12.30 pm to 5.30 pm

डा. स्मृति गंगवार
एम.बी.बी.एस., डी.जी.ओ.
प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
12.00 pm to 3.00 pm, 6.30 pm to 7.30 pm


डॉ. मनोज गुप्ता
एम.एस. (जनरल सर्जन)
लैप्रोस्कोपिक सर्जन
12:00 pm to 2:00 pm

डॉ. एस.के. जौहरी
एम.डी.,
गहन चिकित्सा रोग विशेषज्ञ
3:30 pm to 5:00 pm, 6:00 pm to 9:00 pm

डॉ. आकाश गुप्ता
एम.डी.
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए निःशुल्क ऑपरेशन एवं भर्ती की सुविधा उपलब्ध
पीलीभीत बाईपास रोड, सुरेश शर्मा नगर, बरेली
Ph.: 0581-2525711, 2525038
HELPLINE No. 9758519405

### शिक्षकों को नहीं चाहिए रियल टाइम अटेंडेंस, स्कूल आने की बजाय धान की रोपाई में लगे बच्चे

# कैसे सुधरे शिक्षा: शिक्षक व्यवस्था के विरोध में, अभिभावक भी बेफिक्र

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** सरकार बच्चों में शिक्षा की मजबूत नींव तैयार करने के लिए तमाम प्रयास कर रही है, लेकिन किसी न किसी कारण से व्यवस्था बन नहीं पाती। शिक्षक समय से स्कूल आकर शिक्षण कार्य करें इसके लिए लागू की गई डिजिटल अटेंडेंस की व्यवस्था का शिक्षक जमकर विरोध कर रहे हैं। वे इसमें तमाम खामियां गिना रहे हैं।


खेतों में धान की रोपाई करते अभिभावक एवं विद्यार्थी। ● अमृत विचार

वहीं अभिभावक भी बच्चों की शिक्षा को लेकर गंभीर नजर नहीं आते। इस समय खेतों में धान की रोपाई चल रही है। अभिभावक मजदूरी बचाने के चक्कर में बच्चों को स्कूल भेजने के बजाय धान की रोपाई में लगाए हैं। बच्चे दूसरे के खेतों में भी मजदूरी पर धान की रोपाई कर परिवार की आर्थिक मदद कर रहे हैं।

ऐसे में इन दिनों स्कूलों में छात्र संख्या काफी कम हो चुकी है। शिक्षण व्यवस्था पारदर्शी बनी रहे। स्कूलों में शिक्षक समय से पहुंच कर शिक्षण कार्य कर सकें। इसके लिए रियल टाइम अटेंडेंस की व्यवस्था की गई है। तकनीक से सभी स्कूल जोड़ दिए गए हैं। सुबह 7:45 मिनट पर शिक्षकों को उपस्थिति दर्ज करानी होगी और दस बजे विद्यार्थियों की संख्या का डाटा देना होगा। नई व्यवस्था से अभिभावक खुश हुए हैं, लेकिन शिक्षक विरोध दर्ज करा रहे हैं। बहरहाल अपनी जिम्मेदारी को अभिभावक भी ठीक से नहीं निभा रहे।

स्कूलों में जब अमृत विचार की टीम पहुंची तो छात्र संख्या अपेक्षा से काफी कम निकली। टीम गांव में गई पता चला कि जिन बच्चों को स्कूलों में होना चाहिए वे खेतों में काम कर रहे हैं। क्योंकि इन दिनों धान की रोपाई का काम अंतिम चरण में है। विद्यार्थी अपने अभिभावको के साथ धान की रोपाई कर रहे थे। वहीं तमाम छात्र दूसरे के खेतों में भी मजदूरी पर धान रोप रहे थे।


बेटा नदरई के प्राथमिक विद्यालय में पढने जाता है। इन दिनों धान की रोपाई चल रही है। मजदूरी न दे सकने की मजबूरी में बेटे को रोक लेते हैं। खेतों में धान की रोपाई बहुत जरूरी है। इसी से रोजी-रोटी चलती है।
**- विनोद कुमार अभिभावक**


खेती के कार्य के लिए एक-दो दिन बच्चों को स्कूल जाने से रोकना पड़ता है। एक तो मजदूरी बच जाती है दूसरे परिवार की मदद भी हो जाती है। हर अभिभावक चाहता है कि बच्चा पढ़कर लिख कर होनहार बने। **- मुलायम सिंह बनुपुरा**


शिक्षकों पर अंकुश लगाया जा रहा है। गलत तरीके से उन्हें नियमों में फंसाया जा रहा है। अभिभावकों की कोई जिम्मेदारी तय नहीं है। अभिभावक चाहते हैं कि शिक्षक परेशान रहें, बे मनमानी करें। **- राकेश कुमार, शिक्षक फतेहपुर कला।**


रियल टाइम अटेंडेंस मानसिक रूप से शिक्षकों को परेशान किए है। फिर घर-घर जाकर बच्चों को स्कूल लाना पड़ता है, लेकिन बच्चे घर पर नहीं खेतों पर मिलते हैं।
**- सुनील कुमार, शिक्षक, जलालपुर**

#### अभिभावकों ने व्यक्त की मजबूरी

न्योली क्षेत्र अभिभावकों हरिमोहन, राधेश्याम, रामप्रकाश व अन्य बताया कि मजदूर तीन सौ रुपए प्रतिदिन धान की रोपाई के लेते हैं। उनकी स्थिति ऐसी नहीं कि मजदूरी पर धान की रोपाई करा सकें। ऐसे में बच्चों को रोक लेते हैं जिससे मजदूरी बचाई जा सके। बच्चे धान की रोपाई में परिवार की मदद करते हैं।

## डीजे सैट करते समय युवक को लगा करंट, मौत

**एटा, अमृत विचार :** बुधवार की रात डीजे सैट करते समय युवक को करंट लग गया। जब तक लोगों को जानकारी हुई, तब तक उसकी मौत हो गई। घटना से घर में चीख पुकार मच गई। घटना मारहरा थाना क्षेत्र के मेहनी गांव की है। थाना क्षेत्र के ही भटपुरा गांव निवासी कमल सिंह (35) दिव्यांग है। वह छोटी-मोटी मजदूरी करके अपना भरण पोषण करता था। बुधवार की शाम गांव मेहनी में राजबहादुर की बेटी की बरात आई थी। वहां वह डीजे सैट कर रहा था। खुला हुआ तार मशीन को छू गया। कमल सिंह उसकी चपेट में आकर झुलस गया और उसकी मौत हो गई। कमल के भाई ने लापरवाही का आरोप लगाया है। थाना प्रभारी जेपी अशोक ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। किसी प्रकार की तहरीर मिलती है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

सुनने और बोलने में समस्या ?
बहरापन
कान की मशीनें

स्पीच थेरैपी हकलाना/तुतलाना आटिज्म
आकांक्षा स्पीच एण्ड हियरिंग क्लीनिक
A-1/11, एकता नगर, केशलता अस्पताल के पास, सत्या पेट्रोल पंप के पहले, बरेली।
Call: +91 9696558181

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय)
• एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
• एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
• बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
• एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
• बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
• एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

# बरौदा में दहशत का माहौल, पुलिस रही तैनात

## जमीन के विवाद में ट्रैक्टर से कुचलकर की गई थी युवक की हत्या

संवाददाता, सोरोंजी

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव बरौदा में बुधवार की शाम जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में हुए संघर्ष में ट्रैक्टर से कुचलकर युवक की हत्या कर दी गई थी। घटना के बाद से गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है। ऐहतियात के तौर पर पुलिस बल की तैनाती की गई है। घटना के संबंध में मृतक के पिता ने 11 लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई है।


गांव बरौदा में तैनात पुलिसबल। ● अमृत विचार

- आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की दबिशें
- तहरीर के आधार पर 11 के विरुद्ध एफआईआर

गांव में सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस की तैनाती की गई है। मृतक मानपाल के पिता शिवराम की तहरीर के आधार पर 11 नामजदों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की है। आरोपियों गिरफ्तारी के लिए निरंतर दबिशें दे रही है।
**- भोजराज अवस्थी,** इंस्पेक्टर सोरों

गांव बरौदा में शिवराम और हरिओम के परिवार के बीच गांव की एक जमीन को लेकर संघर्ष हो गया था। मारपीट की घटना में पांच लोग घायल हुए थे। शिवराम के पुत्र मानपाल सिंह की ट्रैक्टर से कुचलकर हत्या कर दी गई थी। घटना के बाद से गांव में दहशत भरा माहौल है। अनहोनी की आशंका के चलते ऐहतियात के तौर पर गांव में पुलिस की तैनाती कर दी गई। घटना के संबंध में शिवराम सिंह ने 11 लोगों के विरुद्ध मारपीट और हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। गुरुवार की देर शाम शव का गांव में गमगीन माहौल में मानपाल का अंतिम संस्कार किया गया। एसपी अपर्णा रजत कौशिक घटना के नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की तीन टीमें गठित कीं। गुरुवार को कोतवाली पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिशें दीं, लेकिन आरोपियों का कोई सुराग नहीं लगा है।

#### गमगीन माहौल में पूरी की तहेरी बहन की शादी की औपचारिकता

**कासगंज, अमृत विचार :** गांव बरौदा में शिवराम के बड़े भाई की बेटी की शादी थी। बारात गुरुवार को जिला संभल के गांव बदरई से आनी थी। बुधवार को मानपाल की हत्या के बाद परिवार में हंसी खुशी का माहौल गम में बदल गया। खबर बदरई पहुंची तो वर पक्ष के यहां भी खुशियों को ग्रहण लग गया। बड़ी संख्या में परिवार के लोग गांव बरौदा पहुंचे और शोक संवेदना व्यक्त की। मेहंदी रचाए बैठी जविता का भी रो-रोकर बुरा हाल था। नाते-रिश्तेदार भी गमगीन थे। अंतिम संस्कार के बाद वर पक्ष से वर राहुल अपने पिता जसवीर और अन्य गिने चुने रिश्तेदारों के साथ गांव बरौदा पहुंचे जहां देर रात शादी की औपचारिकता पूरी हुई।



# मैच जीतकर श्री सिद्धि विनायक टीम बनी विजेता


विजेता टीम के खिलाड़ी को पुरस्कार देकर सम्मानित करते आयोजक।

संवाददाता, सोरों

**अमृत विचार:** तीर्थ नगरी के बदरिया में हुए क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच गोरहा क्रिकेट टीम और सिद्धि विनायक की टीमों के बीच खेला गया। टॉस जीतकर सोरों की टीम ने बल्लेबाजी की। 14 ओवर में 114 रन बनाकर ऑल टीम आउट हो गई। सिद्धि विनायक टीम ने जवाब में बल्लेबाजी करते अच्छा प्रदर्शन किया और 25 रन से गोरहा टीम को हराकर मैच जीत लिया। आयोजकों द्वारा विजेता टीम को 11 हजार रुपये के नगद पुरस्कार दिया गया। टॉफी और मेडल देकर खिलाड़ी सम्मानित किए गए। मुख्य अतिथि वरुण यादव एवं पुरसोत्तम साहू ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। वरूण यादव ने कहा कि खेल में हार जीत कोई मायने नहीं रखती है। कमेटी सदस्य रोहित यादव, सुमित वार्ष्णेय, मनोज, आकाश, बबलू सहित क्रिकेट प्रेमी मौजूद रहे।


मोमबत्ती जलाकर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देते एनएसयूआई के कार्यकर्ता।

# एनएसयूआई ने बलिदानी जवानों को दी श्रद्धांजलि

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं द्वारा बुधवार की देर शाम कठुआ आतंकी हमले में बलिदान हुए सुरक्षा बलों के जवानों को मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी गई।

जिलाध्यक्ष दीपक धनगर ने कहा कि बीते 10 वर्षों में आतंकी हमलों में जितने जवान शहीद हुए हैं उसकी जिम्मेदार केंद्र की भाजपा सरकार है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद को रोकने में भाजपा सरकार विफल रही है। कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन धारण कर बलिदान सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। जीतू यादव, जतिन पाल, सक्षम बघेल, अश्वनी राजपूत, जीतू कुशवाह, विशाल राजपूत, अमृत बाल्मीकि, निहाल, दीपू, अंकित, राजेंद्र, वीरेश सहित बड़ी संख्या में नेशनल स्टूडेंट यूनियन ऑफ इंडिया के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाकर किया जाए लागू

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- जनंसख्या समाधान फाउंडेशन ने डीएम को दिया ज्ञापन
- स्वास्थ्य कर्मियों ने रैली निकालकर किया जनजागरण

**अमृत विचार :** शहर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर जनसंख्या दिवस मनाया गया। इसके नियंत्रण के लिए लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से जनजागरण रैली निकाली गई। वहीं जनसख्ंया समाधान फाउंडेशन ने प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम को देकर जनसंख्या नियंत्रण पर कानून बनाकर इसके लागू किए जाने की मांग की।

शहर के अशोक नगर से रैली का शुभारंभ डा. उमा राजपूत, मारुती माहेश्वरी एवं विकास भारती ने हरी झंडी दिखाकर किया। परिवार नियोजन काउंसलर पूनम सक्सेना ने कहा कि 11 से 24 जुलाई तक नसबंदी पखवाड़ा बनाया जाएगा। 26 जुलाई को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अशोक नगर पर महिला नसबंदी शिविर लगेगा। प्रत्येक शुक्रवार को पीपीआई, ओसीडी एवं परिवार नियोजन की अन्य सेवाएं दी जाएंगी। रैली के माध्यम से लोगों को परिवार नियोजन के लिए जागरूक किया गया। अंजुस शर्मा, पूरन सिंह, संजू कुमार, सुनील कुमार, अरविंद कुमार मौजूद रहे। इसी क्रम में जनसंख्या समाधान फाउंडेशन द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को ज्ञापन देकर जनंसख्या नियंत्रण कानून लागू किए जाने की मांग की गई। प्रदीप मिश्रा, रमाकांत मिश्रा, यशवीर सिंह राठौर, अजय प्रकाश गुप्ता, पूर्व पालिकाध्यक्ष राजेंद्र बौहरे, अरविंद सिंह चौहान मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने मांगों को लेकर कलक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर धरना भी दिया।



हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना करते डॉ. विकास भारती। ● अमृत विचार


कलेक्ट्रेट पर धरना देते जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# अवैध खनन के चलते बने गड्ढे में डूबकर दो बालकों की मौत

**एटा/मिरहची, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र में अवैध खनन के गड्ढे ने दो बालक की जान ले ली। इस गड्ढे में बारिश का पानी भर गया था। दोनों बालक पानी में मस्ती करने के लिए उतरे थे। दोनों ही पानी में डूब गए। पुलिस ने ग्रामीणों की सहायता से दोनों के शव बाहर निकालने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं।

मिरहची थाना क्षेत्र के गांव दतेई में बुधवार की शाम 8 वर्षीय आर्यन पुत्र विवेक चौहान और 8 वर्षीय देव पुत्र सोनू घर में बिना बताए खेलने गए। दोनों बालक काफी देर तक घर लौटकर नहीं आए तो परिवार के लोगों को चिंता होने लगी। दोनों बालकों की तलाश शुरू कर दी गई। परिवार के लोग और ग्रामीण बच्चों को खोजते हुए गड्ढे के पास पहुंचे, जहां दोनों के शव दिखाई दिए। बालकों के शव को देख परिवार के लोगों में चीख पुकार मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर आ गई। पुलिस ने ग्रामीणों की सहायता से दोनों के शवों को गड्ढे से बाहर निकाल लिया। पुलिस ने बताया कि गड्ढे में डूबने से बालकों की मौत हुई है। दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि कुछ समय पूर्व ही खेतों की मिट्टी का अवैध रूप से खनन किया गया था, जिसके चलते बड़ा सा गड्ढा बन गया। इस गड्ढे में बारिश का पानी जमा हो गया था।

### गंगा में जरा से उफान में कट गया बरोना बांध, कटघरे में खड़ा सिंचाई विभाग, सवालों से बच रहे हैं अधिकारी

# मुख्यमंत्री ने कहा था- न झेलनी पड़े बाढ़, जरा से पानी में फिर बिगड़े हालात

गजेंद्र चौहान, कासगंज

**अमृत विचार:** साहब... करोड़ों रुपए की मिट्टी की बोरियां बाढ़ से बचाव के कार्यों के लिए डलवाई गईं, लेकिन पानी की एक धारा में ही बह गईं। इस तरह की रिपोर्ट बनाकर शासन को चली जाती है और हर साल सिंचाई विभाग के जिम्मेदार घालमेल कर लेते हैं। कई बार जांच में अफसर फंसते नजर आए हैं तो ठेकेदारों पर कार्रवाई का भरोसा देकर गर्दन बचाते रहे, लेकिन इस बार कई अफसर सीधे मुख्यमंत्री के निशाने पर हो सकते हैं, क्योंकि पिछले साल मुख्यमंत्री योगी

> फोन पर नहीं बताया जा सकता कि क्या-क्या लापरवाही रही। बहुत से कारण हैं और इसके लिए कई लोग जिम्मेदार हैं। खनन होना भी मुख्य कारण है और भी अन्य कारण हैं। बहुत कुछ बोलना ठीक नहीं है। अब जो भी हो इससे ज्यादा कुछ नहीं कह सकते।
>
> **-शेर सिंह**, अधिशासी अभियंता सिंचाई

आदित्यनाथ बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा करने आए थे तो तो अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि सुरक्षा की ऐसी मजबूत दीवार बनाई जाए कि बरोना को बाढ़ छू भी न पाए।

इसके बाद करोड़ों रुपए का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेज दिया गया। धनराशि मिल गई और अफसरों ने काम ठेकेदार को सौंप दिया। पहले तो हल्की सी बारिश में ही बरोना को बचाने के लिए बनाए गए बांध की मिट्टी ढहने लगी और अब बैराजों से थोड़ा पानी क्या छूटा बांध कटने लगा और अभी से ग्रामीणों की धड़कनें बढ़ा दीं। सवाल उठ रहा है कि मुख्यमंत्री के आदेशों के बाद कराए गए कार्यों में हुई लीपापोती का जिम्मेदार आखिर कौन है? सिंचाई विभाग के अधिकारी इस सवाल से कतराते नजर आ रहे हैं । सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता कहते हैं कि फोन पर कुछ नहीं बताया जा सकता। जो हुआ उसके लिए बहुत लोग जिम्मेदार हैं।

#### हर साल बाढ़ में बर्बाद हो जाता है बरोना

पिछले तीन साल से पटियाली क्षेत्र के गांव बरोना का अस्तित्व खतरे में पड़ जाता है। गांव में घुसा पानी कटान करने लगता है और बाढ़ हर घर समेटने का आतुर दिखाई देती है। ग्रामीणों से गांव खाली करा दिया जाता है। पिछले साल पूरा गांव खाली कर समीप के गांव में ही राहत शिविर लगाया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पिछले साल आए और बरोना के बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री बांटी। अधिकारियों के साथ विशेष बैठक में कहा कि अगली बरोना गांव तक पानी न पहुंचे। ग्रामीणों की बर्बादी न होने पाए। इसके बाद इस तरह काम कराए गए कि लगा इस बार बरोना सुरक्षित रहेगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। अभी भयावह बाढ़ के हालात नहीं है तब बरोना गांव में कटान हो रहा है। जियो ट्यूब धंस गए हैं। अधिकारियों के हाथ पांव फूल रहे हैं। सिंचाई विभाग के अधिकारी जवाब नहीं दे पा रहे।

#### दागी ठेकेदार को ही सौंप दिया काम

बाढ़ से बचाव का कार्य करने की जिम्मेदारी ठेकेदार भंवर सिंह को सौंप दी गई। इस ठेकेदार पर आरोप है कि दो साल पहले बाढ़ के दौरान जब कटान हुआ तो कार्य कराने में गड़बड़ी की थी। हालांकि, बाद में अधिकारियों ने सब कुछ संभाल लिया। अब मुख्यमंत्री की प्राथमिकता वाला कार्य भी इन्हीं को दे दिया गया।

#### अभी से यह हाल तो आगे क्या होगा

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अब्दुल हफीज गांधी ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने कहा कि बरौना में अभी से यह हाल है तो आगे क्या होगा? मुख्यमंत्री के आदेशों का सही से पालन नहीं हुआ है। उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए और जो भी दोषी हो उस पर कार्रवाई होनी चाहिए।

## 16 से 22 जुलाई तक होगा भूजल सप्ताह का आयोजन

**एटा, अमृत विचार:** मुख्य विकास अधिकारी डा0 अवधेश कुमार बाजपेयी ने बताया है कि भूगर्भ जल के महत्व और उस पर आसन्न संकट को दृष्टिगत रखते हुये जन-सामान्य में इसके संरक्षण, प्रबन्धन, विवेकयुक्त उपयोग एवं विकास तथा विनियमित दोहन के प्रति जागरूकता सृजित करने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष 16 जुलाई, से 22 जुलाई के मध्य ''भूजल सप्ताह'' का आयोजन करने का निर्णय लिया गया है।

इस वर्ष मुख्य विचार बिन्दु ''जल संरक्षण का करो प्रयास- जल ही है जीवन की आस'' रखा गया है, जिस पर उक्त आयोजन केन्द्रित रहेगा। भूजल सप्ताह के तहत परिचर्चा और संवाद, निबन्ध, प्रतियोगिता, वादविवाद प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता आदि का आयोजन विभिन्न विभागों द्वारा कराया जायेगा। जिससे आम जनमानस में भू जन के उपयोग एवं संरक्षण के प्रति जागरूकता पैदा की जा सकेगी।

# कांवड़ यात्री हमारे अतिथि, सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी

### मंडलायुक्त, आईजी ने कलेक्ट्रेट सभागार में सेंट्रल पीस कमेटी और अधिकारियों के साथ की बैठक

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- **पुलिस एवं प्रशासन कांवड यात्रा के रूट का करे निरीक्षण**

**अमृत विचार :** बुधवार की देर शाम कलक्ट्रेट सभागार में मंडलायुक्त एवं आईजी ने जिले के अधिकारियों के साथ कांवड़ यात्रा को लेकर सेंट्रल पीस कमेटी की बैठक की। मंडलायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समय रहते कांवड़ यात्रा मार्ग का निरीक्षण करें। यदि कहीं काई अव्यवस्था है तो इसे उच्च अधिकारियों के संज्ञान में लाए। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा में शामिल होने वाले श्रद्धालु हमारे अतिथि हैं इनकी सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी है।

बैठक में डीएम मेधा रूपम, एवं एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने मंडलायुक्त चैत्रा वी को अवगत कराया कि कांवड यात्रा की पूर्ण तैयारियां चल रही है। पीस कमेटियों की बैठक लगातार चल रही हैं। साफ-सफाई, कांवड यात्रा रोड़ पर पड़ने वाले झाड़ियों की कटाई, विद्युत, चिकित्सा, चेजिंग रूम, सीसीटीवी कैमरा, संकेतक चिन्ह, रूट डायवर्ट कंट्रोल रूम की स्थापना, अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी, मोबाइल टॉयलेट, महिला शौचालय इत्यादि की जानकारी दी। मंडलायुक्त ने मोहर्रम पर्व के मद्देनजर ताजियादारों को किसी भी नई परंपरा शुरू करने की अपील की। मोहर्रम को लेकर सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन से अवगत कराया गया। उन्होंने कहा कि हर हाल में सरकारी निर्देश का पालन सुनिश्चित करें। आपसी सौहार्द के साथ मोहर्रम का पर्व मनाएं। मोहर्रम के जुलूस में किसी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र प्रतिबंधित रहेगा। ताजिया की ऊचांई निश्चित रखें। कोई भी ताजिया ज्यादा ऊंचा ना बनाएं ताकि ताजिया के जुलूस में किसी प्रकार का अवरूद्ध उत्पन्न न हो। मंडलायुक्त ने कहा कि जिले की सीमा से होकर गुजरने वाले कांवड़ यात्रियों को किसी प्रकार का समस्या उत्पन्न न हो। कांवड मार्ग में किसी भी प्रकार की मीट व मछली की दुकानें नहीं खुलनी चाहिए। सभी ढाबों की नियमित चेकिंग की जाये। ढाबों पर लिस्ट रेट होनी चाहिए। अपर आयुक्त भगवान शरण, एसपी मुख्य विकास अधिकारी सचिन, अपर जिलाधिकारी राकेश कुमार पटेल, अपर पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्साधिकारी, अपर मुख्य अधिकारी, सभी एसडीएम सहित संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।



सेंट्रल पीस कमेटी की बैठक में मौजूद मंडलायुक्त चैत्रा वी, आईजी शलभ माथुर, डीएम मेधा रूपम, एसपी अपर्णा रजत कौशिक।

#### मंडलायुक्त व आईजी ने रोपित किए पौधे

मंडलायुक्त चैत्रा वी एवं आईजी शलभ माथुर ने डीएम मेधा रूपम के साथ कलेक्ट्रेट परिसर में पीपल, बरगद व पाकड़ का पौधा रोपण किया। मंडलायुक्त ने बताया कि वन महोत्सव, जिसका शाब्दिक अर्थ हैं 'वन उत्सव जो एक महान पारंपरिक भारतीय त्योहार है जो प्रकृति की सुदंरता के बारे में जागरूकता पैदा करने, और पुनर्चक्रण की अवधारणा को बढ़ावा देने के लिए पेड़ लगाकर मां पृथ्वी को सम्मान और प्रेम करने की भारतीय संस्कृति और विरासत को दर्शाता है। सभी लोग अपनी मां के सम्मान में एक-एक पेड़ अवश्य लगाएं। पेड़ हमारी रक्षा करते हैं हम भी उनकी देखभाल करें जिससे वातावरण साफ-सुथरा रहे। आईजी शलभ माथुर ने कहा कि पर्यावरण संवर्द्धन के लिए देश के प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किए गए एक पेड़ मां के नाम अभियान का हिस्सा बनें तथा वृक्ष लगाकर धरा को स्वच्छ, सुंदर एवं हरा भरा रखने में अपना अहम योगदान दें।



कलेक्ट्रेट परिसर में पौधा रोपण करतीं मंडलायुक्त चैत्रा वी, आईजी शलभ माथुर।

## कांवड़ यात्रा को लेकर पूरी हो तैयारी, न हो कोई परेशानी

संवाददाता,एटा

- **कांवड़ यात्रा को लेकर डीएम ने दिए अधिकारियों को निर्देश**
- **एसडीएम न्यायिक जलेसर को नोडल अधिकारी किया नामित**

**अमृत विचार:** डीएम प्रेम रंजन सिंह ने 22 जुलाई से शुरू हो रही कावड़ यात्रा को दृष्टिगत दिशा निर्देश जारी किए हैं। डीएम ने कहा कि श्रावण मास 19 अगस्त तक रहेगा। इस दौरान कांवड़ यात्राएं परम्परागत रूप से निकाली जायेगीं। कांवड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु जगमोहन गुप्ता, उप जिलाधिकारी (न्यायिक) जलेसर को नोडल अधिकारी नामित किया गया गया है, जो संबंधित विभागीय अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर अपर जिलाधिकारी प्रशासन के दिशा-निर्देशन में कार्य करेंगे।

डीएम ने कहा कि कावड़ यात्रा को लेकर शासन गंभीर है, कावड़ यात्रा के दौरान विशेष सतर्कता बरतना जरूरी है। डीएम ने अपर पुलिस अधीक्षक को निर्देशित किया है कि रूट डायवर्जन एवं विशेष पर्वों पर आगरा रोड, कासगंज रोड व अन्य संबंधित समस्त मार्गो पर यातायात व रूट डायवर्जन की समुचित व्यवस्था की जाए। सभी मार्गों एवं प्रमुख शिवालयों पर मजिस्ट्रेट की तैनाती की जाएगी। सीएमओ द्वारा कांवड यात्रा वाले मार्गों पर एम्बूलेंश की समुचित व्यवस्था एवं चिकित्सकों की ड्यूटी लगाई जाए। एआरएम रोडवेज कावंड यात्रा के दौरान जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित डायवर्जन, वैकल्पिक मार्ग पर ही बसों का संचालन सुनिश्चित करें।

डीएम ने कहा कि अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग द्वारा जनपद के समस्त कावंड मार्गों की समय से मरम्मत कराई जाए। समस्त क्षेत्राधिकारी एवं उप जिलाधिकारी जनपद के सम्भ्रांत नागरिक, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायतों से वार्ता कर कांवड यात्रा के मार्गो पर पेयजल खान-पान के स्टाल आदि से आच्छादित कराना सुनिश्चित करें। संवेदनशील कस्वों व मार्गो पर पर्याप्त मात्रा में पुलिस व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि कोई कानून व्यवस्था भंग होने की स्थिति उत्पन्न न हों। डीएम ने निर्देश दिए कि समस्त थाना प्रभारी उक्त त्योहार के दृष्टिगत कांवड ड्यूटी में लगे समस्त पुलिस बल को अपने स्तर से ब्रीफ करेगें एवं स्वयं भ्रमणशील रहकर उक्त कांवड ड्यूटी को सकुशल सम्पन्न कराया जाना सुनिश्चित करेगें। कांवड मार्ग पर मीट, मछली, मांस अण्डे की दुकानों व मॉग व शराब के ठेके आदि को नगरपालिका, राजस्व विभाग व आबकारी विभाग से समन्वय कर हटवा दें।

REQUIREMENT
आवश्यकता है
1. हॉस्पिटल सुपरवाइजर
2. कम्पाउंडर
3. वार्ड बॉय / वार्ड आया
4. हॉस्टल केयर टेकर महिला
5. कुक पुरुष/ महिला
6. नर्स/आयुर्वेदिक परिचारिका
7. स्टोर इंचार्ज
संपर्क करें
रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
सैक्टर-1 राम गंगा नगर योजना, डोहरा रोड, बरेली (उ.प्र.)
फोन नं. 8077808309, 9837357497

### औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में प्रवेश के लिए चार तक करें आवेदन

**एटा, अमृत विचार :** प्रदेश के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में आनलाइन आवेदन की प्रवेश प्रक्रिया 10 जुलाई से प्रारम्भ हो गयी हैं। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जलेसर एटा में संचालित एनसीवीटी व एससीवीटी व्यवसायों में प्रवेश लेने वाले इच्छुक अभ्यार्थी राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद की बेवसाइट पर जाकर अन्तिम तिथि 4 अगस्त की मध्य रात 12 बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकमे हैं।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

# रोटरी क्लब ने पीएसी में किया एक हजार पौधों का रोपण



पीएसी में पौधारोपण करते हुए रोटरी क्लब के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता,एटा

**अमृत विचार:** रोटरी क्लब एटा द्वारा दस हजार वृक्ष लगाने का जो बीड़ा उठाया गया है उसे पूर्ण करने के लिए दूसरे दिन गुरुवार को पीएसी बटालियन 43वी वाहिनी पर 1000 हजार वृक्ष लगाए, जिसमे मुख्य अतिथि पीएसी कमांडेंट आदित्य प्रकाश रहे। उनका रोटरी क्लब एटा के अध्यक्ष नीरज गुप्ता ने बुके देकर स्वागत किया।

आदित्य प्रकाश ने ने सभी पीएसी जवानों से एक-एक वृक्ष लगवाया। कहा की ये अब आपके परिवार का सदस्य है उसी तरह आपको इसकी देखभाल करनी है ।अमरूद, आँवला, सहजन, इमली, पीपल, जंगल जलेबी, नींबू, जामुन के पौधों का रोपण प्रमुख रूप से किया गया। कार्यक्रम संयोजक सनी जैन (डॉयरेक्टर रोटरी क्लब एटा) ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद किया और सभी से प्रकृति के संरक्षण की अपील की।

इस कार्यक्रम में रोटरी क्लब एटा के कोषाध्यक्ष साजन देव, हितेश्वर सहाय एडवोकेट, चंद्र मोहन, अमित गुप्ता, प्रसून, वरूण, विकास अग्रवाल, प्रशांत गुप्ता उर्फ चिंटू, साथ रहे।

# लोकतंत्र के लिए काला धब्बा आपातकाल

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी द्वारा आपातकाल को काला दिवस के रूप में मनाया गया। भाजपा जिला कार्यालय पर विचार गोष्ठी हुई। वक्ताओं ने आपातकाल को लोकतंत्र देश के लिए काला धब्बा बताया। साथ ही निर्णय लिया गया कि तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा संविधान विरोधी किए गए कार्य के लिए पुस्तकों की प्रतियां तैयार कराकर वितरित की जाएंगी।

मुख्य वक्ता भाजपा वरिष्ठ नेता ज्ञान प्रकाश गुप्ता ने कहा कि 25 जून 1975 की आधी रात को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा देश में आजादी छीन ली गई उस दौरान संविधान के मूल अधिकार छीन लोगों पर जुल्म किया गया जो आजाद भारत में आज तक नहीं हुआ। जबर्दस्ती नसबंदी की गई। जिलाध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी ने कहा कि पूरी तरह तानाशाही करते हुए लोगों को जेलों में डाला गया। वही कांग्रेस अपने हाथों में संविधान की पुस्तक लहरा कर संविधान को खतरा बता रही है। आपातकाल की छपी पुस्तकों की प्रतियां लोगों के बीच मे बांटा जाएगा। ताकि जन जन तक इनके देश विरोधी व संविधान विरोधी कार्यों का पता चल सके। विचार गोष्ठी के बाद कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। रमेश चंद्र साहू, नवल कुलश्रेष्ठ,जिला महामंत्री नीरज शर्मा, राजवीर सिंह भल्ला,जिला उपाध्यक्ष कौशल साहू, सीमा शाक्य,उत्तम चंद्र पाथरे, मण्डल प्रभारी महेंद्र सिंह राणा, संजय पुंढीर,कृष्णकांत वशिष्ठ, अनुरोध प्रताप, केपी सिंह, विजयकांत गौतम,पिछड़ा मोर्चा के जिलाध्यक्ष डॉ०खूब सिंह, जय सिंह वर्मा,मण्डल अध्यक्ष शरद गुप्ता, अखण्ड प्रताप सिंह, संजय दुबे, संपूर्णानंद भरद्वाज, कुलदीप प्रतिहार, विनम्र अग्रवाल नेत्रपाल मंत्री विजय सिंह आदि उपस्थित रहे।।



विरोध में प्रदर्शन करते भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी। ● अमृत विचार

VARUN ARJUN UNIVERSITY
VARUN ARJUN COLLEGE OF PHARMACY & PARAMEDICAL
PCI & State Medical Faculty Approved
D.Pharm/B.Pharm
(Now seats are available for direct admission)
Diploma in X-ray Technician
Now seats are available for direct admission-Eligibility 10+2 PCM
Diploma in Lab Technician (DMLT)
Now seats are available for direct admission-Eligibility 10+2 PCM
VAMCRH SHAHJAHANPUR Excellence towards profession
We focus on interdisciplinary research though collaboration with industry, medical college & develop students for future endeavors in healthcare. We educate student to serve society by take care of challenges Pharmaceutical industry & in Paramedical, healthcare assistant, laboratory analysts research assistants, medical technician, Radiology technologists, imaging technician, Diagnostic centres & research institutions. We prepare our students for various competitions like exit Exams. Experienced and dedicated faculties are the hallmarks of our institute, who are continuously helping student in publishing research & obtaining patent.
Direct Admission Open
Session 2024-25
100% Placement
Admission Helpline:7521001993
Website:-www.varunarjunmedicalcollege.com, Email ID: varunarjun trust@gmail.com
Address : NH-30, Banthra, Shahjahanpur (U.P.)

# श्री दिगंबर जैन मंदिर से बैंडबाजों के साथ निकाली यात्रा

संवाददाता,अवागढ़

**अमृत विचार:** धर्म नगरी में हम सभी की आराधना के परम केंद्र दिगम्बर सरोवर के राजहंस संत शिरोमणि आचार्य भगवन विद्यासागर जी महाराज की समाधि उपरान्त प्रथम संयम (दीक्षा) महोत्सव के अवसर पर ब्रह्मचारी राजेन्द्र भैया (शाहपुर सागर) जिनकी दीक्षा आचार्य गुरुवर निर्भय सागर महाराज के कर कमलों से 25 जुलाई को तपोवन तीर्थ मध्य प्रदेश पर होनी है, उनकी बिनौली यात्रा नगर के श्री दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर से शुरू होकर किला रोड, जलेसर रोड, मैन बाजार, एटा आगरा मार्ग तक दर्जनों धर्मावलंबियों के साथ निकाली गई। जैन समाज के लोगों ने जगह जगह भैया का तिलक लगा माला पहनाकर स्वागत किया। शाम को श्री दिगम्बर जैन अटारी पारसनाथ मंदिर में श्री भक्ताम्बर विधान की 48 दीपक द्वारा महाअर्चना की गयी। इसके उपरांत भगवान की आरती उतारी गई। आचार्य विद्या सागर महाराज के जीवन परिचय पर प्रतियोगिता कर विजेता बच्चों को उपहार भेट किये गये।

विपन जैन, तरुण जैन, यतेंद्र कुमार जैन, चेतन्य जैन लालजी, परमिल जैन सेठी, विशाल जैन, प्रशांत जैन लंबू, प्रांशु जैन कोटकी, प्रशांत जैन डेनी, नमन जैन, योगेश जैन, विनय जैन, आशुतोष जैन बंटी, अरुण जैन, पीयूष जैन, अंशुल जैन, मंजुला जैन, आशा जैन, सुनीता जैन, सुमन जैन, प्रियंका जैन, काजल जैन दीप्ति जैन, आदि थे।



बिनौली यात्रा में शामिल जैन समाज के लोग। ● अमृत विचार

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा इण्टरमीडिएट वर्ष 2015 अनुक्रमांक 0747284 का प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है जो काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिला है। **पिंटू वर्मा पुत्र विजय बहादुर निवासी ग्राम पंचायत अहरूईया पोस्ट सिंगरौरा थाना कुंवरगांव जिला बदायूँ। मो. 8650292005**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र मो. अयान की हाईस्कूल वर्ष 2022 अनुक्रमांक 12020738168 की मूल अंक तालिका वास्तव में कहीं खो गई है जो काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिली है। **तारिक अली पुत्र श्री मासूम अली निवासी ग्राम ढकनी रजपुरी तहसील फरीदपुर जिला बरेली।**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा एक प्लाट तादादी 50 गज व एक दुकान 10X10 फिट आरसीसी का लिंटर जोकि एजाज नगर गौटिया नियर चाँद मस्जिद, सलीम मेडिकल स्टोर के सामने, बरेली में स्थित है जिसका मैं अकेला मालिक हूँ और इसमें कोई हिस्सेदार नहीं है तथा यह मकान व दुकान मुझे विरासत में मेरी माता से मिली है। मैं उक्त मकान व दुकान को बेचना चाहता हूँ। **रियासत पुत्र स्व. शहादत निवासी एजाज नगर गौटिया पुरानी मस्जिद के पास पुराना शहर बरेली। मो. 9528177827**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

यदि सन्तं सेवति यद्यसन्तं तपस्विनं यदि वा स्तेनमेव।
वासो यथा रङ्गवशं प्रयाति तथा स तेषां वशमभ्युपैति॥

कपड़े को जिस रंग में रंगा जाए, उस पर वैसा ही रंग चढ़ जाता है, इसी प्रकार सज्जन के साथ रहने पर सज्जनता, चोर के साथ रहने पर चोरी तथा तपस्वी के साथ रहने पर तपश्चर्या का रंग चढ़ जाता है।

## संपादकीय

# सफल कूटनीति

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हाल की रूस यात्रा सफल कूटनीति के उदाहरण के रूप में याद रखी जाएगी। भारत-रूस के शीर्ष नेताओं की मुलाकात और बातचीत पर अमेरिका समेत नाटो के 32 सदस्य देशों की भी निगाहें टिकी थीं। यात्रा का सबको सही संदेश मिला है। महत्वपूर्ण है कि अमेरिका ने भारत-रूस संबंधों पर कहा है कि इसका असर भारत-अमेरिका संबंधों पर नहीं पड़ेगा। रूस के चीन और पाकिस्तान के साथ घनिष्ठ संबंध हैं, जिन्होंने पिछले कुछ वर्षों में भारत के लिए कई भू-राजनीतिक मुद्दों का कारण बना दिया है। इसलिए प्रधानमंत्री की इस यात्रा के पीछे जहां द्विपक्षीय रिश्तों को संदेहों और अविश्वासों से मुक्त करने की बात थी, वहीं अंतर्राष्ट्रीय हलकों में यह स्पष्ट संदेश भेजना था कि भारत को किसी तरह के दबाव के जरिए झुकाना संभव नहीं है। शीत युद्ध के दौरान, भारत और सोवियत संघ के बीच एक मज़बूत रणनीतिक, सैन्य, आर्थिक और राजनयिक संबंध थे। सोवियत संघ के विघटन के बाद, रूस को भारत के साथ अपने घनिष्ठ संबंध विरासत में मिले, जिसके परिणामस्वरूप दोनों देशों ने एक विशेष सामरिक संबंध साझा किया। इसके अलावा रूस संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद और परमाणु आपूर्तिकर्ता समूह की स्थायी सदस्यता के लिए भारत की उम्मीदवारी का समर्थन करता है। बहरहाल दोनों नेताओं ने 2030 तक द्विपक्षीय कारोबार 100 अरब डॉलर से अधिक करने का लक्ष्य तय किया है। फिलहाल यह कारोबार 65 अरब डॉलर का है। एक बार फिर से साबित हो गया है कि युद्ध के खिलाफ और शांति के पक्ष में भारत का रूख एकदम स्पष्ट है। प्रधानमंत्री मोदी ने रूस के राष्ट्रपति पुतिन के साथ बातचीत में कहा कि युद्ध के मैदान से कोई हल नहीं निकलता।

यात्रा के दौरान दोनों देशों में सहयोग बढ़ाने के समझौते हुए। रूस ने भारत को आश्वस्त किया है कि जो प्रौद्योगिकी उसे दी जाएगी, वह अन्य किसी देश के साथ साझा नहीं की जाएगी। अब प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति पुतिन मॉस्को में 17वीं बार मिले हैं। प्रधानमंत्री 10 साल के कार्यकाल में 6 बार रूस गए हैं और पुतिन 4 बार भारत आए हैं। बातचीत से ही शांति, स्थिरता के रास्ते खुलते हैं। बदलते वैश्विक हालातों में रूस के राष्ट्रपति पुतिन को भारत की ज़रूरत है और भारत चाहता है कि पुतिन चीन के साथ रिश्तों को बेहतर बनाने में भारत की मदद करे। अमेरिका और यूरोपीय देशों के (यानी नाटो के) खिलाफ सिर्फ़ चीन-रूस और भारत मिलकर एक बड़ी ताक़त के रूप में सामने आते हैं। यह एक अच्छी रणनीति है।

# परिवार नियोजन यात्रा: निर्णायक क्षण और चुनौतियां


जगत प्रकाश नड्डा
केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री

> जनसांख्यिकीय परिवर्तनों के प्रति रवैया : भारत में मिलेनियल महिलाएं छोटे परिवारों को चुन रही हैं। ऐसे प्रत्येक परिवार में औसतन केवल दो बच्चे होते हैं। यह प्रवृत्ति पिछले दशक में एक महत्वपूर्ण बदलाव को दर्शाती है, जिसके दौरान प्रजनन आयु (15 से 49 वर्ष) की आधी से अधिक महिलाओं (57 प्रतिशत) ने आधुनिक गर्भनिरोधकों का सक्रिय रूप से उपयोग किया है।

विश्व जनसंख्या दिवस पर, हम परिवार नियोजन के क्षेत्र में भारत की अविश्वसनीय यात्रा पर गौर करते हैं। हम अपनी सफलताओं का उत्सव मनाते हैं, आशाओं से भरे भविष्य की कामना करते हैं और आगे आने वाली चुनौतियों से निपटने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं। जैसा कि मई 2024 में जनसंख्या विकास पर संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (आईसीपीडी) के 30 वें सम्मेलन में संकल्प व्यक्त किया गया है, भारत ने न केवल आईसीपीडी के एजेंडे को मजबूत नेतृत्व प्रदान किया है, बल्कि बेहतर परिवार नियोजन सेवाओं और नाटकीय रूप से बेहतर स्वास्थ्य संबंधी नतीजों, विशेष रूप से मातृ और बाल स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुधार के जरिए जमीनी स्तर पर जबरदस्त प्रगति का प्रदर्शन किया है।

जनसांख्यिकीय परिवर्तनों के प्रति रवैयाः भारत में मिलेनियल महिलाएं छोटे परिवारों को चुन रही हैं। ऐसे प्रत्येक परिवार में औसतन केवल दो बच्चे होते हैं। यह प्रवृत्ति पिछले दशक में एक महत्वपूर्ण बदलाव को दर्शाती है, जिसके दौरान प्रजनन आयु (15 से 49 वर्ष) की आधी से अधिक महिलाओं (57 प्रतिशत) ने आधुनिक गर्भनिरोधकों का सक्रिय रूप से उपयोग किया है। गर्भनिरोधकों का यह व्यापक उपयोग भारत के परिवार नियोजन कार्यक्रम की सफलता को दर्शाता है। हालांकि परिवार नियोजन का आशय केवल गर्भनिरोधकों से कहीं आगे है। यह महिलाओं, परिवारों और समुदायों के स्वास्थ्य एवं कल्याण का अभिन्न अंग है। यह महिलाओं, लड़कियों एवं युवाओं को अधिकार और विकल्प प्रदान करके उन्हें सशक्त बनाता है।

राष्ट्रीय जनसंख्या और स्वास्थ्य संबंधी नीतियां परिवार नियोजन की अधूरी रह गई उस जरूरत को पूरा करने की आवश्यकता पर बल देती हैं, जिसे वैसी महिलाओं के प्रतिशत के रूप में परिभाषित किया जाता है, जो बच्चे नहीं चाहती हैं या बच्चे को जन्म देने में देरी करना चाहती हैं, लेकिन गर्भनिरोधक का कोई भी तरीका नहीं अपना रही हैं। इस कार्यक्रम ने 2012 में प्रजनन, मातृ, नवजात, बाल और किशोर स्वास्थ्य (आरएमएनसीएच+ए) दृष्टिकोण के संस्थागतकरण के साथ एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की, साथ ही परिवार नियोजन 2020 और अब परिवार नियोजन 2030

> राष्ट्रीय जनसंख्या और स्वास्थ्य संबंधी नीतियां परिवार नियोजन की अधूरी रह गई उस जरूरत को पूरा करने की आवश्यकता पर बल देती हैं, जिसे वैसी महिलाओं के प्रतिशत के रूप में परिभाषित किया जाता है, जो बच्चे नहीं चाहती हैं या बच्चे को जन्म देने में देरी करना चाहती हैं, लेकिन गर्भनिरोधक का कोई भी तरीका नहीं अपना रही हैं।

के माध्यम से परिवार नियोजन पर वैश्विक स्तर पर जोर दिया गया। इसने निरंतर जागरूकता बढ़ाने, सामुदायिक जुड़ाव को बढ़ावा देने, सूचना और सेवाओं की सुलभता में सुधार करने, गर्भनिरोधक विकल्पों की सीमा का विस्तार करने, अंतिम छोर तक दी जाने वाली सेवाओं की गुणवत्ता संबंधी आश्वासन सुनिश्चित करने और उच्च प्रजनन क्षमता वाले क्षेत्रों में नई रणनीतियों को लागू करने पर ध्यान केंद्रित किया है।

किसी देश की प्रगति और विकास जनसंख्या के आयामों से जुड़ा हुआ है। भारत पहले ही राष्ट्रीय स्तर पर प्रजनन क्षमता के प्रतिस्थापन स्तर (टीएफआर 2.0) को प्राप्त कर चुका है और एनएफएचएस-5 (2019-21) के अनुसार 31 राज्य/केंद्र शासित प्रदेश पहले ही यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं, जो इसकी यात्रा की सफलता की कहानी है। भारतीय राज्यों की जनसांख्यिकीय विविधता दुनिया में अनूठी है और परिवार नियोजन की रणनीतियों को इसके अनुरूप ही ढाला गया गया है। सुलभ गर्भनिरोधक विकल्पों की सीमा को व्यापक बनाने के साथ-साथ, यह रणनीति विवाह की आयु, पहले जन्म की आयु और लड़कियों की शैक्षिक प्राप्ति जैसे सामाजिक मुद्दों पर भी महत्वपूर्ण रूप से विचार करती है। ये कारक परिवार नियोजन के लिए एक समग्र दृष्टिकोण बनाने की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं, जो राष्ट्र की विविध आवश्यकताओं को पूरा करता है। मिशन परिवार विकास (एमपीवी): परिवार नियोजन में बदलावः भारत सरकार के प्रमुख परिवार नियोजन कार्यक्रमों में से एक, मिशन परिवार विकास को 2016 में सात राज्यों (बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड और असम) के उच्च प्रजनन दर वाले 146 जिलों में गर्भनिरोधक और परिवार नियोजन सेवाओं तक पहुंच बढ़ाने के लिए शुरू किया गया था।

यह व्यापक अभियानों के माध्यम से परिवार नियोजन सेवाओं के लिए एक परिवर्तनकारी दृष्टिकोण पर आधारित था। इसके तहत, सारथी वाहनों (वाहन के जरिए जागरूकता), युवा महिलाओं के लिए गर्भनिरोधकों तक पहुंच की सुविधा में सामाजिक बाधाओं को दूर करने के लिए सास-बहू सम्मेलनों का आयोजन और नवविवाहित जोड़ों को परिवार नियोजन और जिम्मेदार माता-पिता की प्रथाओं के बारे में जागरूक बनाने के लिए नई पहल किट प्रदान करने जैसे विभिन्न कार्यक्रमों को शामिल किया गया था। एमपीवी जिलों में आधुनिक गर्भनिरोधकों के उपयोग में इन बेहतर परिणामों के कारण सरकार ने 2021 में इस कार्यक्रम को सात राज्यों के सभी जिलों और छह पूर्वोत्तर राज्यों में विस्तार करने का निर्णय लिया।

राष्ट्रीय परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत विकल्पों का विस्तारः जनसंख्या की बदलती जनसांख्यिकी और जरूरतों के अनुरूप, वित्तीय वर्ष 2016-17 में गर्भनिरोधक विकल्पों का विस्तार किया गया। वर्तमान में राष्ट्रीय नियोजन कार्यक्रम कंडोम, अंतर्गर्भाशयी गर्भनिरोधक उपकरण, मुंह से ली जाने वाली गोलियां, एमपीए इंजेक्शन समेत विभिन्न प्रकार के प्रतिवर्ती आधुनिक गर्भनिरोधक प्रदान करता है। 10 राज्यों में, जिनमें से प्रत्येक में दो जिले शामिल हैं, उपत्वचीय प्रत्यारोपण और त्वचा के नीचे दिया जाने वाला इंजेक्शन (अंतरा-एससी) शुरुआती चरण में हैं, जिसकी आने वाले वर्षों में पूरे भारत में विस्तार की योजना है। कार्रवाई का आह्वानः विश्व जनसंख्या दिवस 2024 का विषय है "मां और बच्चे के स्वास्थ्य एवं कल्याण के लिए गर्भावस्था का स्वस्थ समय और अंतराल।" हम अपने राज्य समकक्षों के प्रयासों और हमारे स्वास्थ्य कार्यबल, जिसमें एएनएम, आशा और अन्य जमीनी स्तर के कार्यकर्ता शामिल हैं, के अथक समर्पण को स्वीकार करते हैं, जो महत्वपूर्ण जानकारी और सेवाएं देने में सबसे आगे हैं। दुनिया के युवाओं, किशोरों, महिलाओं और बच्चों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हमारे देश में रहता है, जो हमें जनसांख्यिकीय लाभांश का अनूठा उपहार देता है, साथ ही हमारे लोगों के स्वास्थ्य और कल्याण में निवेश करने की महत्वपूर्ण आवश्यकता को रेखांकित करता है।

गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं और गर्भनिरोधकों की एक विस्तृत श्रृंखला तक पहुंच महत्वपूर्ण है। सरकार पहुंच से संबंधित बाधाओं, गर्भनिरोधक विधियों के बारे में गलत धारणाओं, जरूरतमंदों के बीच जागरूकता की कमी, भौगोलिक और आर्थिक चुनौतियों और प्रतिबंधात्मक सामाजिक व सांस्कृतिक मानदंडों को दूर करने के लिए प्रतिबद्ध है। आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के माध्यम से परिवार नियोजन सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है। डिजिटल दुनिया के तेज विकास को देखते हुए, सरकार हमारे विजन को इससे जोड़ने और प्रसारित करने के अवसर का प्रभावी ढंग से उपयोग करने के लिए प्रतिबद्ध है।

परिवार नियोजन लक्ष्यों को हासिल करने के लिए सभी हितधारकों के सहयोग और समर्पण की आवश्यकता है। गर्भनिरोधक विधियों की सीमा का विस्तार करके हमारे युवाओं के प्रजनन स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना आवश्यक है। इसके अलावा, भारत के जनसांख्यिकीय लाभांश को सतत विकास, शहरीकरण और प्रवास की जटिलताओं का समाधान करना चाहिए। इन कारकों को हमारी नीतियों में एकीकृत करना यह सुनिश्चित करता है कि जनसांख्यिकीय वृद्धि समाज के सभी वर्गों के लिए एक स्थायी भविष्य और समावेशी समृद्धि के रूप में सामने आए। विश्व जनसंख्या दिवस पर हम सभी भारत भर के वंचित और कमजोर समुदायों पर विशेष ध्यान देने के साथ एक उज्ज्वल और स्वस्थ भविष्य बनाने का संकल्प लें। आइए हम एक ऐसे भविष्य के लिए प्रयास करें, जहां हमारा जनसांख्यिकीय लाभांश पूरी तरह से साकार हो, जहां प्रत्येक नागरिक को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच की सुविधा हो और जहां हमारे लोगों का स्वास्थ्य और कल्याण हमारे राष्ट्र की प्रगति व समृद्धि का आधार हो। हम सब मिलकर इस विजन को हकीकत बना सकते हैं।

## प्रसंगवश

# शेषन की स्पष्टवादिता

वनों का घटता आकार, हरे पेड़ों की अंधाधुंध कटान और पर्यावरण पर उसके खतरनाक प्रभाव, हर सरकार की चिंताओं में शामिल रहे हैं। इन दिनों प्रधानमंत्री नरेंद मोदी की अपील 'एक पेड़ मां के नाम' पर पौधरोपण का देशव्यापी अभियान चल रहा है। राज्य सरकारें, पर्यावरण से जुड़े संगठनों-संस्थाओं के साथ ही तमाम नागरिक भी इस अभियान में दिलचस्पी ले रहे हैं। लक्ष्य है देश की आबादी के समतुल्य 140 करोड़ पौधरोपण का।

प्रधानमंत्री रहते राजीव गांधी ने भी पौधरोपण की दिशा में कुछ सार्थक करने की सोची थी। टेलीविजन पर प्रधानमंत्री के तौर पर अपने पहले भाषण में उन्होंने घोषणा की थी कि सरकार हर साल पचास लाख हेक्टेयर भूमि पर पौधरोपण करेगी। यह अच्छी मंशा से लिया गया एक बड़ा निर्णय था, लेकिन घोषणा के पहले जमीनी सच्चाइयां नहीं परखे जाने की भूल ने इसे अंजाम पर नहीं पहुंचने दिया। इस प्रसंग को एक दूसरे संदर्भ में भी याद किया जाना चाहिए। टीएन शेषन तब वन सचिव थे। वही शेषन जिन्हें मुख्य चुनाव आयुक्त के तौर पर अपनी यादगार भूमिका के लिए हर चुनाव के मौके पर याद किया जाता है। असलियत में एक आईएएस अधिकारी के तौर पर अपनी हर पोस्टिंग में शेषन ने बड़ी लकीर खींची।



राज खन्ना
वरिष्ठ पत्रकार

प्रधानमंत्री का पद ग्रहण करने के बाद राजीव गांधी ने कृषि विभाग से अलग करके एक नए विभाग वन एवं वन्यजीव का गठन किया था। वन क्षेत्रों का लगातार घटता आकार और उसका पर्यावरण और वन्य जीवों पर बढ़ता दुष्प्रभाव सरकार और समाज के लिए चिंता का विषय था। राजीव गांधी ने इस संकट से उबरने के लिए कई कदम उठाए। अलग विभाग के जरिए वे इससे जुड़ी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन की उम्मीद करते थे। उन्होंने वन विभाग के इंस्पेक्टर जनरल के पद को तरक्की देकर केंद्र के विशेष सचिव का दर्जा दिया। तेज तर्रार आईएएस अधिकारी टीएन शेषन को नए विभाग का सचिव बनाया गया। राजीव गांधी ने इस विभाग को अपने अधीन रखा। प्रधानमंत्री के तौर पर टीवी पर अपने पहले भाषण में उन्होंने कहा था, "देश में वन सिकुड़ और नष्ट हो रहे हैं। इससे मौसम में बदलाव और तापमान बढ़ने का खतरा बढ़ रहा है। इस खतरे से निपटने के लिए सरकार जरूरी कदम उठाएगी। हर साल पचास लाख हेक्टेयर भूमि में सरकार पौधरोपण कराएगी।" राजीव गांधी की इस महत्वाकांक्षी घोषणा से वन विभाग के सचिव शेषन अनजान थे। शेषन ने हिसाब लगाया। एक हेक्टेयर भूमि के लिए लगभग दो हजार पौध की आवश्यकता होगी। इनके पनपने और संरक्षण की भी जरूरत रहेगी। खाली भूमि के साथ ही इतनी बड़ी संख्या में पौध की उपलब्धता की भी चुनौती थी, लेकिन प्रधानमंत्री सार्वजनिक घोषणा कर चुके थे। अब उससे पीछे हटने की गुंजाइश नहीं थी, लेकिन यह भी सच था कि घोषणा हवा में थी। उसे अंजाम देने के लिए संबंधित विभाग की न ही कोई तैयारी थी और न ही जरूरी संसाधन।

संसद में योजना के क्रियान्वयन से जुड़े एक सवाल का जवाब देने के पहले अधिकारियों की बैठक में राजीव गांधी ने प्रश्न किया कि मिस्टर शेषन आपका विभाग प्रतिवर्ष पचास लाख हेक्टेयर भूमि में पौधरोपण के लिए क्या कर रहा है? शेषन के दो टूक जवाब से बैठक में सन्नाटा छा गया, "हमें स्कीम के बारे में कुछ नहीं पता। हर साल पचास लाख हेक्टेयर भूमि में पौधरोपण की घोषणा आप ने की है।" बगल में बैठे एक अन्य सचिव शेषन की शर्ट खींचकर फुसफुसा कर चुप रहने का संकेत देने लगे।

बेलाग शेषन ने जोर से प्रतिवाद किया, "क्यों चुप रहूं? मैं कोई गलत बात नहीं कह रहा हूं। मैं तथ्य सामने रख रहा हूं। एक हेक्टेयर अर्थात ढाई एकड़। टारगेट हासिल करने के लिए हमें 125 लाख एकड़ निष्प्रयोज्य भूमि की जरूरत होगी। एक हेक्टेयर में लगभग दो हजार पौध रोप सकते हैं। पचास लाख हेक्टेयर भूमि के लिए एक हजार करोड़ पौध की प्रति वर्ष आवश्यकता होगी। एक पौध की ढाई रुपए की लागत के हिसाब से 2500 करोड़ रुपए की आवश्यकता होगी। इसके अलावा इन्हें पानी देने, लेबर और जुड़े अन्य खर्चों के लिए अतिरिक्त धन की जरूरत होगी। फिलहाल विभाग को इस योजना के लिए कोई धन उपलब्ध नहीं कराया गया है।" धैर्य से शेषन को सुन रहे राजीव गांधी की टिप्पणी थी, "आप बहुत स्पष्टवादी हैं।" शेषन ने विनम्रता के साथ दोहराया कि "आपकी योजना को हतोत्साहित नहीं कर रहा हूं, लेकिन बताने का प्रयास कर रहा हूं कि इस बड़े काम का व्यावहारिकता में क्रियान्वयन कितना कठिन है।"

# शासन-प्रशासन में सुधार की संभावना


कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

> बात यहां आकर टूटती है कि ऊपर पहली श्रेणी के लोगों को पहुंचाएंगे कैसे? वैसे देश में बहुत बड़े-बड़े दिमाग इस दिशा में लगे हुए हैं। हमेशा लगे रहते हैं। सारा हो-हल्ला, सारी धमाचौकड़ी इसी के नाम पर चल रही है। देखिए, शायद ये कभी सफल हो जाएं और कोई समाधान निकल आए। आखिर इतिहास के अनेक दौर में स्वर्णकाल का जिक्र आता है न? फिलहाल रास्ता यही है और कठिन है, लेकिन इधर-उधर भटकने से तो बेहतर है कठिन रास्ते पर चलने की तदबीर में जुटे रहें।

स्वाभाविक है कि अपने चारो ओर अकर्मण्यता, ढिलाई, विचलन, स्वार्थपरता और भ्रष्टाचार का बोलबाला देखकर मनुष्य अतिशय निराश हो जाता है। सोचता है इतनी व्यापक विकृति में प्रभावी सुधार की कोई गुंजाइश नहीं। वह पीछे मुड़कर देखता है तो अपने जीवनकाल में ही साल दर साल गिरावट महसूस करता है। उसे लगता है, आगे भी विकृति बढ़ती जाएगी। कोई उपाय न देखकर वह भी बहती गंगा में हाथ धोने उतर पड़ता है।

पुराणों में चतुर्युग की अवधारणा निराधार भले हो, मनुष्य के मनोविज्ञान से बहुत मेल खाती है। इस अवधारणा के अनुसार काल की गति हमेशा पतन की ओर उन्मुख होती है। सतयुग, त्रेता, द्वापर, कलियुग, कलियुग के अंत में कल्कि अवतार, फिर सीधे सतयुग। कल्पांत में प्रलय के बाद भी शुरुआत सतयुग से ही होनी है। सृष्टि के पूरे दौर में काल को पतनोन्मुख ही रहना है। गलत या सही, अधिकांश लोग ऐसा ही महसूस भी करते हैं। बूढ़ों की याद में उनका बचपन स्वर्ण काल था, फिर लगातार गिरावट। पीढ़ियों का संघर्ष इसी मनोविज्ञान से आता है। अपनी जवानी में एक से एक खुराफात कर चुके बूढ़े भी नई पीढ़ी के जवानों को नैतिक रूप से गिरा हुआ घोषित करते रहते हैं और उनके चाल-चलन को लेकर उपदेश देते सुने जाते हैं।

व्यापक स्तर पर सुधार कठिन तो है किंतु असंभव नहीं। मोटे तौर पर मनुष्यों की तीन श्रेणियां होती हैं, हमेशा रहेंगी। एक, वे जो कभी पथभ्रष्ट नहीं होंगे, कुछ भी हो जाए। दो, वे जो कभी नहीं सुधरेंगे, कुछ भी हो जाए और तीन, वही जो देखादेखी वाले, बहती गंगा में हाथ धोने वाले हैं। बहुसंख्यक वही होते हैं और वे माहौल देखकर इधर से उधर पाला बदलते रहते हैं। वे कानून से डरते हैं, आदतन उसके उल्लंघन की ओर प्रवृत्त नहीं होते। जब देखते हैं कि दूसरा उल्लंघन करके मजे ले रहा है तो उनकी भी ललक जाग उठती है। उनके लिए माहौल बना देना ही पर्याप्त है।

राज्य पहली श्रेणी, जो कभी पथभ्रष्ट नहीं होंगे, का जितना अधिक से अधिक उपयोग सार्वजनिक उत्तरदायित्व के लिए कर सके, उतना ही राज्य का और सबका भला होगा। दूसरी श्रेणी, जो कभी नहीं सुधरेंगे, के लिए कानूनी बंदिशें और सख्त व निश्चित दंड-व्यवस्था के अलावा और कोई उपाय नहीं। वे जितना ही सलाखों के भीतर रहें, समाज के लिए उतना ही बेहतर। समाज को अपनी सुख-शांति के लिए उन्हें बैठाकर खिलाने के अलावा और कोई चारा नहीं सलाखों के भीतर रहकर वे कुछ कर दें तो उनकी इनायत। तीसरी श्रेणी, बहती गंगा में हाथ धोने वाले बहुसंख्यक? राज्य की सफलता का सारा दारोमदार इस पर है कि वह इस श्रेणी के लोगों को विचलन से कितना बचा पाता है। ऊपर से नीचे तक माहौल बनाकर उनके विचलन को कम किया जा सकता है। राज्य को और सब भूलकर अपनी सारी ऊर्जा इसी पर लगानी है। विचारधारा कोई भी लाइए, उसके अमल में मानव स्वभाव पर आधारित यह मूल समस्या बनी ही रहनी है, लेकिन यह जितना आसान दिखता है उतना है नहीं। समस्या यह कि जब विकृति इतनी व्यापक हो तो सुधार की धारा ऊपर से नीचे की ओर ही प्रवाहित हो सकती है। निर्भर इस पर करेगा कि ऊपर के लोग पहली श्रेणी के हैं या दूसरी के या तीसरी के।

बात यहां आकर टूटती है कि ऊपर पहली श्रेणी के लोगों को पहुंचाएंगे कैसे? वैसे देश में बहुत बड़े-बड़े दिमाग इस दिशा में लगे हुए हैं। हमेशा लगे रहते हैं। सारा हो-हल्ला, सारी धमाचौकड़ी इसी के नाम पर चल रही है। देखिए, शायद ये कभी सफल हो जाएं और कोई समाधान निकल आए। आखिर इतिहास के अनेक दौर में स्वर्णकाल का जिक्र आता है न? फिलहाल रास्ता यही है और कठिन है, लेकिन इधर-उधर भटकने से तो बेहतर है कठिन रास्ते पर चलने की तदबीर में जुटे रहें। हथौड़ी की चोट पर चोट जारी रहे तो ताले को किसी न किसी दिन खुल ही जाना है।

## सोशल फोरम

# मानवता के विरुद्ध

जिस दिन बाजार ने पानी को, चिकित्सा को और शिक्षा को मुनाफे की संस्कृति के हवाले कर दिया उस दिन सभ्यता पर बाजार की निर्णायक जीत हुई थी। सभ्यता आगे बढ़ने की चीज है और जो सभ्यता मानवता के साथ जितना कदमताल करते आगे बढ़ती है वह उतनी प्रगतिशील मानी जाती है। बाजार और मानवता एक दूसरे के विरुद्ध हैं, क्योंकि मुनाफे की संस्कृति में सबसे अधिक उपेक्षित अगर कोई चीज होती है तो वह मानवता ही है। इन अर्थों में देखें तो हमारी सभ्यता नवउदारवाद के चंगुल में फंसने के बाद प्रतिगामी हुई है।


डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

तकनीक के अद्भुत अविश्वसनीय विकास ने जो उपलब्धियां हासिल की, बाजार ने उन पर भी कब्जा कर लिया। बाजार के बड़े खिलाड़ी तकनीक के प्रभु बन गए। नतीजा, दुनिया की बड़ी निर्धन आबादी तकनीक के लाभार्थियों में सबसे निचले पायदान पर है। भारत इस मामले में अग्रणी है कि यहां दुनिया की सबसे अधिक आर्थिक और सामाजिक विषमता व्याप्त है। सामाजिक विषमता से तो लड़ाइयां चलती रहती हैं, लेकिन आर्थिक विषमता के विरुद्ध कोई दमदार आंदोलन कहीं नजर नहीं आता। बढ़ती आर्थिक विषमता एक बड़े वर्ग को तकनीकी और आर्थिक विकास की मुख्यधारा से हाशिए पर रखती है। हाशिए पर की आबादी अच्छी चिकित्सा और अच्छी शिक्षा से महरूम है तो यही तो सभ्यता की विफलता है।

विगत ढाई-तीन दशकों से पानी के प्रदूषण को लेकर इतनी चिंता व्यक्त की गई और "मिनरल वाटर" का इतना महिमा मंडन किया गया कि अब प्लास्टिक में बंद पानी की बीस रुपए वाली बोतल हमारे जीवन का हिस्सा बन चुकी है। किसी ढाबे में खाने बैठो, बिना पूछे वेटर पानी की एक बोतल लाकर रख देगा। बिल में पानी की कीमत भी जोड़ ली जाएगी। पानी का बाजार निर्मित करने के लिए न जाने कितने जतन किए हैं बाजार के खिलाड़ियों ने। अब वे सारे जतन रंग दिखा रहे हैं। हमने अपनी सभ्यता की विकास यात्रा में यही मुकाम हासिल किया। **-फेसबुक वॉल से**

# उन्नाव बस दुर्घटना से सबक लेने का समय


डॉ. चंद्र गोपाल पांडेय
अयोध्या

> हताहतों की संख्या में वृद्धि का सबसे बड़ा कारण समय से उपचार न मिलना भी है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार इस दुर्घटना की प्रारंभिक जांच में 20 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार की बात सामने आना बहुत ही गंभीर बात है। चालक का नशे में होना कोढ़ में खाज है।

बुधवार को सुबह तड़के 5:15 बजे लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे पर घटित सड़क हादसे से समय रहते सबक लेने की जरूरत है, अन्यथा सड़के रक्तरंजित होती रहेंगी। इस दुर्घटना का दृश्य इस कदर वीभत्स व हृदयविदारक था कि सहायता कार्य में लगा सिपाही सड़क पर बिखरी लाशों को देख नहीं सका और बेहोश हो गया। अंततः उसे चिकित्सालय भेजना पड़ा। उन्नाव जिले के बांगरमऊ क्षेत्र में एक्सप्रेस वे पर हुई इस दुर्घटना में 18 लोग हताहत हुए हैं। बस शिवहर (बिहार) से दिल्ली जा रही थी। प्रारंभिक जानकारी में दुर्घटना की वजह तेज रफ्तार (ओवर स्पीड) है।

डबल डेकर बस ने आगे चल रहे दूध के टैंकर को ओवर टेक करने के प्रयास में टक्कर मारी है। चिंताजनक बात यह है कि हादसा उस एक्सप्रेस वे पर हुआ है, जहां तेज रफ्तार को मापने के लिए इलेक्ट्रॉनिक यंत्र लगे हैं और जुर्माना के रूप में दंड की व्यवस्था है। फिर भी चालक बेखौफ हैं। वैसे सड़कों पर दुर्घटना किसी भी गाड़ी से कभी भी घटित हो सकती है और होती भी है, लेकिन डबल डेकर बसें लड़ने और पलटने में कहीं आगे दिख रही हैं। इसी वर्ष मई माह में झांसी-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर यात्रियों से भरी डबल डेकर बस पुलिया से टकराकर पलटी थी। चौगड्डा (फतेहपुर) से सूरत (गुजरात) जा रही इस बस के पलटने से कम से कम 14 यात्री गंभीर रूप से घायल हुए थे।

अप्रैल माह में बरेली से जयपुर जा रही डबल डेकर बस बदायूं जिले में ट्रक से भिड़ गई थी। इस दुर्घटना में दो यात्रियों की मृत्यु व 27 घायल हुए थे। इधर अयोध्या जिले की सीमा में डबल डेकर बस पलट चुकी है। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के एक तकनीकी अधिकारी के अनुसार डबल डेकर बसों के पलटने का मुख्य कारण गुरुत्व केंद्र (सेंटर ऑफ ग्रेविटी) का संतुलन प्रभावित होना है। इन बसों की छत पर बड़ी मात्रा में सामानों को लादकर ढुलाई करने से समस्या आती है। एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में हर साल लगभग डेढ़ लाख लोग सड़क हादसों में अपनी जान गंवाते हैं। यह स्थिति तब है जब भारत में विश्व के लगभग 10 प्रतिशत ही वाहन हैं। इस तरह सड़क हादसों में जान से हाथ धोने वाले एक चौथाई भारत से हैं। सड़क दुर्घटना के प्रमुख कारणों में तेज रफ्तार, नशे में गाड़ी चलाना, लगातार ड्राइविंग, नींद आना, यातायात नियमों का उल्लंघन, खस्ताहाल सड़क, अतिक्रमण और गाड़ियों की खराब हालत है।

हताहतों की संख्या में वृद्धि का सबसे बड़ा कारण समय से उपचार न मिलना भी है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार इस दुर्घटना की प्रारंभिक जांच में 20 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार की बात सामने आना बहुत ही गंभीर बात है। चालक का नशे में होना कोढ़ में खाज है। बस के पंजीकरण में नियमों की अनदेखी और फिटनेस को लेकर भी उंगलियां उठ रही हैं। इसके लिए परिवहन विभाग अपनी (गैर) जिम्मेदारी से बच नहीं सकता। इस हादसे में दुर्घटना के लगभग सभी महत्वपूर्ण कारण दिख रहे हैं। दिल्ली से सुदूर कई प्रांतों के रिमोट एरिया तक निजी बसों के संचालन का एक मजबूत ढांचा बन चुका है, लेकिन परिवहन नियमों व सड़क सुरक्षा के मानकों का पालन कराने के नाम पर कोई तंत्र सक्रिय दिख नहीं रहा है। कम से कम उन्नाव की दुर्घटना शासन प्रशासन सबकी आंख खोलने के लिए पर्याप्त है।

# तीन कानूनों में परिवर्तन के मायने

नए भारतीय आपराधिक कानून 1 जुलाई से लागू हो गए हैं। अंग्रेजों के जमाने के भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और साक्ष्य अधिनियम अब समाप्त हो गए हैं। ऐसा माना जा रहा हे कि उनके लागू होने से मानवाधिकार सुरक्षित होंगे और अपराधियों पर शिकंजा कसा जा सकेगा।


संजीव मेहरोत्रा
बरेली

ऑनलाइन ही चोरी हुए सामान की रिपोर्ट लिखाई जा सकेगी। महिला मायके या ससुराल में हुए उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज करा सकेगी। नए कानूनों में महिलाओं बच्चों और बुजुर्गों के संरक्षण को प्राथमिकता दी गई है। पुलिस को तत्परता से चार्जशीट या एफआर लगानी होगी। पुलिस जो भी कारवाई करेगी, उसकी सूचना वादी या उसके रिश्तेदार को देनी होगी, जिससे जल्दी सजा का आधार तैयार हो सकेगा। सरकार का मानना है इनके लागू होने से समाज पर सकारात्मक असर पड़ेगा। कुछ मामलों में पुलिस के अधिकार कम हो जाएंगे। धारा 35 (7) के अनुसार ऐसे अपराध जिनमें 3 साल या उससे कम की सजा का प्रावधान है, उनमें आरोपी की गिरफ्तारी के पहले डीएसपी की अनुमति लेनी होगी। वहीं यदि आरोपी की उम्र 60 साल या उससे अधिक है तो भी गिरफ्तारी के लिए यह नियम लागू होगा। वहीं दूसरी तरफ प्रतिष्ठित अधिवक्ताओं के अपने संदेह भी है, जिनका मानना है कि प्रेक्टिस करने वाले अधिवक्ताओं की बिना राय लिए बनाए गए यह कानून विवाद पैदा करेंगे, जिनको दूर किया जाना जरूरी है।

दूसरी तरफ सभी ट्रेड यूनियंस ने इनको खारिज करते हुए इनको रद करने की मांग की है। ट्रेड यूनियन का मानना है नए कानून पुलिस अधिकारियों को अधिक शक्ति देने वाले होंगे। ट्रेड यूनियन का यह भी मानना है कि यह कानून उस समय पास किए गए जब विपक्ष के 146 निलंबित थे और इन पर विशेष चर्चा भी नहीं की गई। कानूनों में परिवर्तन तो सतत प्रक्रिया है। यह तो आने वाले समय में ही पता चल सकेगा का कि नए कानून आम आदमी के कितने हित में होंगे?

## एक नजर

### हाइटेंशन के तार में करंट से किशोर की मौत

**बदायूं, अमृत विचार :** कोतवाली दातागंज क्षेत्र के कस्बा के मोहल्ला परा निवासी रामबहादुर की बेटी की बारात आई थी। सड़क पर हाई वोल्टेज लाइन गुजर रही थी। रास्ते में लाइनमैन हाइटेंशन लाइन पर काम कर रहे थे। इसी दौरान पास में खड़े मोहल्ला निवासी विकास (17) पुत्र दयाराम तार के संपर्क में आ गए। मौके पर ही विकास की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

### हादसे में बच्चा घायल पुलिस ने पहुंचाया अस्पताल

**बदायूं, अमृत विचार :** थाना कुंवरगांव क्षेत्र के कस्बा निवासी सात साल का सुमित पुत्र सोमवीर गुरुवार दोपहर पैदल अपने घर जा रहा था। रास्ते में ईको कार चालक ने उसे टक्कर मार दी और फरार हो गया। वह सड़क पर दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। इसी दौरान कुंवरगांव पुलिस गश्त पर निकली। पुलिस ने बच्चे को सरकारी गाड़ी में लिटाकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

# डिजिटल अटेंडेंस का विरोध, शिक्षकों का प्रदर्शन

## मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा, समस्याओं के निस्तारण की मांग

संवाददाता, एटा

- 8 जुलाई से स्कूलों में डिजिटल हाजिरी के हुए हैं आदेश


डिजिटल अटेंडेंस के विरोध में कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते शिक्षक। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के नेतृत्व शिक्षकों ने ऑनलाइन उपस्थिति व डिजिटाइजेशन के विरोध में कलेक्ट्रेट पर गुरुवार को विरोध प्रदर्शन किया। विरोध स्वरूप शिक्षकों ने काफी देर तक नाराजगी जताते हुए धरना दिया। शिक्षकों का कहना है कि कि शासन द्वारा थोपे जा रहे निर्णय का लगातार विरोध करते रहेंगे।

8 जुलाई से स्कूलों में डिजिटल हाजिरी के आदेश हुए हैं। शिक्षक व छात्र उपस्थिति के साथ-साथ शिक्षकों को 12 पंजिकाएं ऑनलाइन भरनी होंगी। इसके लिए शिक्षकों को टैबलेट दिए जा रहे चुके हैं, साथ ही सीयूजी सिम भी शिक्षकों को उपलब्ध करा दिया गया है। लेकिन, शिक्षक अचानक आए आदेश को लेकर विरोध में उतरे हुए हैं। वह लगातार डिजिटाइजेशन का विरोध कर रहे हैं।

गुरुवार को शिक्षकों ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में मांग की कि परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों को 15 सीएल की सुविधा प्रदान की जाए। ऑफ सीएल के साथ 30 ईएल की सुविधा प्रदान की जाए। कैशलेश चिकित्सा सुविधा (बिना प्रीमियम) दिया जाए। ससमय स्थानानतंरण, पदोन्निति, वेतन विसंगति समस्या का निराकरण किया जाए। परिषदीय विद्यालयों में लिपिक और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की नियुक्ति की जाए। गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त किया जाए। जनपद स्तर की समस्याओं को निस्तारित किया जाए।

ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष लोकपाल सिंह, वीरपाल सिंह, प्रवीन, ओमवीर, विश्वनाथ, संजय शर्मा, देवेंद्र सिंह यादव,बलराम गुप्ता, ओमेन्द्र, शिल्पी, प्रवेश, उमेश, भानुप्रताप, विनय, धीरेश, ह्रदेश, अभिलाश सिंह, श्रीकांत, ज्ञानेन्द्र, जैनेन्द्र, रणधीर सिंह, ओमकार, ओमेन्द्र, प्रताप सिंह, शौर्या मिश्रा, रानी, मंजू, सुमन, रेखा, सौरभ, ववित, मधुवन, सपना, श्वेता, मालती, रूपेन्द्र, उमेश, सुबोध, दिलीप, रामपाल, अमरपाल, सोमेन्द्र, मुकेश, लोकेन्द्र, शांतिस्वरूप, रामसुंदर, मनोज, योगेश, संजय समेत सैकड़ों शिक्षक शामिल थे।

# मंडल में सिर्फ 11378 किसानों ने कराया फसल का बीमा

बरेली कार्यालय

- सिर्फ 20 दिन बचे, पिछले साल 50 हजार 266 किसानों ने कराया था बीमा

**अमृत विचार :** मंडल में प्रधानमंत्री फसल बीमा के तहत अभी तक सिर्फ 11378 किसानों ने ही बीमा कराया है और सिर्फ 20 दिन शेष रह गए हैं।

संयुक्त कृषि निदेशक डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि मंडल में फसल बीमा की जिम्मेदारी इफको टोकियो जनरल इंश्योरेंस कंपनी को दी गई है। किसानों के लिए अधिसूचित फसलों का प्रीमियम दो और औद्यानिक फसलों पर पांच फीसदी है। इस साल की फसलों का बीमा 31 जुलाई तक कराया जा सकता है। पिछले साल मंडल में 50266 किसानों ने फसल का बीमा कराया था। इनमें से 2014 किसानों को 97,55,507 रुपये की क्षतिपूर्ति वितरित की गई थी।

इस साल 5 जुलाई तक 11378 किसानों ने बीमा कराया है। इसे बढ़ाने के प्रयास के लिए किसानों को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बीमा कराने के लिए किसान को आधार कार्ड, बैंक खाते का विवरण, बोई गई अधिसूचित फसल का क्षेत्रफल, खतौनी और मोबाइल नंबर चाहिए। किसान जन सेवा केंद्र, बैंक शाखा और www.pmfby.gov.in वेबसाइट पर जाकर बीमा करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बरेली में धान, बाजरा, उड़द, तिल, बदायूं में धान, मक्का, बाजरा, उड़द, तिल, शाहजहांपुर में धान, मक्का, बाजरा, उड़द, तिल और पीलीभीत में धान फसल शामिल हैं। इसके अलावा पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना में बरेली और शाहजहांपुर में मिर्च, केला और बदायूं में मिर्च अधिसूचित फसलें हैं।

# जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने को भेजा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय पर धरना दिया तथा जनसंख्या विस्फोट एवं जनसांख्यिकीय असंतुलन जैसी भीषण समस्याओं से संभावित खतरे रोकने के लिए एडीएम प्रशासन रेनू सिंह के माध्यम से प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

जिला अध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने बताया की अंधाधुंध संतान उत्पत्ति करने की प्रवृत्ति पर रोक लगनी चाहिए और जल्द ही जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाकर आर्थिक सामाजिक दृष्टि से विकसित भारत का संकल्प पूरा किया जाए। जिला अध्यक्ष ने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने हेतु समय रहते आवश्यक कदम न उठाए जाने की स्थिति में विधायक एवं सांसदों सहित महत्वपूर्ण जनप्रतिनिधियों के घेराव की योजना पर भी संगठन में विचार चल रहा है।

जिला महासचिव एवं कार्यालय प्रमुख गोविंद राणा ने कार्यकर्ताओं को बताया कि भारत की बढ़ती हुई जनसंख्या निकट भविष्य में बहुत ही दुखद साबित होने जा रही है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं संगठन के मुख्य संरक्षक डा इंद्रेश कुमार एवं केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह सहित 125 सांसदों का समर्थन प्राप्त है। ज्ञापन सौंपने वालों में सोमवीर शर्मा, संजीव तिवारी, श्याम भेष सिंह, सिपटटर सिंह, अमित शर्मा, विनोद कुमार सिंह, मुकेश उपाध्याय, महेश चंद्र सत्यवीर प्रधान, किसनपाल चौहान, अरविंद सक्सेना, मोनू, राजेश सिंह गोमद शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# क्रोध पर काबू पाने से मिलती है मन को शांति

**बिल्सी, अमृत विचार :** साहबगंज स्थित श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में बृहस्पतिवार को जैन धर्म के धर्मगुरु क्षुल्लक रत्न श्री तारण सागर जी महाराज का मंगल प्रवेश हुआ। महाराज ने प्रवचन में कहा कि जीवन में शांति पाने के लिए क्रोध पर काबू पाना सीख लो। जिसने जीवन से समझौता करना सीख लिया वह संत हो गया। वर्तमान में जीने के लिए सजग और सावधान रहने की आवश्यकता है। जिसके भाग्य में जो लिखा है, उसे वही मिलेगा और परेशान होने से कुछ अतिरिक्त प्राप्त नहीं होने वाला। सर्वोच्च सत्ता ईश्वर के ही हाथ में है। इसलिए वह आपसे नाराज है तो दुनिया की कोई ताकत आपकी मदद नहीं कर सकती। इस दौरान महाराज ने 21 जुलाई को मेरठ के हस्तिनापुर नगर में आयोजित होने वाले पावन वर्षायोग कार्यक्रम में लोगों को आने के लिए आमंत्रित भी किया। अध्यक्ष मृगांक कुमार जैन, प्रशान्त जैन, अनिल जैन आदि मौजूद रहे।

# एकतरफा प्यार में पागल था, शादी से इनकार पर की हत्या

संवाददाता,एटा

- मारहरा के गांव मीरापुर में ग्रामीण के हत्यारोपी को पुलिस मुठभेड़ में लगी गोली


गांव में जांच पड़ताल करते एसएसपी राजेश कुमार सिंह व अन्य पुलिस अधिकारी।


पुलिस मुठभेड़ में गोली लगने के बाद अस्पताल में हत्यारोपी आकाश को देखते एसएसपी।

**अमृत विचार:** मारहरा थाना क्षेत्र के गांव मीरापुर में एकतरफा प्यार में युवती के पिता की गोली मारकर हत्या के आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि हत्यारोपी आकाश पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित कर दिया था। पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान आरोपित आकाश को गिरफ्तार कर लिया। उसके पैर में गोली लगी है। मारहरा थाना प्रभारी भी घायल हुए हैं। आरोपित के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी, तमंचा व कारतूस और मोबाइल फोन बरामद किया गया है। एसएसपी ने बताया कि इकतरफा प्यार को लेकर हत्या को अंजाम दिया गया।

एसएसपी ने बताया कि धारदार हथियार से मायाप्रकाश की गर्दन काटकर हत्या की गई है। इनके परिवार में आपसी रंजिश बताई जा रही है। आरोपित इनकी बेटी को पंसद करता था। इसके अलावा कई और एंगल पर भी जांच की जा रही है। मामले में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। तहरीर के आधार पर पुलिस कानूनी कार्रवाई कर रही है।

### दहशत में परिवार

घटना से मृतक के परिजनों में दहशत है। मृतक के पुत्र सूरज ने आरोपी को फांसी की सजा दिए जाने की मांग की है। उसने बताया कि आकाश ने पहले उसकी बहन से छेड़छाड़ की थी, जिस पर पिता द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पुलिस द्वारा उक्त घटना को गंभीरता से नहीं लिया गया, जिस कारण यह घटना घटित हुई। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर अगर कार्रवाई करती तो शायद यह घटना घटित न होती।

### बेटी की शादी अपने साथ करने को धमकाता था

मृतक की पत्नी शीलादेवी ने बताया कि आकाश उनके पति को धमकी देता था कि बेटी की शादी मेरे साथ कर दो, नहीं तो मैं कुछ भी कर सकता हूं। हम लोगों ने इसकी शिकायत पुलिस से की। 11 जुलाई की रात आकाश ने पति की गर्दन काटकर हत्या कर दी। बेटी हाथों में मेंहदी सजाए बैठी थी, आरोपित ने सब कुछ बर्बाद कर दिया। बेटी की डोली की जगह पिता की अर्थी उठी तो गांव के हर व्यक्ति की आंखें नम हो गईं। शीला ने आकाश, अभयप्रकाश समेत तीन लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है।

# शिकायतों के निस्तारण में इज्जतनगर रेल मंडल को मिला दूसरा स्थान

**बरेली, अमृत विचार :** पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर रेल मंडल ने रेल मदद एप पर आई शिकायतों के निस्तारण में सभी मंडलों में दूसरा स्थान हासिल किया है। यात्रियों ने मंडल को अच्छी रेटिंग दी है।

जनसंपर्क अधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि जून महीने में इज्जतनगर मंडल को भारतीय रेल के 68 मंडलों में यात्री शिकायत निस्तारण के क्षेत्र में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि जून में इज्जतनगर रेल मंडल की रेल मदद एप पर 601 शिकायतें दर्ज हुईं। इनमें से 436 शिकायतों के निस्तारण में यात्रियों ने उत्कृष्ट और 110 में संतोषजनक रेटिंग दी। इसके अलावा काफी कम समय में शिकायतों का निस्तारण किया गया। उन्होंने बताया कि नियंत्रक कक्ष में काम करने वाले कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि सभी शिकायतकर्ताओं से बातचीत कर उनका फीडबैक प्राप्त करें।

# रुहेलखंड विवि: स्नातक में प्रवेश को दूसरे चरण के लिए पंजीकरण शुरू

बरेली कार्यालय

- पहले चरण में पंजीकृत विद्यार्थियों के गुरुवार से मेरिट के आधार पर प्रवेश शुरू
- दूसरे चरण में 25 जुलाई तक होंगे पंजीकरण, सीटें रिक्त होने पर 5 अगस्त तक होंगे प्रवेश

**अमृत विचार :** सत्र में देरी से बचने के लिए इस बार रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने स्नातक प्रथम वर्ष में द्वितीय चरण के प्रवेश की तैयारी अभी से शुरू कर दी है। द्वितीय चरण में गुरुवार से पंजीकरण शुरू हो गए। वहीं प्रथम चरण में पंजीकृत छात्रों के भी गुरुवार से प्रवेश शुरू हो गए। प्रथम चरण में रिक्त सीटों पर दूसरे चरण में पंजीकृत छात्रों को प्रवेश मिलेंगे।

स्नातक के बीए, बीएससी, बीकॉम समेत अन्य पाठ्यक्रमों में प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए प्रथम चरण में 10 मई से 10 जुलाई तक पंजीकरण हुए। इस दौरान 1 लाख 30 हजार छात्रों ने पंजीकरण कराए। प्रथम चरण में पंजीकृत छात्रों के महाविद्यालयों को गुरुवार से 25 जुलाई तक मेरिट जारी कर प्रवेश लेने होंगे। स्नातक में करीब दो लाख सीटें हैं। ऐसे में रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए अभी से पंजीकरण शुरू कर दिए गए हैं। कुलसचिव संजीव कुमार ने द्वितीय चरण में पंजीकरण के लिए 11 से 25 जुलाई तिथि निर्धारित की है। द्वितीय चरण में पंजीकृत छात्रों के प्रवेश् 26 जुलाई से 5 अगस्त तक मेरिट के आधार पर होंगे। मुख्य प्रवेश नियंत्रक प्रो. एसके पांडेय ने बताया कि प्रथम चरण में पंजीकृत छात्रों के प्रवेश शुरू हो गए हैं। महाविद्यालयों को 25 जुलाई तक मेरिट जारी कर प्रवेश लेने होंगे। इसके बाद रिक्त सीटों पर प्रवेश होंगे। इस बार सत्र में देरी न हो, इसलिए पहले से ही द्वितीय चरण शुरू कर दिया है।

### बीएससी और एमएससी कृषि की प्रयोगात्मक परीक्षा की तिथि 17 तक बढ़ाई

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने बीएससी कृषि, ऑनर्स और एमएससी कृषि की प्रयोगात्मक और मिड टर्म परीक्षा की तिथि 17 जुलाई तक बढ़ा दी है। कुलसचिव संजीव कुमार ने महाविद्यालयों को निर्धारित तिथि तक परीक्षा कराकर वेबसाइट पर अंक अपलोड करने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद परीक्षाफल घोषित नहीं किया जाएगा।

### प्रवेश समिति की आज बैठक

विश्वविद्यालय में शुक्रवार को प्रवेश समिति की बैठक होगी। कुलसचिव की ओर से बैठक में महाविद्यालयों के प्राचार्यों को बुलाया गया है। बैठक में प्रवेश प्रक्रिया के संबंध में निर्देश दिए जा सकते हैं।

# उर्स-ए-रजवी 29 अगस्त से, देश विदेश से जुटेंगे जायरीन

**बरेली, अमृत विचार :** दरगाह आला हजरत ने उर्स-ए-रजवी की तारीखों का एलान कर दिया है। आला हजरत इमाम अहमद रजा खान का 106 वां उर्स-ए-रजवी 29, 30 और 31 अगस्त को मनाया मनाएगा। गुरुवार को इसका एलान दरगाह प्रमुख सुब्हानी मियां और सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां ने आवास पर संयुक्त रूप से एक बैठक में किया। 31 अगस्त को इस्लामिया मैदान में मुख्य कुल की रस्म का आयोजन किया जाएगा। उर्स-ए-रजवी में देश दुनिया के लाखों जायरीन शामिल होंगे। बैठक में सैयद आसिफ मियां, मुफ्ती आकिल रजवी, मुफ्ती सलीम नूरी बरेलवी, मुफ्ती अय्यूब नूरी, मुफ्ती सैयद कफील हाशमी आदि मौजूद रहे। मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी के अनुसार अकीदतमंदों ने वीजा और टिकट के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। कई देशों के अकीदतमंद दरगाह प्रमुख सुब्हानी मियां और सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां से संपर्क कर रहे हैं।

### बनी कान्हा की दुल्हनिया...



हल्द्वानी के उदय लालपुर इलाके के इंद्रप्रस्थ कॉलोनी फेज-1 में गुरुवार को हर्षिका ने प्रभु श्रीकृष्ण से विवाह रचाया। विवाह समारोह के करीब 250 लोग साक्षी बने। मंत्रोच्चारण के बीच हर्षिका ने श्रीकृष्ण की प्रतिमा के साथ सात फेरे लिए और उन्हें वरमाला पहनाकर अपनी मांग में श्रीकृष्ण के नाम का सिंदूर भरा। इस अनोखे विवाह कार्यक्रम की सूचना जिसे भी मिली वह कार्यक्रम में शामिल होने पहुंच गया। लोगों ने हर्षिका को उपहार देकर नवदांपत्य जीवन की बधाई दी।

# एलएलबी की प्रवेश परीक्षा में नए कानूनों के सवाल पूछे

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय की एलएलबी, एलएलएम और एमएड की प्रवेश परीक्षा गुरुवार को विश्वविद्यालय परिसर और मुरादाबाद के केजीके और हिंदू कॉलेज में दो पालियों में हुई। परीक्षा में 80 फीसदी अभ्यर्थी उपस्थित रहे। परीक्षा में 1 जुलाई से लागू भारतीय न्याय संहिता समेत तीन नए कानूनों से जुड़े सवाल भी पूछे गए। अभ्यर्थियों ने प्रश्नपत्र आसान बताया है, जिससे मेरिट हाई जाने की संभावना है। एलएलबी की प्रवेश परीक्षा में अधिकांश अभ्यर्थियों के लिए इंग्लिश और हिंदी का सेक्शन आसान रहा। एलएलबी में पंजीकृत 4084 में से 3330 छात्रों ने प्रवेश परीक्षा दी। वहीं एलएलएम के 954 छात्रों में से 822 छात्र प्रवेश परीक्षा में बैठे।

# ड्यूटी पर तैनात गार्ड की पेट में दर्द होने से मौत

संवाददाता, चन्दौसी


मृतक भूप सिंह।

**अमृत विचार:** बनियाठेर थाना क्षेत्र के मुरादाबाद रोड स्थित एक फैक्ट्री में गार्ड के पेट में दर्द होने पर परिजन उसे उपचार के लिए चिकित्सक के पास ले गए। वहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जनपद बदायूं के थाना बिसौली क्षेत्र के गांव राने गोविंदपुर निवासी भूप सिंह 50 वर्ष पुत्र राजपाल 15 दिन पहले बनियाठेर थाना क्षेत्र के मुरादाबाद रोड स्थित एक फैक्ट्री पर गार्ड की नौकरी करता था। वह थाना क्षेत्र के अशोक नगर निवासी अपनी भतीजी पिंकी पत्नी हरजेंद्र के घर रहता था। गुरुवार की आठ बजे भूप सिंह ड्यूटी करने के लिए फैक्ट्री चला गया। एक घंटे बाद सुबह नौ बजे उसका फोन भतीजी के पास पहुंचा और पेट में दर्द होने की बात कहकर तुरंत बुलाया। कुछ देर बाद भतीजी फैक्ट्री पहुंच गई और ई-रिक्शे से अपने चाचा को उपचार के लिए निजी चिकित्सक के पास लेकर पहुंची। चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। भतीजी का आरोप है कि फैक्ट्री कर्मचारियों ने उसके चाचा का उपचार नहीं कराया और उसके साथ भी कोई कर्मचारी चिकित्सक के पास तक नहीं गया। घटना की सूचना मिलने पर परिजन गांव चन्दौसी आए और शव गांव ले गए।

# शाहजहांपुर से एक और बदायूं से तीन शिक्षकों ने किया आवेदन

बरेली कार्यालय

- राज्य पुरस्कार के लिए 48 जिलों से एक भी शिक्षक का नहीं आवेदन
- मंडल में पीलीभीत से एक भी शिक्षक ने नहीं किया आवेदन

**अमृत विचार :** कठिन मानकों की वजह से राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए 48 जिलों से एक भी शिक्षक ने आवेदन नहीं किया है। शिक्षा निदेशक की रिपोर्ट के मुताबिक बरेली से भी सिर्फ एक ही शिक्षक ने आवेदन किया है। मंडल के अन्य जिलों में शाहजहांपुर से एक और बदायूं से तीन शिक्षकों ने आवेदन किया है लेकिन पीलीभीत से एक भी आवेदन नहीं आया है। प्रदेश के सिर्फ 27 जिलों से 39 शिक्षकों ने आवेदन किया है।

शिक्षकों के मुताबिक पुरस्कार के लिए निर्धारित किए गए मानक बेहद कठिन थे। इसकी वजह से कई शिक्षकों ने आवेदन ही नहीं किया। कारण कई शिक्षकों ने पुरस्कार के लिए आवेदन से पीछे हट गए। अब आवेदनों की संख्या कम होने पर 15 जुलाई तक तिथि बढ़ा दी गई है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने गुरुवार को खंड शिक्षाधिकारियों को पत्र जारी कर अधिक से अधिक आवेदन कराने के निर्देश दिए हैं। सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को अपने- अपने क्षेत्रों से कम से कम एक योग्य शिक्षक का आवेदन अंतिम तिथि तक कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### पुरस्कार के लिए इन मानकों पर खरा उतरना जरूरी

पुरस्कार के लिए कई मानक निर्धारित किए गए हैं। इनमें नियमित रूप से कार्यरत शिक्षक जिन्होंने 15 वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो और सेवानिवृत्त होने में पांच साल से कम की अवधि न बची हो। इसके अलावा प्राथमिक विद्यालयों में 150 से कम, उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 105 से कम और कंपोजिट विद्यालय में 255 से कम छात्रों के नामांकन न हों। संविदा शिक्षक और शिक्षा मित्र इस पुरस्कार के लिए योग्य नहीं होंगे। शिक्षक की स्थानीय समुदाय में अच्छी छवि हो और समाज, अभिभावकों, विद्यार्थियों आदि को उत्प्रेरित करने का कार्य किया हो। जिससे विद्यालय के विकास में योगदान दें। शिक्षक के सेवा अभिलेख उत्कृष्ट श्रेणी के हों।

# पति की हत्या में पत्नी और प्रेमी को आजीवन कारावास

बरेली कार्यालय

- छह साल पहले 11 जुलाई को की गई थी हत्या, बेटे ने दी थी गवाही

**अमृत विचार :** छह साल पहले पति की हत्या की आरोपी मीना देवी और उसके प्रेमी सोरन सिंह को अदालत ने परीक्षण में दोषी पाया। अपर सत्र न्यायाधीश राकेश त्रिपाठी ने दोनों को आजीवन कारावास और 20-20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

सरकारी वकील हेमेन्द्र कुमार गंगवार ने बताया कि मृतक की भाभी फतेहगंज पश्चिमी जटपुरा उर्फ मुगलपुर निवासी माया देवी ने 11 जुलाई 2018 को प्रभारी निरीक्षक मीरगंज को तहरीर देकर बताया था कि देवर जगदीश (38) का शव प्यारेलाल के खेत में पड़ा है और उसकी आंतें बाहर निकली हुई हैं। सरकारी वकील ने नौ गवाह पेश किए। मृतक के 10 वर्षीय पुत्र अनमोल ने कोर्ट में गवाही दी थी कि 7 जुलाई 2018 को उनकी मम्मी और पापा जगदीश और सोरन सिंह अंकल हिमाचल से उनके गांव जटपुरा मुगलपुर खेत में लगे पेड़ बेचने आये थे। वह और उसके भाई-बहन हिमाचल में नानी के यहां रुके थे। तीन दिन बाद मां मीना अकेली हिमाचल लौटी और नहीं बताया कि पापा कहां हैं। अपनी सहेली को मम्मी ने बताया कि जगदीश खत्म हो गया है और हम बच्चों को लेकर गांव जा रहे हैं। जब वह अपनी मां, नानी, भाई-बहन सहित गांव आए तो पापा जगदीश की लाश देखी, जिसमें कीड़े पड़े हुए थे। 12 जुलाई 2018 को पिता के शव का अंतिम संस्कार हुआ था।

# 12 ट्रेनों का संचालन बहाल, त्रिवेणी समेत 30 निरस्त

**बरेली :** जलभराव की वजह से इज्जतनगर मंडल के खटीमा-बनबसा, पीलीभीत-भोपतपुर रेल खंड पर ट्रेनों का संचालन बाधित हो गया था। बुधवार देर रात रेलवे ट्रैक को फिट घोषित किया गया। इसके बाद गुरुवार सुबह से 12 ट्रेनों का संचालन बहाल किया गया। वहीं इज्जतनगर मंडल के शाही-पीलीभीत खंड में काफी जलभराव के कारण त्रिवेणी एक्सप्रेस समेत करीब 30 ट्रेनें अब भी निरस्त हैं। मंडल के अधिकारियों ने बताया कि टनकपुर से बृहस्पतिवार को चलने वाली 15074 टनकपुर-सिंगरौली एक्सप्रेस, सिंगरौली से शुक्रवार को चलने वाली 15075 सिंगरौली-टनकपुर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।

### सिग्नल फेल होने से इंटरसिटी समेत कई ट्रेनें लेट

हापुड़ के पास डाउन लाइन पर सिग्नल फेल होने से इंटरसिटी समेत कई ट्रेनें लेट हो गईं। अधिकारियों के मुताबिक शाम को डाउन लाइन की सभी ट्रेनें प्रभावित रहीं। इसके बाद इंटरसिटी एक्सप्रेस का संचालन करीब 1 घंटा 50 मिनट लेट हो गया। इसके अलावा 14004 नई दिल्ली मालदा टाउन एक्सप्रेस दो घंटा, 12372 बीकानेर हावड़ा सुपरफास्ट 2 घंटा 48 मिनट, 15274 सत्याग्रह एक्सप्रेस 1 घंटा 40 मिनट लेट हो गई।

## अपने अंत की ओर बढ़ रही है करीब 106 साल पुरानी शहदाना आटा मिल

# ... जब बुलडोजर से कुचलकर थम जाएंगी इतिहास की धड़कनें

**बरेली:** शहर की गलियों में बहती हवाओं के साथ इतिहास के पन्ने भी उड़ते हैं। हर ईंट, हर दीवार अपने साथ कहानियां समेटे हुए है, कहानियां मेहनत की, संघर्ष की, और उम्मीदों की। ये कहानियां अक्सर शहर की धड़कनों में छिपी होती हैं, उन फैक्ट्रियों और मिलों में, जो किसी समय शहर के गौरव का प्रतीक हुआ करती थीं।

शहदाना में स्थित आटा दाल मिल ऐसी ही एक धड़कन थी, जो अब धीरे-धीरे थम रही है। यह मिल, जो कभी हज़ारों लोगों की आजीविका का स्रोत थी, अब विकास के नाम पर मिटने के कगार पर है। इस मिल की दीवारों में न केवल ईंटें और सीमेंट हैं, बल्कि उन हज़ारों श्रमिकों का पसीना और उनकी यादें भी समाई हुई हैं, जिन्होंने अपने जीवन का एक बड़ा हिस्सा यहां बिताया है।

शहरी विकास के बदलते परिदृश्य में, इस ऐतिहासिक मिल का स्थान अब आधुनिक इमारतों और आवासीय परिसरों ने लेना शुरू कर दिया है। मिल का एक बड़ा हिस्सा पहले ही बिक चुका है, और शेष भाग पर प्लॉटिंग का कार्य तेजी से चल रहा है। यह परिवर्तन न केवल शहर के भौतिक स्वरूप को बदल रहा है, बल्कि इसके साथ जुड़ी सामाजिक और आर्थिक संरचना को भी प्रभावित कर रहा है। इस मिल के साथ जुड़े लोगों के लिए यह केवल एक इमारत नहीं, बल्कि उनके जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रही है। कई पीढ़ियों ने यहां काम किया, अपने परिवारों का पालन-पोषण किया, और अपने सपनों को साकार करने की कोशिश की। मिल के साथ-साथ ये सारी यादें और अनुभव भी मिटने के कगार पर हैं।

शहरी विकास और आर्थिक प्रगति के नाम पर ऐसी ऐतिहासिक इमारतों का विनाश एक गंभीर चिंता का विषय है। यह न केवल शहर की विरासत को नष्ट करता है, बल्कि उस सामूहिक स्मृति को भी मिटाता है जो एक समुदाय की पहचान का हिस्सा होती हैं। इस प्रक्रिया में, हम अपने अतीत से जुड़े महत्वपूर्ण सूत्रों को खो रहे हैं।

यह समय की मांग है कि हम विकास और विरासत के बीच एक संतुलन बनाएं। क्या यह संभव नहीं कि इस तरह की ऐतिहासिक इमारतों को संरक्षित किया जाए और उन्हें नए उद्देश्यों के लिए पुनर्जीवित किया जाए। क्या हम अपने शहरों को आधुनिक बनाते हुए भी उनकी आत्मा को जीवित नहीं रख सकते?

जैसे-जैसे बुलडोजर इस पुरानी मिल की अंतिम दीवारों को ढहाएंगे, हमें याद रखना चाहिए कि हम केवल एक इमारत नहीं, बल्कि अपने इतिहास का एक महत्वपूर्ण अध्याय खो रहे हैं। यह वक्त की ज़रुरत है कि हम अपनी विरासत के प्रति अधिक संवेदनशील हों और उसे संरक्षित करने के लिए ठोस कदम उठाएं। क्योंकि अंत में, एक शहर की पहचान केवल उसकी नई इमारतों से नहीं, बल्कि उसके इतिहास और संस्कृति से भी बनती है।

● अज़हान वारसी



### एक आटा चक्की के मिल बनने की दास्तां

आटा मिल से पहले यहां शहर की पहली आटा चक्की थी जो पंडित चतुर्भुज ने अंग्रेजी शासन के दौरान 1918 में लगाई थी। शुरू में यहां घरों में प्रयोग होने वाली सामान्य चक्की से गेहूं पीसा जाता था। फिर बड़ी चक्की के जरिए पिसाई होने लगी। अंग्रेजों के समय में ही पंडित चतुर्भुज ने यहां आटा मिल स्थापित की। बड़े-बड़े रोलर और मशीनें लगी और उन्हें चलाने के लिए 250 हॉर्स पावर का भाप का इंजन भी लगाया गया। 1935 में इस मिल में आग भी लगी लेकिन उसे दोबारा बनवाया गया। पंडित चतुर्भुज के 1945 में चल बसने के बाद उनके बेटे ने पार्टनरशिप में मिल चलाई।

## 26 हजार गज में फैली है मिल, सेल्स टैक्स नहीं चुका पाए तो सरकार ने कर लिया काफी जमीन पर कब्जा

पंडित चतुर्भुज की तीसरी पीढ़ी के 83 वर्षीय मोहन लाल बताते हैं कि 26 हजार गज में फैली इस मिल में अब कम जगह बची है। 50 साल से जमीन बंटवारे का केस कोर्ट में चल रहा है। उनका बचपन मिल में ही बीता है। अब वह मिल के रिहायशी इलाके में बागवानी करके जीवन बिता रहे हैं। वह बताते हैं कि आजाद भारत में गेहूं की कमी हुई तो अमेरिका से लाल गेहूं आयात किया गया। वह भी इसी मिल में पीसा जाता था। सरकार ने 1200 टन का कोटा तय किया था और कोटेदारों के जरिए वह आटा जनता को बंटवाती थी। बाद के बरसों में आटा मिल चलाने में घाटा हुआ तो सरकार का बकाया बढ़ता चला गया। तहसील से वसूली की गई। काफी जमीन सेल्स टैक्स का बकाया चुकाने में चली गई। यह जमीन सरकार के कब्जे में आई तो उस परआरएफसी का गोदाम खोल दिया गया। अब यह गोदाम भी खंडहर हो गया है। अब इस इमारत में आटा और तेल मिल की निशानी के तौर पर जंग खाती मसीने बची हैं। मिल में किसी की आवाजाही पर पाबंदी है। गेट के अंदर प्रवेश करते ही एक बोर्ड दिखता है जिस पर जमीन विवादित होते हुए उसकी खरीद-फरोख्त न करने की सलाह दी गई है। अभी यहां गैस एजेंसी के कार्यालय समेत कुछ गतिविधियां चल रही हैं। कुछ परिवार भी निवास कर रहे हैं।

## बाढ़ के पानी ने ले ली एक और जान झाड़ियो में फंसा मिला ग्रामीण का शव

संवाददाता, बीसलपुर

**अमृत विचार:** बाढ़ के पानी ने एक और जान ले ली। देवहा नदी के उफनाने के बाद आई बाढ़ के पानी में बहने वाले ग्रामीण का शव गुरुवार को एनडीआरएफ टीम ने बरामद कर लिया गया। पुलिस ने परिजन से जानकारी की ओर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे के बाद परिवार में चीख पुकार मची रही।

कोतवाली बीसलपुर क्षेत्र के कई गांव देवहा नदी के उफनाने के बाद बाढ़ की चपेट में आ चुके हैं। गांवों में कई फीट तक पानी भरा हुआ है। ग्राम जसौली दिवाली में में भी बाढ़ के हालात हैं। गांव के बाहर की तरफ तो तेज बहाव से कई फीट में पानी बह रहा है। गांव के ही रहने वाले मूलचंद का 18 वर्षीय पुत्र नन्हेलाल बुधवार को अपने दोस्तों के साथ बाढ़ देखने के लिए गया था। गांव के बाहर पुलिया पर अचानक पैर फिसलने से वह बाढ़ के पानी में बह गया था। इसके बाद से उसकी तलाश की जा रही थी लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। परिवार वाले जवान बेटे को लेकर चिंतित थे। गुरुवार सुबह एनडीआरएफ की टीम संग पुलिस ने रेस्क्यू शुरू किया। जिसके बाद पुलिया के कुछ ही दूरी पर नन्हेलाल का शव झाड़ियों में फंसा मिला। शव को बमुश्किल निकाला गया। जिसके बाद परिवार की बेटे के जिंदा होने की उम्मीद भी टूट गई।

### प्लाट में भरे पानी में डूबकर किशोर की मौत

**संवाददाता, बरखेड़ा, अमृत विचार :** प्लॉट में भरे बाढ़ के पानी में डूबकर एक किशोर की मौत हो गई। दो घंटे की मशक्कत के बाद उसका शव बरामद हो सका। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। कस्बा बरखेड़ा के वार्ड नंबर आठ के रहने वाले मोहम्मद तौहीर का 16 वर्षीय पुत्र मोहम्मद समी जयपुर में सिलाई सीखता था। वह तीन माह बाद गुरुवार सुबह ही घर लौटा था। कुछ देर परिवार वालों संग बिताने के लिए घर से टहलने के लिए निकला था। वार्ड नंबर छह में एक प्लाट पर बाढ़ का पानी भरा हुआ है। वहां पर कई गहरे गड्ढे भी है। पैर फिसलने के बाद गुड्डू उसमें गिर गया और डूब गया। राहगीरों के शोर पर लोग जमा हुए और तलाश शुरू कर दी। परिवार वाले भी मौके पर पहुंच गए। करीब दो घंटे बाद मोहम्मद समी को बाहर निकाला गया। आनन-फानन में परिजन उसे सीएचसी ले गए। वहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।


### बरेली कॉलेज, बरेली

महाविद्यालय में सत्र 2024-25 हेतु निम्नलिखित कार्य कराने के लिए निविदायें आमंत्रण की जा रही है 01. वित्त पोषित एवं स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रमों हेतु विवरण पत्रिका एवं परिचय पत्र मुद्रण कार्य। 02. विश्वविद्यालय एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में महाविद्यालय के साईकिल स्टैण्ड के संचालन हेतु लेबर कान्ट्रेक्ट (ठेका) का कार्य। 03. कम्प्यूटर की ए.एम.सी. 04. महाविद्यालय में प्रयुक्त होने वाली विद्युत सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदा 05. महाविद्यालय की सुरक्षा हेतु सुरक्षा ऐजेन्सी का ठेका इत्यादि निविदा प्रपत्र दिनांक 12.07.2024 से 01.08.2024 तक प्रत्येक कार्य दिवस में महाविद्यालय कार्यालय से प्रातः 10:00 से 1:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है। विस्तृत सूचनाएं एवं शर्ते निविदा प्रपत्र में अंकित है।

देवमूर्ति, सचिव प्रबन्ध समिति — प्रो. ओमप्रकाश राय, प्राचार्य


# मैं कभी किसी पर गलत टिप्पणी नहीं करती हूं : जयाप्रदा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- एमपी-एमलए मजिस्ट्रेट कोर्ट से पूर्व सांसद को मिली राहत
- आचार संहिता उल्लंघन के मामले में बरी होने पर मीडिया से हुईं रूबरू

**अमृत विचार :** जिले की एमपी-एमलए मजिस्ट्रेट कोर्ट ने पूर्व सांसद जयाप्रदा को बड़ी राहत दी है। केमरी थाने में 2019 में दर्ज हुए आचार संहिता उल्लंघन के मामले में गुरुवार को कोर्ट ने साक्ष्य के अभाव में पूर्व सांसद जयाप्रदा को बरी कर दिया है। कोर्ट से बरी होने के बाद जयाप्रदा ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि मैं अदालत को धन्यवाद देना चाहती हूं। उन्होंने समझा कि मैंने ऐसा कुछ गलत नहीं किया। सोच-विचार के बाद ही अदालत ने मुझे बरी किया है। मैं शुरू से ही कह रही थीं कि मैं रामपुर से दो बार सांसद रहीं। कभी भी किसी पर गलत टिप्पणी मैं नहीं करती हूं।

यह मामला वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव का है। भाजपा ने अभिनेत्री जयाप्रदा को लोकसभा चुनाव में अपना प्रत्याशी बनाया था। उनके सामने समाजवादी पार्टी के टिकट पर मोहम्मद आजम खां ने चुनाव लड़ा था। आरोप है कि लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान जयाप्रदा ने आचार संहिता का उल्लंघन किया था। चुनाव प्रचार के दौरान जयाप्रदा जब केमरी थाना क्षेत्र में पहुंचीं तो वहां पिपलिया मिश्र गांव में जनसभा को संबोधित किया और एक आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी थी। यह मामला थाने पहुंचा और एफआईआर दर्ज की गई। अब उन्हें इस मामले में बरी कर दिया गया है।



बरी होने के बाद विजय का चिह्न दिखातीं पूर्व सांसद जयाप्रदा। ● अमृत विचार

### स्वार के मुकदमे में भी हुई सुनवाई

जयाप्रदा के आचार संहिता से जुड़े मामले में गुरुवार को सुनवाई हुई। जहां उनके अधिवक्ता ने धारा में करेंशन के लिए प्रार्थना पत्र दिया। अभियोजन पक्ष ने इस मामले में आपत्ति पत्र दाखिल करने के लिए समय मांगा। अब 18 जुलाई को सुनवाई होगी। पूर्व सांसद जयाप्रदा के खिलाफ स्वार में आचार संहिता उल्लंघन का मुकदमा दर्ज किया गया था। इसकी सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में हो रही है। इस मामले में गुरुवार को सुनवाई हुई।

### कोर्ट में पेश नहीं होने पर जारी हुए थे वारंट

पिछले दिनों कोर्ट में पेश नहीं होने पर जयप्रदा के खिलाफ दोनों मामलों में सात बार वारंट जारी हुए थे। कोर्ट ने कड़ा रुख अपनाते हुए पुलिस अधीक्षक को गिरफ्तार करने के आदेश दिए थे। हालांकि जयाप्रदा उस समय पुलिस के हाथ नहीं आईं थीं। बाद में वह अपने अधिवक्ता के साथ कोर्ट में पेश हुई थीं। जहां उनके वारंट निरस्त कर दिए गए थे। केमरी के मामले में एक जुलाई को दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी हो गई थी। इस मामले में वादी सहित चार लोगों के बयान हुए थे।

## महिला की हत्या के दोषी पति को 10 साल की सजा

- एससी/एसटी कोर्ट ने चार साल बाद सुनाया फैसला, 42 हजार जुर्माना भी लगाया

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** दहेज हत्या में पति को 10 साल के कारावास की सजा और 42 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

नैनीताल के कालाढूंगी क्षेत्र के विनयपुर निवासी सरोज सिंह ने 16 नवंबर 2021 को भगतपुर थान में मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें उन्होंने बताया कि उन्होंने बेटी की शादी थाना भगतपुर के निवाड़खास निवासी कपिल पुत्र हरिराज से की थी। ससुराल वाले दहेज के लिए उसके साथ मारपीट करते थे। सरोज सिंह ने पुलिस में इसकी शिकायत की थी। 15 नवंबर 2021 को उनकी बेटी की हत्या कर दी गई। जिसकी सुनवाई एससी/एसटी कोर्ट सन्दीप गुप्ता की अदालत में की गई। सरकारी वकील अधिवक्ता सुरेश सिंह के मुताबिक, मामले में कई गवाहों ने बयान दर्ज कराए। अदालत ने साक्ष्यों के आधार पर आरोपी पति कपिल को दहेज हत्या का दोषी करार देते हुए दस साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई।

## कर्बला में ताजियों के साथ डीजे लाने पर लगाई पाबंदी

**बरेली, अमृत विचार :** बाकरगंज स्थित ईदगाह मैदान (कर्बला) पर यौम-ए-आशुरा के मौके पर ताजिया दफन किए जाते हैं। जिसको लेकर गुरुवार को ईदगाह कमेटी ने बैठक की, जिसमें कर्बला में ताजियों के साथ डीजे लाने पर पाबंदी लगाने का निर्णय लिया गया।

ईदगाह कमेटी वक्फ कर्बला के अध्यक्ष खलील अहमद ने बताया कि महेशपुरा से बिधौलिया, पुराना शहर से ताजियादार कुछ वर्षों से जुलूस में डीजे लेकर आ रहे हैं। जिसकी वजह से अव्यवस्था फैलती है और कर्बला के अंदर जाने वाले रास्ते पर जाम लगता है। बड़े वाहनों पर डीजे लादे जाते हैं, इससे बिजली के तार खुले रहने से हादसे का खतरा रहता है। इसलिए डीजे पर पूरी तरह पाबंदी रहेगी, केवल ढोल के साथ कर्बला में ताजियादार आएं। उनका आरोप है कि नगर निगम की ओर से अभी तक सफाई व्यवस्था नहीं कराई गई है। न तो वक्फ की जमीन से अतिक्रमण हटा है और न ही सड़कों की मरम्मत की गई है। इस संबंध में ज्ञापन दिया जा चुका है। महबूब अंसारी, महताब अली, हबीब हुसैन, अशरफ अली, हसनैन रजा, राशिद कुरैशी, शकील अहमद आदि मौजूद रहे।


### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल हिन्दुजा हाउसिंग फाईनेन्स लि. शाखा बरेली से संजीव कुमार चौधरी पुत्र श्री राम प्रताप चौधरी नि. नियर दुर्गा मन्दिर पुराना शहर 265 कटरा चाँद खां बरेली एक किता मकान नं. 448 का भाग तादादी 65.63 वर्गमी वाकै परवेज नगर पर. तह. व जिला बरेली जिसकी चौहद्दी पूरब में मकान जतगदीश नरायन वाजपेयी, पश्चिम में सड़क 24 फिट चौड़ी बादहू देवेन्द्र सिंह चन्द्रवंशी, उत्तर में मकान राकेश मिश्रा व दक्षिण में मकान दिनेश कुमार शर्मा है, को क्रय करने हेतु मेरे मुवक्किल से लोन ले रहे हैं। उक्त सम्पत्ति से सम्बन्धित पूर्व एक मूल बैनामा जिसकी रजिस्ट्री दिनांक 23.08.2007 को श्रीमान स.र. बरेली में बही सं. 1 जिल्द 2088 के पृष्ठ 29 से 56 तक क्रमांक 6450 पर हुई है जो श्रीमती उर्मिला गंगवार के हक में निष्पादित हुआ है कहीं खो गया है जिसके खोने की सूचना दिनांक 09.07.2024 को ई-थाना पर दर्ज कराई जा चुकी है।

अतः सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी अन्य व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सामान्य कार्य दिवस के 07 दिन के अन्दर मेरे मुवक्किल हिन्दुजा हाउसिंग फाईनेन्स लि. शाखा बरेली पर या मेरे कार्यालय पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर दर्ज करा सकता है। उक्त समयावधि बीत जाने के उपरान्त मेरे मुवक्किल द्वारा संजीव कुमार चौधरी के पक्ष में ऋण जारी कर दिया जायेगा।

दिनांक : 09.07.2024

मुनीश कुमार सक्सेना
चैम्बर नं. 7 न्यू बिल्डिंग बंगलिया
सिविल कोर्ट, बरेली।
सूचीबद्ध अधिवक्ता
हिन्दुजा हाउसिंग फाईनेन्स लि. बरेली
मो. 9997389012



### कार्यालय सहायक अभियन्ता
प्रथम उपखण्ड, बनबसा, हैड वर्क्स खण्ड, शारदा नहर, बरेली

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सिंचाई विभाग उत्तर प्रदेश के बनबसा जिला चम्पावत में वर्ष 2024-2025 (एक वर्ष) के लिये पुनः शारदा बैराज से मछली पकड़ने की नीलामी दिनांक 20.07.2024 को अपराहन 1.00 बजे सहायक अभियन्ता, प्रथम उपखण्ड, बनबसा के कार्यालय प्रांगण में अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई निर्माण खण्ड, लोहाघाट या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि की उपस्थिति में की जायेगी। सबसे ऊंची बोली बोलने वाले को बोली की सम्पूर्ण धनराशि बोली समाप्त होने पर तुरन्त जमा करनी होगी। सम्पूर्ण धनराशि जमा न करने पर उनके द्वारा जमा जमानत राशि जप्त कर ली जायेगी। प्रत्येक बोली बोलने वाले को बोली बोलने से पूर्व नियमानुसार जमानत राशि की एफ0डी0आर0 जो अधिशासी अभियन्ता हैड वर्क्स खण्ड, शारदा नहर, बरेली के नाम बंधक होगी जमा करनी होगी। नीलामी स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार अधिशासी अभियन्ता, हैड वर्क्स खण्ड, शारदा नहर, बरेली को होगा। नीलामी से सम्बन्धित अन्य शर्ते किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है। इस दिनांक को अवकाश होने पर नीलामी निर्धारित समय पर अगले कार्य दिवस में की जायेगी। नीलामी बोली में मात्र नीलामी बोलीकर्ता ही उपस्थित रहेगा। उक्त नीलामी वर्ष 2024-2025 (एक वर्ष) के लिए की जा रही है, एवं उच्चतम बोलीदाता को नीलामी के अधिकार विगत वर्ष की नीलामी अवधि के समाप्त होने के बाद दिये जायेगे।

| क्रमांक | मछली की नीलामी का स्थल | धरोहर राशि | नीलामी की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | शारदा बैराज की मछली नीलामी | 25,000.00 | 20.07.2024 |
| 2. | सिल्ट इजेक्टर की मछली नीलामी | 1,000.00 | 20.07.2024 |
| 3. | नेपाल चैनल की मछली नीलामी | 1,000.00 | 20.07.2024 |

UP – 217291
दिनांक– 10/07/2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

सहायक अभियन्ता
प्रथम उपखण्ड, बनबसा
हैड वर्क्स खण्ड, शारदा नहर, बरेली


# फेरों की तैयारी के दौरान दूल्हे की पहली पत्नी ने किया हंगामा

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** हसनपुर के एक बरातघर में शादी की तैयारी चल रही थी। इसी बीच दूल्हे की पहली पत्नी आ गई। इसके बाद उसने परिजनों के साथ हंगामा किया। मौके की नजाकत को देखते हुए दूल्हे पक्ष के लोग वहां से खिसक लिए। जानकारी पर मौके पर पुलिस पहुंच गई और मामले की जानकारी ली।

बताते हैं कि नौगांवा सादात क्षेत्र के गांव के रहने वाले होमगार्ड की बेटी की शादी चार साल पहले क्षेत्र के गांव निवासी युवक से हुई थी। शादी के एक साल बाद पति-पत्नी के बीच विवाद हो गया और दोनों अलग रहने लगे। पत्नी ने पति के खिलाफ अदालत में केस कर दिया। जो कोर्ट में विचाराधीन है। इसी बीच युवक ने दूसरी जगह शादी करने का निर्णय कर लिया। बताते हैं कि युवक की शादी हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी किसान की बेटी के साथ तय हो गई थी।

गुरुवार को नगर के मैरिज हॉल में शादी का आयोजन किया जा रहा था। इसकी भनक लगने पर युवक की पहली पत्नी अपने पिता व रिश्तेदारों के साथ समारोह में पहुंच गई और हंगामा कर दिया। हंगामे के बीच दूल्हा व उसके परिवार के लोग वहां से चले गए। सूचना मिलते ही पीआरवी मौके पर पहुंच गई, लेकिन वहां से अधिकांश लोग जा चुके थे। इसके बाद युवती कोतवाली पहुंची और मदद की गुहार लगाई। सीओ दीप कुमार पंत का कहना है कि मामले में की जांच की जा रही है। जल्द ही कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## राणा की जमानत पर 20 को सुनवाई, आदित्य-अभिराज की अर्जी खारिज

**विधि संवाददाता, बरेली :** इज्जतनगर थाना क्षेत्र में प्लॉट पर कब्जे के लिए हुए गोलीकांड के मुख्य आरोपी राजीव राणा और आशीष की जमानत अर्जी जिला जज की अदालत में पेश हुई। अदालत ने सुनवाई को 20 जुलाई की तिथि निर्धारित की है। इससे पहले सीजेएम कोर्ट ने दोनों आरोपियों की जमानत अर्जी खारिज कर दी थी। वहीं दूसरे गुट के आदित्य उपाध्याय और उसके पुत्र अभिराज की जमानत अर्जी उनके वकील की गैर मौजूदगी (अदम पैरवी) में खारिज हो गई।


### कार्यालय नगर पालिका परिषद, पीलीभीत

पत्रांक : 738/न.पा.परि.पी./2024-25 — दिनांक : 11.7.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

पालिका के पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 (01 जुलाई 2024 से 31 मार्च 2025 तक) बोर्ड फंड व राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत नगर क्षेत्र पीलीभीत में समय-समय पर त्यौहारों/राष्ट्रीय पर्वों एवं अन्य महत्वपूर्ण दिवसों व वीआईपी आगमन पर चूने की आपूर्ति हेतु शील बन्द निविदायें दिनांक 08.07.24 को समय 2:00 बजे तक कार्यालय नगर पालिका परिषद पीलीभीत में आमंत्रित की जायेंगी निविदा दिनांक 19.07.24 को समय 3:00 बजे निविदादाताओं एवं उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। इच्छुक ठेकेदार नगद मूल्य जमा कराकर निविदा प्रपत्र दिनांक 18.7.24 को समय 1:00 बजे तक कार्यालय से क्रय की जा सकती है। निविदा के साथ 10 प्रतिशत धरोहर धनराशि एन.एस.सी./एफ.डी.आर. के रूप में अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद पीलीभीत के नाम बन्धक कराकर संलग्न करना अनिवार्य है।

| क्र.सं. | कार्यो का नाम | दर | मात्रा | धरोहर धनराशि | निविदा मूल्य जी.एस.टी. सहित |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | चूना डस्ट | 430/- प्रति कुन्टल जी.एस.टी. सहित | 1000 कुन्टल | 10% | 510/- |

शर्ते :-
1. जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्गत चरित्र/हैसियत प्रमाण-पत्र धारण करने वाले निविदा क्रय करने के पात्र होंगे।
2. निविदा के साथ 10 प्रतिशत धरोहर एन.एस.सी./एफ.डी.आर. के रूप में अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद पीलीभीत के नाम बन्धक कराकर संलग्न करना अनिवार्य है।
3. बिना धरोहर धनराशि के किसी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
4. निविदा के साथ 100/- का स्टाम्प पेपर पर एक रसीद टिकट हस्ताक्षर युक्त जमा करना होगा।
5. सशर्त निविदा मान्य नहीं होगी।
6. निविदादाता की स्वीकृत उपरान्त 100/- के स्टाम्प पर अपने व्यय पर एक अनुबन्ध कराना होगा तथा 10/- के स्टाम्प पर शपथ पत्र देना होगा।
7. भुगतान बिल से नियमानुसार कटौतियां की जायेगी जो निविदादाता को मान्य होगी।
8. किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा।
9. काली सूची में डाले गये ठेकेदार निविदा क्रय करने के पात्र नहीं होंगे।
10. नगर पालिका परिषद पीलीभीत में निविदादाताओं का पंजीकृत होना अनिवार्य होगा।

अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, पीलीभीत — अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, पीलीभीत



### कार्यालय नगर स्वास्थ्य अधिकारी, नगर निगम बरेली

पत्रांक सं. : 88 स्वा.वि./2024-25 — दिनांक : 11.07.2024

**ई-निविदा सूचना**

बरेली नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग के स्टोर में विभागीय आवश्यकतानुसार समय-समय पर (01) सफाई उपकरण सफाई सामिग्री, (02) चूने का पाउडर, (03) नारियल झाडू, पल्ला, लाठी, (04) कीटनाशक दवा (फॉगिंग एंटीलार्वा दवा) हेतु, (05) गोदाम मैटेरियल सामिग्री, (06) विभिन्न नम्बरों के टायर व ट्यूब फ्लैप (07) विभिन्न एम्पेयर की बैट्रियों की आपूर्ति हेतु वर्ष 2024-25 में दरें प्राप्त करने के लिए जीएसटी में पंजीकृत निर्माता कम्पनियों/अधिकृत विक्रेताओं/ सबडीलर से सम्बन्धित फर्मों से ई-टैण्डरिंग की वेबसाइट https://etender.up.nic.in के माध्यम से निम्नांकित टैण्डर शैड्यूल के अनुसार दिनांक 31-07-2024 को आमन्त्रित की जाती है। निविदा की शर्तें एवं कार्यों का विवरण ई-टैण्डरिंग की वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती हैं। निविदा प्रपत्र मूल्य की धनराशि RTGS/NEFT द्वारा बरेली नगर निगम के पंजाब नैशनल बैंक शाखा बरेली के खाता संख्या 3647000100980707 IFSC Code- PUNB0364700 में जमा करानी होगी तथा धनराशि ट्रांसफर का यूटीआर/एनएससी दिनांक 31-07-2024 को अपरान्ह 02:00 बजे तक स्कैन कर वैबसाइट पर अपलोड करना होगा, निविदा मूल्य दिनांक 31-07-2024 तक पर जमा कराना होगा। धनराशि (EMD) नगर निगम बरेली के नाम बन्धक होनी आवश्यक है। शर्तयुक्त निविदा मान्य नहीं होगी। किसी भी निविदा को बिना कारण बतायें स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार नगर आयुक्त, नगर निगम बरेली का होगा। समस्त विवरण, शर्तें आदि ई-टैण्डरिंग की वेबसाइट https:// etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

| क्र. सं. | बरेली नगर निगम BNN Stage | Vendor Stage | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अंतिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 01 | Tender Release | - | 13-07-2024 02:00 PM | - |
| 02 | - | Tender Download | 13-07-2024 02:00 PM | 30-07-2024 12:00 PM |
| 03 | - | Bid Submission | 13-07-2024 02:00 PM | 31-07-2024 02:00 PM |
| 04 | Close for Bid | - | 31-07-2024 | 03:00 PM |
| 05 | Bid Opening | - | 31-07-2024 | 04:00 PM |

नोटः- शासनादेश संख्या 3070/78-2-18/42 आईटी/2017/(22) दिनांक 03.01.2018 के अनुपालन में निविदादाता को धरोहर राशि (ट्रांजेक्शन नम्बर) की एफडीआर/एनएससी को स्कैन कर वेबसाइट पर अपलोड करना अनिवार्य होगा। निविदा प्रक्रिया पूर्ण हो जाने अर्थात् निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड्स खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल धरोहर राशि सम्बन्धी एफडीआर/एनएससी विभाग को उपलब्ध करानी होगी, यदि उपलब्ध नहीं करायी जाती है, तो निविदादाता के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जायेगी तथा उस फर्म को निरस्त कर काली सूची में डालने की कार्यवाही की जायेगी।

नगर स्वास्थ्य अधिकारी
नगर निगम बरेली।

# स्वास्थ्य विभाग में 17 डॉक्टर सेवा से बर्खास्त, एक बरेली की

## उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के निर्देश पर हुई कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



● इ्यूटी से नदारद चल रहे चिकित्साधिकारियों को रेड कार्ड

**अमृत विचारः** ड्यूटी से लंबे समय तक गैरहाजिर रहने वाले विभिन्न जिलों में तैनात 10 महिला चिकित्सक समेत 17 डॉक्टरों को बर्खास्त कर दिया गया है। इनमें एक बरेली की भी चिकित्सक शामिल हैं। तीन चिकित्साधिकारियों पर अनुशासनिक कार्रवाई भी की गई है। ये निर्देश गुरुवार को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा को दिए हैं।

ब्रजेश पाठक ने कहा कि चिकित्सकीय सेवाओं में लापरवाही बरतने वाले किसी भी चिकित्सक या स्वास्थ्यकर्मी को क्षमा नहीं किया जाएगा। उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि बिना किसी सूचना के गैरहाजिर रहने वाले 17 चिकित्सकों को विभाग से सेवामुक्त कर दिया गया है।

मथुरा में सीएचसी बलदेव में तैनात चिकित्साधिकारी डॉ. आनंद गोयल, सिद्धार्थनगर के डॉ. रजनीश चौधरी, डॉ. नेहा सिंह, डॉ. कृतिका व डॉ. पारुल वर्मा, बस्ती की डॉ. निक्की, आजमगढ़ की डॉ. ईशा सिंह, आगरा की डॉ. सोनाक्षी सेठ, बलिया में डॉ. राहुल कुमार व डॉ. जैन, जालौन के डॉ. सत्येंद्र पुरवार, मैनपुरी की डॉ. अंजली वर्मा व डॉ. स्वाति कुशवाहा, मिर्जापुर के डॉ. अखलाक अहमद, बरेली की डॉ. रूबी जायसवाल, फिरोजाबाद की डॉ. सरिता पांड्य, फिरोजाबाद के डॉ. मनीष मगन शामिल हैं।

### मंडलीय अपर निदेशक करेंगे जांच

तीन डॉक्टरों पर लगे आरोपों की जांच मंडलीय अपर निदेशक करेंगे। संबंधित मंडलीय अपर निदेशकों को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। मालूम हो कि जिला चिकित्सालय, झांसी के अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. मुकुल मिश्रा, बाराबंकी में सीएचसी फतेहपुर में तैनात नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. माधवी सिंह एवं बरेली सीएमओ के अधीन कार्यरत डॉ. प्रमोद कुमार शर्मा के खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

# 2027 में बनेगी सपा की सरकारः शिवपाल यादव

**इटावा, अमृत विचार :** जिला पंचायत सभागार में समजावादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने भाजपा सरकार को सभी मोर्चों पर विफल बताते हुए कहा कि 2027 में प्रदेश में सपा की सरकार बनेगी। कार्यकर्ता अफवाहों से दूर रहते हुए पीडीए की मजबूती के अभियान में जुटे रहें। शिवपाल ने कहा कि प्रदेश की जनता अब इस सरकार से तंग आ चुकी है। गरीबी, बेरोजगारी से आजिज युवा और बेहाल किसान अब प्रदेश में सत्ता परिवर्तन चाहते हैं। विधानसभा सीटों पर होने जा रहे उपचुनाव में भाजपा को पता चल जाएगा कि उनके साथ अब जनता का विश्वास नहीं है। सपा नेता ने कहा कि भाजपा सरकार कोई भी परीक्षा कराने में सक्षम नहीं हो पा रही है। सिर्फ खोखली घोषणाओं और झूठ का सहारा लेकर जनता को गुमराह किया जा रहा है।



# 20 दिन में संपत्ति घोषित नहीं की तो होगी कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● सरकारी कर्मियों को अपनी संपत्ति का ब्यौरा मानव संपदा पोर्टल पर करना होगा दर्ज

**अमृत विचार :** कई निर्देशों के बाद भी चल-अचल संपत्ति न घोषित करने वाले राज्य कर्मचारियों को शासन ने अंतिम चेतावनी देते हुए 31 जुलाई तक संपत्ति ऑनलाइन घोषित कर देने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद भी कर्मियों ने संपत्ति सार्वजनिक नहीं की तो, संबन्धित कर्मचारी के खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी। यह सख्त निर्देश गुरुवार को कार्मिक विभाग के अपर मुख्य सचिव देवेश चतुर्वेदी ने दिया है।

एसीएस कार्मिक ने जारी एक पत्र के माध्यम से सभी विभागों के एसीएस, प्रमुख सचिव, सचिव और विभागाध्यक्षों को राज्य कर्मियों द्वारा चल-अचल संपत्ति का विवरण दर्ज कराए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने विभाग के आला अधिकारियों से कहा कि, अपने स्तर से कर्मचारियों की संपत्ति का विवरण प्रस्तुत कराना सुनिश्चित करें। जारी निर्देश में देवेश चतुर्वेदी ने कहा, 18 अगस्त 2023 को 31 दिसंबर तक चल व अचल संपत्ति का विवरण मानव संपदा पर दर्ज करने के निर्देश दिए गए थे। इसके बाद 6 जून को भी पुनः चेतावनी के साथ सख्त आदेश निर्गत किया गया कि 30 जून तक संपत्ति का विवरण दर्ज कर दे। बावजूद, अभी तक कर्मचारियों ने विवरण नहीं अपलोड किया है।

### विवरण देने वाले कर्मियों की संख्या मामूली

कर्मचारियों के हठ का आलम है कि अपर मुख्य सचिव ने पत्र में कहा कि, मानव संपदा पर पंजीकृत कर्मियों की संख्या के सापेक्ष विवरण प्रस्तुत करने वाले कर्मियों की संख्या न के बराबर है, कर्मचारियों का यह रवैया, कदापि संतोष जनक नहीं है। तमाम परिस्तिथियों को ध्यान में रखते हुए, राज्य कर्मचारियों पुन: इस 31 जुलाई तक संपत्ति विवरण प्रस्तुत करने का अंतिम मौका दिया जा रहा है। इस बार भी विवरण न देने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप

### 2600 सौ करोड़ से आयोजित होगा अगला महाकुंभ

**लखनऊ, अमृत विचार :** महाकुंभ 2025 को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति दिलाने के लिए प्रयागराज को सजाने और संवारने का कार्य प्रगति पर है। राज्य सरकार ने इस पूरे आयोजन के लिए 2600 करोड़ रुपए के बजट का प्राविधान किया है, जबकि अब महाकुंभ मेले की व्यवस्थाओं और सुविधाओं के लिए सीएसआर फंड का भी उपयोग किया जाएगा। इस कड़ी में सरकारी और गैर सरकारी संस्थाएं जो अपने सीएसआर फंड के माध्यम से महाकुंभ से जुड़ना चाहती हैं, उन्हें महाकुंभ मेला प्राधिकरण की ओर से आमंत्रित किया गया है। ऐसी संस्थाओं को अपने सीएसआर फंड के माध्यम से करोड़ों श्रद्धालुओं की सेवा और सरकार द्वारा इस आयोजन को वर्ल्ड क्लास बनाने के प्रयासों के साथ ही दुनिया के सबसे बड़े मेले से जुड़ने का अवसर मिलेगा।

### लापरवाही पर बांदा के नरेनी एसडीएम निलंबित

**लखनऊ/बांदा, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बांदा के नरैनी में तैनात उप जिलाधिकारी (एसडीएम) विकास यादव को निलंबित कर दिया है। विकास यादव पर जनहित के मामलों में लापरवाही और पर्यवेक्षणीय उदासीनता बरतने के साथ कदाचार के कारण कार्रवाई की गई है। विकास यादव को पदीय दायित्वों के सम्यक निर्वहन में अक्षम पाया गया, शासन की छवि धूमिल करने का भी आरोप है। निलंबन अवधि में वे उप जिलाधिकारी आयुक्त व सचिव राजस्व परिषद लखनऊ कार्यालय से संबद्ध रहेंगे। इलाहाबाद-झांसी शिक्षक खंड से विधान परिषद सदस्य की फाइल को लंबित रखना भी एसडीएम नरैनी विकास यादव पर भारी पड़ा। दो दिन पहले ही शिक्षक एमएलसी डा. तिवारी ने नरैनी तहसील पहुंचकर हंगामा काटा था और एसडीएम समेत तहसील के सभी अधिकारियों-कर्मचारियों पर रिश्वतखोरी और अवैध खनन में संलिप्त रहने का गंभीर आरोप लगाया था।

### आप सांसद संजय सिंह ने किया समर्पण, मिली जमानत

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** आम आदमी पार्टी के सांसद संजय के आचार संहिता उल्लंघन के मामले में एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट में गुरुवार को अपने अधिवक्ता रुद्रप्रताप सिंह मदन के जरिए आत्मसमर्पण कर दिया। विशेष कोर्ट मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने उनकी जमानत मंजूर कर रिहाई का आदेश दिया है। विशेष लोक अभियोजक वैभव पांडेय के मुताबिक आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह, मकसूद अंसारी, सलीम अंसारी, जगदीश यादव, मकसूद, सुकई, धर्मराज, जीशान, शाहबाज, सिकंदर, जलील व अजय के खिलाफ 13 अप्रैल 2021 को बंधुआ कला थाने के हसनपुर में आचार संहिता की उल्लंघन के आरोप में तत्कालीन एसओ प्रवीण कुमार यादव ने केस दर्ज किया था।

### महिला एसडीएम को मिली धमकी, मुकदमा दर्ज

**सहारनपुर, अमृत विचार :** एसडीएम नकुड, संगीता राघव को फोन पर धमकी मिलने का मामला सामने आया है। यह धमकी देवरिया निवासी संजय सिंह ने दी। आरोप है कि संजय सिंह ने एसडीएम से अमर्यादित भाषा और गाली-गलौज का भी प्रयोग किया। गंगोह के गांव बीनपुर निवासी हरेंद्र सिंह के किसी मामले की सिफारिश के लिए संजय सिंह ने फोन किया था। इस दौरान संजय सिंह ने एसडीएम संगीता राघव को गाली देते हुए उन्हें जूते मारकर सिर फोड़ने की धमकी दी। संजय सिंह ने महिला अधिकारी को चक्का जाम करने की धमकी भी दी। इस मामले में एसडीएम संगीता राघव ने संजय सिंह के खिलाफ थाना नकुड में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने बीएनएस की संगीन धाराओं 352, 351(3), 121(1), 224, 79 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

### नर्सिंग कॉलेजों में प्रवेश की अंतिम तिथि 30 सितंबर

**लखनऊ, अमृत विचार :** नर्सिंग कॉलेजों में एक अगस्त से नया एकेडमिक सत्र शुरू हो जाएगा। कॉलेजों में एएनएम, जीएनएम, बीएससी नर्सिंग, एमएससी नर्सिंग और नर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम और पोस्ट बेसिक डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश लिए जाएंगी, प्रवेश प्रक्रिया पूरी होने की 30 सितंबर 2024 है।

# मुशावरत ने राहुल गांधी-अखिलेश की चुप्पी पर उठाए सवाल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● मॉब लिंचिंग के शिकार शख्स के घर पहुंची मुशावरत की टीम

**अमृत विचारः** ऑल इंडिया मुस्लिम मजलिस मुशावरत एवं इंडियन नेशनल लीग की संयुक्त टीम अलीगढ़ में मॉब लिंचिंग का शिकार हुए शख्स के घर पहुंची और उसकी मां व भाई से घटना की जानकारी ली।

टीम ने विपक्षी पार्टियों के प्रमुख नेता राहुल गांधी और अखिलेश यादव पर प्रश्न खड़े करते हुए कहा कि इतनी बड़ी घटना होने के बाद भी विपक्षी नेताओं की खामोशी इस बात को बयां कर रही है कि तथाकथित सेकुलर कहलाने वाली सियासी पार्टियां मुसलमानों को सिर्फ वोट बैंक ही समझती हैं। अलीगढ़ में बीते दिनों औरंगजेब नाम के रोटी पकाने वाले शख्स की मॉब लिंचिंग में मौत हो गई थी। इंडियन नेशनल लीग के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रोफेसर मोहम्मद सुलेमान मुशावरत की टीम के साथ अलीगढ़ औरंगजेब के घर पहुंचे। उन्होंने कहा कि फोटो, वीडियो इस घटना की गवाही दे रहे हैं, लेकिन पुलिस ने मॉब लिंचिंग का शिकार हुए शख्स पर ही डकैती का मुकदमा कायम कर दिया।

# हाथरस में ट्रक से टकराई स्लीपर बस, दो की मौत

**सिकंदराराऊ (हाथरस), अमृत विचारः** गुरुवार सुबह 3 बजे सिकंदराराऊ से एटा हाईवे-34 पर टोली गांव के निकट पेट्रोल पंप पर खड़े कैंटर में एक स्लीपर बस ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि आधी बस के परखच्चे उड़ गए। इस हादसे से में दो लोगों की मौत हो गई और 38 लोग घायल हुए। एक निजी बस पंजाब के चंडीगढ़ से बांगरमऊ जा रही थी। सिकंदराराऊ से एटा रोड पर 15 किलोमीटर दूर गांव टोली पर जिओ पेट्रोल पंप पर खड़े कैंटर में पीछे से बस ने टक्कर मार दी। बताया जा रहा है कि बस चालक को झपकी आ गई थी।

# हेलो, मैं डीजीपी बोल रहा हूं, आपको जन्मदिन की शुभकामनाएं

विनय सिंह, लखनऊ

● चार महीने के कार्यकाल में 1088 पुलिसकर्मियों को दे चुके हैं बधाई

**अमृत विचार :** हेलो क्या हेड कांस्टेबल अभिजीत कुमार से बात हो रही है? लाइन पर डीजीपी प्रशांत कुमार सर हैं, आप से बात करना चाहते हैं। अब अगली आवाज डीजीपी की है। हेलो, मैं डीजीपी प्रशांत बोल रहा हूं। क्या हाल-चाल है अभिजीत। आज आपका जन्मदिन है। आपको हार्दिक शुभकामनाएं। ईश्वर आपको सदैव खुश रखे। कभी आना बैठकर चाय पिएंगे।



कांस्टेबल थोड़ा भयभीत तो थोड़ा भावुक होते हुए उन्हें थैंक्यू कहता है... फिर कुछ ही पलों में डीजीपी से स्थिर होकर बातचीत करने लगता है। इन दिनों डीजीपी प्रशांत कुमार का पुलिस मुख्यालय में तैनात पुलिस कर्मियों को अचानक फोन पहुंचना चर्चा में है। प्रतिदिन पांच से आठ कार्मिकों का जन्मदिवस पड़ता है, जिसको डीजीपी प्रशांत कुमार स्वयं फोन करके बधाई और आशीर्वाद देते हैं। इन कार्मिकों में आईपीएस, पीपीएस अफसरों के साथ-साथ इंस्पेक्टर, सब इंस्पेक्टर और कांस्टेबल तक है। मुख्यालय के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि डीजीपी इस पहल को बहुत गंभीरता से ले रहे हैं, ऐसे में वह एक से दो मिनट तक बातचीत करते हैं। कुशलक्षेम पूछते समय वह कभी-कभी उसकी समस्याएं भी पूछ लेते हैं और निदान भी करते हैं।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि डीजीपी की दूसरी पहल भी काफी रोचक है। वह विभिन्न विभागों में डीजी पद पर तैनात अफसरों से मिलने उनके कार्यालयों तक पहुंच जाते हैं। ऐसे में वह उस डीजी के साथ चाय पर काफी देर बैठते हैं। विगत महीने सेवानिवृत्त हुए दो डीजी के कार्यालयों में वह सेवानिवृत्ति से पहले पहुंचे थे। शीर्ष अधिकारी ने बताया कि इससे एक सार्थक संदेश जाता है।

## खबरें कोर्ट रूम से...

# धर्म परिवर्तन से इनकार पर हत्या के आरोपी को राहत नहीं

विधि संवाददाता, इलाहाबाद

● हिंदू महिला की हत्या करने के आरोपी को जमानत देने से इनकार

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट ने धर्मांतरण से इनकार करने पर एक हिंदू महिला की बेरहमी से हत्या करने वाले आरोपी को जमानत देने से इनकार कर दिया है।

हाईकोर्ट ने कहा कि ट्रायल कोर्ट ने सह-आरोपी की जमानत याचिका पर विचार करते समय संपूर्ण तथ्यों का विश्लेषण नहीं किया। विशेषकर हाईकोर्ट के जनवरी 2023 के आदेश का हवाला दिया गया, जिसमें सह-आरोपी को जमानत देने से इनकार किया गया था। यह आदेश न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकलपीठ ने अपराध की गंभीरता पर विचार कर आरोपी शोएब अख्तर की याचिका को खारिज करते हुए पारित किया। मामले के अनुसार मृतका पर विवाह के बाद आरोपी व सह-आरोपी एजाज अहमद ने धर्म-परिवर्तन का दबाव बनाया।

पीड़िता के इनकार करने पर दोनों ने मिलकर उसकी बेरहमी से हत्या कर दी। सितंबर 2020 को नाले के पास से पीड़िता की सर कटी लाश मिली। जांच के बाद अपराध सिद्ध होने पर दोनों आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत पुलिस स्टेशन चोपन, सोनभद्र में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। आरोपी की पहली जमानत याचिका जनवरी में हाईकोर्ट द्वारा इस आधार पर खारिज कर दी गई थी कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार मृतका की मौत शरीर से गर्दन के अलग होने पर हुई थी। आरोपी की दूसरी जमानत याचिका इस आधार पर दाखिल की गई कि सह-आरोपी एजाज अहमद को अक्टूबर 2023 में कोर्ट की समन्वय पीठ द्वारा जमानत दे दी गई है।

सरकारी वकील ने याचिका का विरोध करते हुए बताया कि राज्य की एक गलत दलील कि सह-आरोपी पिछले साढ़े आठ वर्षों से जेल में है, इसके आधार पर सह-आरोपी को जमानत मिल गई थी।

### शुक्रवार को भी कार्य से विरत रहेंगे अधिवक्ता

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने अधिवक्ताओं के प्रति न्यायाधीशों के व्यवहार और कोर्ट की परंपराओं और प्रथाओं का पालन न करने सहित विभिन्न मुद्दों पर शुक्रवार को भी न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया है। गुरुवार की दोपहर 12 बजे एसोसिएशन की कार्यकारिणी समिति की बैठक नए पदाधिकारियों के कक्ष में वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

### कैदी के खिलाफ सरकार का आदेश रूढ़िवादी, रद किया

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 79 वर्षीय अभियुक्त को समय से पहले रिहाई का लाभ न देने के प्रदेश सरकार के आदेश को रद करते हुए कहा कि आक्षेपित आदेश एक रूढ़िवादी और व्यक्तिगत विश्लेषण की कमी वाला आदेश है। इसे राज्य सरकार द्वारा लगभग हर मामले में बिना सोचे-समझे पारित किया जाता है। कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि याची, जिसकी उम्र 79 वर्ष है और जिसने छूट के साथ 25 वर्ष से अधिक की सजा काट ली है।

### दो न्यायिक अधिकारियों का तबादला

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दो न्यायिक अधिकारियों का स्थानांतरण किया है, जिनमें अमित पाल सिंह प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, फतेहपुर को जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बलिया में और अशोक कुमार (सप्तम) जिला एवं सत्र न्यायाधीश बलिया को पीठासीन अधिकारी मोटर एक्सीडेंट क्लेम्स ट्रिब्यूनल, गोंडा के पद पर स्थानांतरित किया गया है। यह जानकारी महानिबंधक राजीव भारती द्वारा एक अधिसूचना के माध्यम से दी गई है।

# तहसीलों-आरटीओ दफ्तर में औचक निरीक्षण, 19 दलालों को भेजा जेल

संवाददाता, लखनऊ/सहारनपुर

● मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सीधी निगरानी में सहारनपुर में हुई कार्रवाई

**अमृत विचारः** भ्रष्टाचार के खिलाफ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मिशन मोड में आ चुके हैं। मुख्यमंत्री ने अब सरकारी कार्यालयों में औचक निरीक्षण कराना शुरू कर दिया है। गुरुवार को मुख्यमंत्री की सीधी निगरानी में सहारनपुर में तहसीलों और आरटीओ दफ्तर में औचक निरीक्षण किया गया, जहां 19 दलाल/बिचौलिये मिले। सभी को तत्काल जेल भेज कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी गई।



अचानक हुई इस कार्रवाई से जिले में हड़कंप सा माहौल है। औचक निरीक्षण के पीछे मुख्यमंत्री की मंशा सरकारी कार्यालयों में भ्रष्टाचार मुक्त, साफ-सुथरी, शुचितापूर्ण कार्यसंस्कृति बनाये रखना है। मुख्यमंत्री द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को दो टूक शब्दों में कहा गया कि सरकारी कार्यालयों में भ्रष्टाचार की कोई जगह नहीं है। यदि किसी कार्यालय में दलाल/बिचौलिया पाया गया तो जिले के वरिष्ठ अधिकारियों की भी जवाबदेही तय की जाएगी, साथ ही उनकी परिसम्पत्तियों की जांच भी कराई जाएगी।

### बिजली गिरने से चार लोगों की मौत, तीन झुलसे

**फतेहपुर, अमृत विचार :** मलवां थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह दो अलग-अलग स्थानों पर बिजली गिरने से चार लोगों की मौत हो गई। मलवां थाना क्षेत्र के कुरस्तीकला गांव में गुरुवार सुबह गांव के आधा दर्जन लोग खेतों में धान की रोपाई कर रहे थे। तभी करीब 11 बजे के आसपास बिजली गिरने से तीन महिलाओं गोमती, कुसुम और राजकुमारी की मौके पर ही मौत हो गई। तीन लोग गंभीर रूप से झुलस गए हैं। झुलसे सूरज, शिवांशी और राम श्री को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसी तरह मलवां थाना क्षेत्र के ही बरमतपुर गांव के विमल की पुत्री शिखा देवी गुरुवार सुबह बारिश के दौरान नीम के पेड़ के नीचे खड़ी हो गई थी। अचानक पेड़ पर बिजली गिरने से वह गंभीर रूप से झुलस गई। परिजनों ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पेड़ के नीचे बंधी एक बकरी और एक भैंस का पड़वा भी झुलस गए।

## वर्ग पहेली-128

**बाएं से दाएं**

2. 1. एक-दूसरे को देखने की क्रिया 2. आंखों से देखने की अवस्था 3. साक्षात्कार, दर्शन।

4. 1. उत्तर भारत की एक प्रसिद्ध धार्मिक एवं सांस्कृतिक नगरी जिसे वाराणसी अथवा बनारस के नाम से भी जाना जाता है।

6. 1. मासिक वेतन, पगार, तनख़्वाह 2. वज़ीफ़ा, वृत्ति।

8. 1. एक प्रकार का लाल रंग।

9. स्पर्श, छुअन। -करना


**ऊपर से नीचे**

1. 1. विदेश का निवासी, परदेशी, (फ़ॉरेनर) 2. विदेश से आकर रहने वाला व्यक्ति।

3. 1. देवालय

5. 1. फल के अंदर का कोमल खाद्य अंश 2. मींगी, गिरी 3. खोपड़ी का सार भाग, भेजा।

7. 1. गृहिणी, गृहस्वामिनी 2. एक छंद।



### वर्ग पहेली -127 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | ■ | ■ | 1 बा | ट |
| ■ | 2 बा | ■ | 3 सु | ■ | ■ |
| 4 पुं | ग | ■ | ड़ | ■ | 5 बे |
| ■ | वा | ■ | 6 क | फ़ | श |
| 7 मु | न | ह | ना | ■ | ऊ |
| ■ | ■ | ■ | ■ | 8 झ | री |
| 9 ता | म | सि | क | ■ | ■ |

## सुडोकू-41

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | 8 | | 6 | 3 | 9 | |
| 9 | | | 2 | | | | | 6 |
| | 2 | | | 7 | | 5 | | |
| | 8 | | 6 | | 9 | 4 | | |
| | 3 | | | | | | 1 | |
| | | 7 | 1 | | 4 | | 2 | |
| | | 4 | | 6 | | | 7 | |
| 8 | | | | | 7 | | | 9 |
| | 7 | 1 | 5 | | 2 | | 6 | |

### सुडोकू -40 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 | 6 | 3 | 2 |
| 9 | 2 | 3 | 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 4 |
| 7 | 6 | 1 | 4 | 2 | 3 | 8 | 9 | 5 |
| 5 | 3 | 4 | 1 | 8 | 6 | 2 | 7 | 9 |
| 2 | 7 | 9 | 3 | 4 | 5 | 1 | 8 | 6 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 5 | 1 | 4 | 6 | 8 |
| 8 | 1 | 2 | 6 | 3 | 4 | 9 | 5 | 7 |
| 6 | 4 | 5 | 8 | 7 | 9 | 3 | 2 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 12 जुलाई शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-षष्ठी 12.32 तक तत्पश्चात सप्तमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-वर्षा।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तराफाल्गुनी 16.09 तक तत्पश्चात हस्त।

**मेष** – आज सामाजिक क्रियाकलापों के प्रति रुचि बढ़ेगी। घर परिवार में मांगलिक व धार्मिक कार्य संपन्न हो सकते हैं। सरकारी क्षेत्र में कार्यरत व्यक्तियों को संघर्ष करना पड़ेगा। कोर्ट कचहरी के मामले में सफलता मिलेगी। युवा वर्ग को रोजगार प्राप्त होगा।

**वृष** – आज आप अपनी क्रोध एवं वाणी पर संयम रखें। खेल जगत से जुड़े लोगों को कड़ा संघर्ष करना पड़ेगा। कार्यक्षेत्र में अधिक परिश्रम करने पर स्थित में सुधार होगा। अपनी कार्यशैली में सकारात्मक परिवर्तन करने का प्रयास करें।

**मिथुन** – आज नौकरी में उच्च अधिकारियों से मार्गदर्शन एवं सानिध्य प्राप्त होगा। बौद्धिक कार्यों से जुड़े लोगों को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त होगी। आपकी जिम्मेदारी बढ़ सकती है। किसी आवश्यक कार्यवश यात्रा करनी पड़ सकती है। संघर्ष करने से भाग्य साथ देगा।

**कर्क** – आज कार्यक्षेत्र में आपको नवीन जिम्मेदारी मिल सकती है,जिससे आपका प्रभाव पड़ेगा। महत्वपूर्ण कार्यों में धीरे-धीरे प्रगति होगी। सामाजिक क्रियाकलापों के प्रति सक्रियता बढ़ेगी। सरकारी, गैर सरकारी क्षेत्र में कार्यरत लोगों को लाभ उन्नति के अवसर प्राप्त हो सकते हैं।

**सिंह** – आज कार्यक्षेत्र में अपने धैर्य को कम न होने दें। हाथ में ली हुई जिम्मेदारी को अच्छे से पूरा करें। आपके उचित कार्यों को आप पर लोगों का भरोसा बढ़ेगा,जिससे भविष्य में लाभ होगा। नौकरी में स्थान परिवर्तन हो सकता है।

**कन्या** – आज किसी नए व्यक्ति से मित्रता होगी। नौकरी में पदोन्नति के संकेत मिल रहे हैं। बनते कार्यों में रुकावटें सकती है। अपने धैर्य को कम न होने दें। सामाजिक गतिविधियों में अभिरुचि बढ़ेगी। अपने व्यवहार में लचीलापन लाने की कोशिश करें।

**तुला** – आज कार्यक्षेत्र में सहयोगियों के साथ तालमेल बनाकर चलें। कार्यों में विघ्न बाधाएं आएंगे। अपनी व्यक्तिगत समस्याओं के प्रति अधिक जागरूक रहने की आवश्यकता रहेगी। गुप्त शत्रु हानि पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

**वृश्चिक** – आज पहले से सोचे समझे कार्यों में व्यर्थ की देरी हो सकती है। महत्वपूर्ण कार्यों में सफलता के संकेत प्राप्त होंगे। मान सम्मान में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में आ रही विघ्न बाधाएं कम होगी। विस्तार की योजना बनेगी। इस संबंध में सकारात्मक संकेत प्राप्त होंगे।

**धनु** – आज विरोधी पक्ष आपकी गतिविधियों पर ध्यान रखेंगे। वह गुप्त रूप से हानि पहुंचा सकते हैं। सुरक्षा में लगे सुरक्षाकर्मियों को अपने साहस एवं पराक्रम के बल पर कोई महत्वपूर्ण सफलता हाथ लगेगी। पहले से चली आ रही समस्या कम होगी।

**मकर** – आज दिन की शुरुआत किसी शुभ समाचार के साथ होगी। किसी मांगलिक कार्यक्रम में आमंत्रित किया जा सकता है। सगे संबंधियों के द्वारा सहयोग प्राप्त होगा। समाज में नए लोगों से जान पहचान बढ़ेगी। नौकरी करने वाले लोगों की परेशानियां बढ़ सकती हैं।

**कुंभ** – आज का दिन आपके लिए सामान्य रूप से लाभ एवं उन्नति दायक रहेगा। किसी भी प्रकार से अपने धैर्य को बनाए रखें। व्यापार में कोई भी बड़ा निर्णय सोच विचार कर लें। नौकरी में जिम्मेदारी मिलेगी,जिससे आपके प्रभाव में वृद्धि होगी।

**मीन** – आज आप अपने पराक्रम से उन्नति करने में सफल होंगे। बहुराष्ट्रीय कंपनियों में कार्यरत लोगों को अपने बॉस से प्रशंसा, सम्मान प्राप्त होगा। किसी भी प्रकार से अपने धैर्य को कम न होने दे। नवीन व्यापार शुरू करेंगे। नौकरी ढूंढने का प्रयास करेंगे।

## आज की फिल्में

B4U Movies
- इंद्रा द टाइगर – सुबह : 09.51
- पुकार – रात : 07.00

&pictures
- उड़ता पंजाब – सुबह : 10.29
- ऊंचाई – रात : 08.00

Sony Pix
- घोस्टबस्टर्स – सुबह : 09.46
- 2012 – रात : 09.00

Zee Cinema
- स्पाइडर – सुबह : 09.28
- डी ब्लॉक – रात : 08.00

Colors Cineplex
- राजा हिंदुस्तानी – सुबह : 11.29
- डियर जिंदगी – शाम : 05.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




कलर्स सिनेप्लेक्स पर शाम : 05.58 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

दांत का डॉक्टर- आपका दांत निकालना पड़ेगा,क्योंकि ये सड़ चुका है।
राजू- हां तो कितने पैसे लगेंगे ?
दांत का डॉक्टर- बस 500 रुपये लगेंगे।
राजू- 50 रुपये ले लो और थोड़ा सा ढीला कर दो, निकाल तो मैं खुद लूंगा।

डॉक्टर – आपके पैर खराब हो गए हैं।
लड़की – क्या ये सही नहीं होंगे?
डॉक्टर – नहीं इनको काटना पड़ेगा।
लड़की – ओह! नो अब मैं अब मैं क्या करुंगी?
डॉक्टर- धीरज रखिए।
लड़की – अरे मुझे उसकी टेंशन नहीं है। मैंने कल ही नया सैंडल खरीदा है और उस दुकान पर लिखा था- "बिका माल वापस नहीं होगा"...


## बरेली मंडी


**वनस्पति तेल तिलहन :** तुलसी 2075, राज श्री 1410, फ़ॉर्चून कि. 1780, रविन्द्रा 1990, फॉर्चुन ली. 1630, जय जवान 1525, सचिन 1515, सूरज 1535, अवसर 1650, राग गोल्ड 1610, गृहणी 1495, क्लासिक (किलो) 1700, मोर 1575, चक्र टिन 1890, ब्लू 1615, आशीर्वाद मस्टर्ड 1910, स्वास्तिक 2045 I **किराना-(प्रतिकु.) :** हल्दी निजामाबाद 19500, जीरा 35500, लाल मिर्च 20000-25500, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950 I **चावल (प्रति कु0) :** डबल चाबी सेला 10150, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5150, शर्बती स्टीम 5200, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9300, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 कलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4800, खजाना 4800 I **दाल दलहन :** मूंग दाल इंदौर 10900, मूंग धोवा काला क्राउन 10800, राजमा चित्रा 13700-14600, राजमा भूटान नया 12300, मलका काली 7050-7500 मलका दाल 7575-7900, मलका छाँटी 7500, दाल उड़द बिलासपुर 10200-10900, मसूर दाल छोटी 8900-9500, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900, दाल चना 8300, लाल हिंदुस्तान 8400, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9000, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10800, मोटा हीरा 12200, अरहर गोला मोटा 15400, अरहर पटका मोटा 16100, अरहर कोरा मोटा 16400, अरहर पटका छोटा 16000-16200, अरहर कोरी छोटी 17200 I

# तिमाही नतीजों से पहले बाजार में मुनाफावसूली

## सेंसेक्स 27.43 अंक और निफ्टी 8.50 अंक की मामूली गिरावट के साथ हुआ बंद

मुंबई, एजेंसी




स्थानीय शेयर बाजारों में गुरुवार को उतार-चढ़ाव के बीच बीएसई सेंसेक्स 27 अंक के मामूली नुकसान में रहा। निवेशकों ने कंपनियों के जून तिमाही के नतीजों से पहले प्रमुख कंपनियों के शेयरों में मुनाफावसूली की। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 27.43 अंक यानी 0.03 प्रतिशत की गिरावट के साथ 79,897.34 अंक पर बंद हुआ। शुरुआती कारोबार में इसमें अच्छी तेजी थी और यह 245.32 अंक चढ़कर दिन के उच्चतम स्तर 80,170.09 अंक तक चला गया था। लेकिन बाद में प्रमुख कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से यह नीचे आया और एक समय 460.39 अंक तक लुढ़क गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 8.50 अंक यानी 0.03 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 24,315.95 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 24,402.65 अंक तक गया और नीचे में 24,193.75 अंक तक आया।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, दोनों मानक सूचकांक में कारोबार सीमित दायरे में रहा। कंपनियों के पहली तिमाही के वित्तीय परिणामों से पहले बाजार शेयरों के उच्च मूल्यांकन को युक्तिसंगत ठहराने को संघर्ष करता दिख रहा है। कंपनियों के तिमाही परिणाम कुछ हल्का रहने का अनुमान है। सेंसेक्स के शेयरों में बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, सन फार्मा, नेस्ले, एनटीपीसी, पावर ग्रिड, अल्ट्राटेक सीमेंट और लार्सन एंड टुब्रो प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। लाभ में रहने वाले शेयरों में आईटीसी, टाटा मोटर्स, एशियन पेंट्स और टाइटन शामिल हैं। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का शेयर कंपनी के नतीजों से पहले 0.33 प्रतिशत चढ़ा। कंपनी ने बाजार बंद होने के बाद परिणाम जारी किया। कंपनी का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 8.7 प्रतिशत बढ़कर 12,040 करोड़ रुपये रहा है।

# एनबीएफसी को प्राप्त ऋण का स्तर दो लाख करोड़ से ऊपर

मुंबई, एजेंसी

- वार्षिक आधार पर इसमें 22.0 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी

केयरएज रेटिंग्स की एक ताजा रिपोर्ट के अनुसार म्युचुअल फंडों की ओर से गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) को दिया गया कर्ज लगातार मई में दूसरे महीने में दो लाख करोड़ रुपये से ऊपर बना रहा। गुरुवार को जारी इस रिपोर्ट के अनुसार म्युचुअल फंडों को एनबीएफसी को दिया गया कर्ज और उधार मई 2024 में 2.09 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया जो अप्रैल की तुलना में 0.5 प्रतिशत अधिक है। वार्षिक आधार पर इसमें 22.0 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी।

रिपोर्ट के अनुसार इस निवेश में कमर्शियल पेपर (सीपी) में निवेश और कॉर्पोरेट ऋण के रूप में दिया गया कर्ज भी शामिल है। मई में म्युचुअल फंडों के ओर से दिए गए कुल कर्ज में एनबीएफसी को मिले कर्ज का हिस्सा बढ़ कर 13.3 प्रतिशत रहा। मई 2023 में यह 12.7 प्रतिशत था। हालांकि, इसमें अप्रैल 2024 के 13.4 प्रतिशत की तुलना में हल्की कमी रही। रिपोर्ट के अनुसार म्युचुअल फंड का एनबीएफसी के सीपी में निवेश लगातार छह महीने से एक लाख करोड़ के ऊपर चल रहा है। मई में यह 1.15 लाख करोड़ रुपये के स्तर पर था। इससे पहले मई 2019 में इन क्षेत्रों में सीपी के जरिए कर्ज के सौदों का यह स्तर देखा गया था। केयरएज रेटिंग्स की इस रिपोर्ट के अनुसार मई 2024 में एनबीएफसी में बैंकों का कर्ज के रूप में लगी राशि 15.6 लाख करोड़ रुपये थी, जो एक साल पहले से 16.0 प्रतिशत अधिक है।

## पहली तिमाही में जीईएम से खरीद 1.24 लाख करोड़ रुपये के पार

**नई दिल्ली।** सरकार के ई-खरीद पोर्टल जीईएम के जरिये 2024-25 की पहली तिमाही में वस्तुओं व सेवाओं की खरीद 1.24 लाख करोड़ रुपये को पार कर गई है। खरीद की यही गति बने रहने से जीईएम चालू वित्त वर्ष 2024-25 के अंत तक दुनिया का सबसे बड़ा मंच बन जाएगा। सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने गुरुवार को यह बात की। केंद्र सरकार के सभी मंत्रालयों तथा विभागों द्वारा वस्तुओं व सेवाओं की ऑनलाइन खरीद के लिए सरकारी ई-मार्केट (जीईएम) मंच की शुरुआत नौ अगस्त, 2016 को की गई थी। जीईएम के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) प्रशांत कुमार सिंह ने पत्रकारों से कहा, जीईएम ने पहली (अप्रैल-जून) तिमाही के अंत में 1,24,761 लाख करोड़ रुपये का सकल व्यापारिक मूल्य दर्ज किया।

## 4जी का दायरा बढ़ाना प्राथमिकता : संचार मंत्री

**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बृहस्पतिवार को कहा कि मोबाइल फोन देश के 70 से 80 फीसद इलाके तक पहुंच चुका है और 4जी नेटवर्क का दायरा बढ़ाना उनकी प्राथमिकताओं में शुमार है। सिंधिया ने इंदौर में संवाददाताओं से कहा, देश के 70 से 80 प्रतिशत इलाके में मोबाइल फोन पहुंच चुका है और फिलहाल ऐसे 120 करोड़ उपकरण इस्तेमाल किए जा रहे हैं। अब हमारी प्राथमिकता है कि देश में 4जी नेटवर्क का दायरा बढ़ाया जाए। उन्होंने कहा कि भारत ने विश्व में पहली बार स्वदेशी तकनीक से 4जी स्टेक बनाया है।

# विझिंजम बंदरगाह पहुंचा चीन का जहाज

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी



चीन का मालवाहक जहाज 'सैन फर्नांडो' गुरुवार को केरल के विझिंजम इंटरनेशनल सीपोर्ट लिमिटेड (वीआईएसएल) बंदरगाह पहुंचा। भारत के सबसे बड़े ट्रांसशिपमेंट बंदरगाह पर पहली बार इस तरह के जहाज की आमद हुई है। तीन सौ मीटर लंबा मालवाहक जहाज सैन फर्नांडो शुक्रवार को वीआईएसएल में 1,900 कंटेनर उतारेगा और मुख्यमंत्री पिनराई विजयन बंदरगाह के परिचालन के पहले चरण की शुरुआत करेंगे। इस विशाल जहाज से बड़े कंटेनरों को अन्य जहाजों में लादा जाएगा और इसके बाद इन्हें देश के विभिन्न बंदरगाहों में पहुंचाया जाएगा।

उद्‌घाटन समारोह में केंद्रीय पोत परिवहन मंत्री सर्बानंद सोनोवाल, केंद्र और राज्य के मंत्री, अधिकारी और आम जनता सहित कई गणमान्य व्यक्ति शामिल होंगे। विजयन ने गुरुवार को एक फेसबुक पोस्ट में कहा, सपना साकार होने वाला है। पहला जहाज केरल के विझिंजम बंदरगाह पर पहुंच रहा है। केरल की ओर से सैन फर्नांडो का आधिकारिक तौर पर स्वागत किया जाएगा।

## अब अमेजन पे के जरिये खरीदें दिल्ली मेट्रो का क्यूआर टिकट

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो के यात्री अब ऑनलाइन भुगतान मंच अमेजन पे के जरिये अपने मोबाइल फोन पर क्यूआर टिकट ले सकते हैं। इसके लिए दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने अमेजन पे के साथ साझेदारी की गुरुवार को घोषणा की। इसके लिए ग्राहक को अमेजन पे टैब के तहत दिल्ली मेट्रो क्यूआर टिकट का विकल्प चुनना होगा। फिर उन्हें कहां से और कहां तक जाने वाले स्टेशनों का चयन करना होगा। वे ऑनलाइन भुगतान कर अपने मोबाइल फोन पर फौरन ही क्यूआर टिकट हासिल कर सकते हैं।

# लंबित मांगों को लेकर फिर शुरू करेंगे आंदोलन : एसकेएम

नयी दिल्ली, एजेंसी

- प्रधानमंत्री मोदी तथा राहुल गांधी को एक ज्ञापन सौंपेगा मोर्चा

संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने गुरुवार को ऐलान किया कि वह न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी और कृषि ऋण माफी सहित अन्य लंबित मांगों को लेकर फिर से आंदोलन शुरू करेगा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को एक ज्ञापन सौंपेगा। वर्ष 2020-21 के किसान आंदोलन का नेतृत्व करने वाले एसकेएम ने अपनी आम सभा की बैठक के एक दिन बाद यह घोषणा की। इस बार शायद संगठन दिल्ली कूच नहीं करेगा।

संगठन के नेताओं ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता और राज्यसभा तथा लोकसभा के सदस्यों से मुलाकात करने तथा मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपने के लिए 16 से 18 जुलाई के बीच का समय मांगा जाएगा। फिर से दिल्ली कूच करने के बारे में पूछने पर एसकेएम नेताओं ने कहा कि इस बार वे देशव्यापी विरोध प्रदर्शन पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### फिरोजपुर में अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर हेरोइन का पैकेट बरामद किया गया

**फिरोजपुर।** पंजाब के फिरोजपुर में भारत-पकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास एक खेत से बृहस्पतिवार को हेरोइन का पैकेट बरामद किया गया है। बीएसएफ एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए बीएसएफ के जवानों ने अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास किल्चे गांव में तलाशी अभियान शुरू किया। बीएसएफ अधिकारी ने बताया कि तलाशी अभियान के दौरान उन्हें एक पैकेट बरामद हुआ जिनमें 570 ग्राम हेरोइन थी। अधिकारी ने बताया कि पैकेट पीले रंग के टेप में लपेटा गया था और उसमें एक धातु की गोलाकार चीज भी लगी हुई थी।

### हिमाचल में भूस्खलन के कारण 12 सड़कें बंद

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले के भरमौर क्षेत्र में गुरुवार को भूस्खलन के कारण मणिमहेश डल झील का मार्ग बाधित हो गया। गोइ नाला और दोनाली के बीच हुए भूस्खलन का 19 सेकंड का वीडियो एक यात्री ने सोशल मीडिया पर डाला है। मणिमहेश यात्रा 17 अगस्त से शुरू होकर 15 सितंबर तक चलती है लेकिन श्रद्धालु और पर्यटक इस अवधि के अलावा भी यात्रा करते हैं। प्रशासन ने लोगों से इस मार्ग का उपयोग न करने को कहा है तथा इस मार्ग पर सूचना बोर्ड भी लगा दिए हैं। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र ने बताया कि पिछले सप्ताह हुई बारिश के बाद 12 सड़कों (शिमला में पांच, मंडी में चार और कांगड़ा में तीन) पर वाहनों का आवागमन बंद है।

### बंदरगाह से प्रतिबंधित रसायनों की खेप जब्त की

**चेन्नई।** सुरक्षा एजेंसियों ने तमिलनाडु के एक बंदरगाह पर चीन से पाकिस्तान जा रही एक खेप जब्त की है, जिसमें आंसू गैस और दंगा नियंत्रण एजेंट के लिए इस्तेमाल होने वाले अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिबंधित रसायन हैं। अधिकारियों के मुताबिक, पाकिस्तान कथित तौर पर चीन की मदद से आक्रामक रासायनिक और जैविक युद्ध कार्यक्रम पर काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि चीनी कंपनी चेंगदू शिचेन ट्रेडिंग कंपनी लिमिटेड ने रावलपिंडी स्थित रक्षा आपूर्तिकर्ता रोहेल एंटरप्राइजेज को ऑर्थो-क्लोरो बेंजिलिडीन मैलोनोनाइट्राइल की एक खेप भेजी थी। अधिकारियों ने कहा कि 2560 किलोग्राम वजनी खेप को 25 किलोग्राम के 103 ड्रमों में रखा गया था और 18 अप्रैल, 2024 को चीन के शंघाई बंदरगाह पर मालवाहक जहाज ह्युडई शंघाई में लादा गया था।

# हरियाणा विस चुनाव के लिए इनेलो-बसपा का गठबंधन

## इनेलो नेता अभय चौटाला बनेंगे मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार

चंडीगढ़, एजेंसी

- बसपा 37 जबकि बाकी की सीटों पर इनेलो चुनाव लड़ेगी

इंडियन नेशनल लोक दल (इनेलो) ने इस साल के अंत में होने वाले हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए अपने पूर्व सहयोगी दल बहुजन समाज पार्टी (बसपा) से फिर से हाथ मिलाने का फैसला किया है। दोनों दलों के नेताओं ने गुरुवार को यह घोषणा की। गठबंधन के नेताओं ने इनेलो नेता अभय चौटाला को अपना मुख्यमंत्री पद का चेहरा बनाने का भी फैसला किया है। दोनों दलों के बीच हुए सीटों के बंटवारे के तहत हरियाणा में 90 विधानसभा सीटों में से बसपा 37 पर चुनाव लड़ेगी जबकि बाकी की सीटों पर इनेलो चुनाव लड़ेगी।

चंडीगढ़ के बाहरी इलाके नयागांव में बसपा के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए अभय चौटाला ने कहा कि यह गठबंधन स्वार्थी हितों पर आधारित नहीं है बल्कि लोगों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए किया गया है। चौटाला ने कहा, हरियाणा में हमने आगामी विधानसभा चुनाव मिलकर लड़ने का फैसला किया है। आज, आम जनता ने भाजपा को सत्ता से बेदखल करने और कांग्रेस को सत्ता से दूर रखने का मन बना लिया है।

बसपा के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद ने कहा कि हाल में बसपा सुप्रीमो मायावती और अभय चौटाला ने गठबंधन के संबंध में एक लंबी बैठक की थी। उन्होंने कहा, उस बैठक में यह तय किया गया कि हरियाणा में 90 विधानसभा सीटों में से बसपा 37 सीटों पर चुनाव लड़ेगी जबकि बाकी की सीटों पर इनेलो चुनाव लड़ेगी।

## ईडी ने कोलकाता में छापेमारी की, 2.98 करोड़ रुपये जब्त

**नयी दिल्ली।** ईडी ने निवेशकों के 24,000 करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के तहत कोलकाता की एक सहकारी समिति और सहारा समूह के खिलाफ छापेमारी कर लगभग तीन करोड़ रुपये की नकदी जब्त की है। संघीय एजेंसी ने एक बयान में कहा कि कोलकाता, लखनऊ और मुंबई में हमारा इंडिया क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड के खिलाफ छापेमारी की गई। हालांकि, यह नहीं बताया गया कि ये छापेमारी कब की गई। निदेशालय ने कहा, सहकारी समिति ने एक करोड़ से अधिक निवेशकों और जमाकर्ताओं से उच्च लाभ का वादा करके 24,000 करोड़ रुपये से अधिक एकत्र किए।

# मोदी ने राष्ट्र प्रथम को जीवन का उद्देश्य बताया

नयी दिल्ली, एजेंसी

- प्रधानमंत्री ने प्रशिक्षु अधिकारियों से साथ चलने का आह्वान किया



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) 2022 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों से मुलाकात की और राष्ट्र प्रथम को अपने जीवन का उद्देश्य बताते हुए उनसे इस यात्रा में अपने साथ चलने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक प्रधानमंत्री ने युवा अधिकारियों से उत्प्रेरक एजेंट बनने की आकांक्षा रखने की अपील की और कहा जब वे अपनी आंखों के सामने बदलाव होते देखेंगे तो उन्हें संतुष्टि महसूस होगी।

दिल्ली स्थित सुषमा स्वराज भवन में प्रधानमंत्री ने उन 181 प्रशिक्षु अधिकारियों के साथ बातचीत की, जिन्हें विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में सहायक सचिवों के रूप में तैनात किया गया है। विभिन्न अधिकारियों ने उनके द्वारा किए गए प्रशिक्षण के अपने अनुभव साझा किए। बयान के मुताबिक प्रधानमंत्री ने कहा, नया भारत उदासीन दृष्टिकोण से संतुष्ट नहीं है और वह आगे बढ़कर सक्रिय रहने वालों को पसंद करता है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी नागरिकों को सर्वोत्तम संभव शासन, विनिर्माण के साथ ही जीवन की गुणवत्ता प्रदान करने का प्रयास करना चाहिए।

## मनुस्मृति लागू करने के प्रस्ताव पर कुछ शिक्षकों का विरोध

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के एलएलबी के छात्रों को मनुस्मृति पढ़ाने के प्रस्ताव की शिक्षकों के एक वर्ग ने आलोचना की है। शुक्रवार को अकादमिक परिषद की बैठक में मनुस्मृति पढ़ाए जाने पर चर्चा की जानी है। न्यायशास्त्र विषय के पाठ्यक्रम में परिवर्तन एलएलबी के प्रथम और छठे सेमिस्टर से संबंधित है।

संशोधनों के अनुसार विद्यार्थियों के लिए दो पाठ्यपुस्तकों- जी.एन. झा द्वारा लिखित 'मेधातिथि के मनुभाष्य के साथ मनुस्मृति' और टी. कृष्णस्वामी अय्यर द्वारा लिखी 'मनुस्मृति- स्मृतिचंद्रिका का टीका' पाठ्यक्रम में शामिल करने का प्रस्ताव है।

# प्रवर्तन निदेशालय ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया

जम्मू, एजेंसी

- जेकेएसएसबी एसआई प्रश्नपत्र लीक मामले में हुई कार्रवाई

जम्मू कश्मीर सेवा चयन बोर्ड (जेकेएसएसबी) द्वारा आयोजित उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा-2022 में प्रश्नपत्र लीक के कथित मुख्य सरगना की गिरफ्तारी के करीब तीन सप्ताह बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक अन्य भगोड़े आरोपी को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि आरोपी को विशेष अदालत के समक्ष पेश किया गया जिसने उसे पांच दिन की ईडी की हिरासत में भेज दिया। अधिकारियों ने बताया कि हरियाणा में महेंद्रगढ़ जिले के लहरोदा निवासी अनिल कुमार (31) को ईडी की जम्मू शाखा ने बुधवार को धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत गिरफ्तार किया और गुरुवार को जम्मू स्थित भ्रष्टाचार रोधी विशेष अदालत (सीबीआई के मामलों की) के समक्ष पेश किया।

# चालक को 14 दिन के लिए भेजा जेल

**हिट-एंड-रन मामला**

मुंबई, एजेंसी

मुंबई की एक अदालत ने बीएमडब्ल्यू हिट एंड रन मामले में आरोपी शिवसेना नेता राजेश शाह के परिवार के चालक को गुरुवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। रविवार को दुर्घटना के समय चालक राजर्षि बिदावत, राजेश शाह के बेटे और मुख्य आरोपी मिहिर शाह के साथ कार में बैठा था। मुंबई के वर्ली इलाके में जब बीएमडब्ल्यू कार ने एक स्कूटर को टक्कर मारी तब मिहिर शाह (24) कथित तौर पर गाड़ी चला रहा था। इस दुर्घटना में स्कूटर पर पीछे बैठी एक महिला की मौत हो गई और उसका पति घायल हो गया।

पुलिस के अनुसार, दुर्घटना के बाद बिदावत राजेश शाह के निर्देश पर कथित तौर पर मिहिर शाह की जगह चालक की सीट पर बैठ गया। पुलिस हिरासत की अवधि समाप्त होने पर चालक को मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट (शिवडी अदालत) एस पी भोसले के समक्ष पेश किया गया। पुलिस ने उसकी हिरासत अवधि बढ़ाने की मांग करते हुए कहा कि जांच अब भी जारी है।

### मिहिर ने दुर्घटना के समय शराब पी रखी थी : पुलिस

**मुंबई।** बीएमडब्ल्यू हिट-एंड-रन मामले में मुख्य आरोपी मिहिर शाह जिस समय भीषण दुर्घटना हुई तब शराब के नशे में था। मुंबई पुलिस के एक अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। इस घटना में एक महिला की मौत हो गई थी। मामले की जांच कर रही एक टीम ने घटनाक्रम के बारे में ज्यादा जानकारी जुटाने के लिए आज तड़के घटनास्थल पर जाकर मुआयना किया। इसके अलावा टीम में शाह और उसके परिवार के वाहन चालक व सह-आरोपी राजश्री बिदावत से पूछताछ की, जो रविवार को हुई दुर्घटना के समय कार में सवार था।

# खोज के लिए पुलिस में रिपोर्ट बेटा खाट के नीचे छिपा मिला

काकीनाडा, संवाददाता

- आंध्र प्रदेश में काकीनाडा के इंद्रपालम इलाके का मामला

आंध्र प्रदेश में काकीनाडा के इंद्रपालम इलाके में स्कूल जाने से बचने के लिए एक बच्चा गुरुवार सुबह नहाने के बाद तौलिया लेकर अचानक घर से गायब हो गया। बेटे की तलाश करने के बाद हारे माता-पिता ने इंद्रपालम पुलिस से शिकायत की। लापता लड़के की बड़े पैमाने पर तलाश के लिए पुलिस टीमों को तैनात कर दिया गया। बच्चे को हालांकि एक घंटे बाद कमरे में खाट के नीचे छिपा हुआ पाया गया।

कड़ी मशक्कत करने वाली पुलिस और चिंताजनक पल बिताने वाले माता-पिता ने आखिरकार लड़के को सलामत देखकर राहत की सांस ली। आठ वर्षीय साई शनमुखा ने पुलिस को बताया कि उसने स्कूल से दूर रहने के लिए यह शरारत की। पुलिस ने लड़के को इस शरारत के लिए डांट लगायी और उसे नियमित रूप से स्कूल जाने की सलाह दी।

# सभी दलों को आत्मचिंतन की जरूरत

मुंबई, एजेंसी

- कहा- देश में लोकतांत्रिक राजनीति एक नए निम्न स्तर पर पहुंच गई है



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को दुख जताते हुए कहा कि देश में लोकतांत्रिक राजनीति एक नए निम्न स्तर पर पहुंच गयी है और उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से आत्मचिंतन करने का आह्वान किया। राज्य विधान परिषद के शताब्दी समारोह के अवसर पर महाराष्ट्र विधानमंडल के दोनों सदनों के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए धनखड़ ने यह भी कहा कि लोकतंत्र बहस और संवाद से पनपता है, लेकिन वर्तमान में राजनीतिक दलों के बीच संवादहीनता है।

उपराष्ट्रपति ने कहा, लोकतांत्रिक राजनीति एक नए निम्न स्तर पर पहुंच गयी है और सभी राजनीतिक दलों को आत्मचिंतन करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, संसदीय लोकतंत्र में सब कुछ ठीक नहीं है। हम व्यवधान झेल रहे हैं। राजनीतिक दलों के बीच संवादहीनता है। राज्यसभा के सभापति धनखड़ ने कहा कि सदन में आसन के सामने हंगामा और नारेबाजी किसी भी पीठासीन अधिकारी के लिए पीड़ादायक स्थिति है। उन्होंने कहा कि सभापति और अध्यक्ष को दोनों पक्षों द्वारा अपनी सुविधा से निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शिष्टाचार और अनुशासन लोकतंत्र का हृदय हैं और पीठासीन अधिकारी का सम्मान किया जाना चाहिए। धनखड़ ने कहा, हम दूसरे दृष्टिकोण के प्रति भी उदार नहीं हैं।

## मणिपुर जाकर शांति की अपील करें मोदी : राहुल-प्रियंका

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने मणिपुर में जारी हिंसा को लेकर प्रधानमंत्री मोदी से पूछा कि जब पूरा राज्य हिंसा की आग में जल रहा है तो आखिर मोदी मौन क्यों साधे हैं और वह मणिपुर में शांति बहाली के लिए लोगों से कोई अपील क्यों नहीं कर रहे हैं। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मणिपुर लगातार जल रहा है और आंतरिक हालात गंभीर हैं।

# नए कानून ने परिवर्तनकारी युग की शुरुआत की

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा- ये कानून एक ऐसी प्रणाली को बढ़ावा देता है जो पारदर्शी, जवाबदेह है

दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा कि दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की जगह लेने वाले नये कानून भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (भानासुसं) आपराधिक न्याय में एक परिवर्तनकारी युग की शुरुआत करता है और एक ऐसी प्रणाली को बढ़ावा देता है जो पारदर्शी, जवाबदेह और मूल रूप से निष्पक्षता और न्याय के सिद्धांतों के अनुरूप है। अदालत ने यह टिप्पणी स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत दर्ज मादक पदार्थ से जुड़े मामले में एक आरोपी को जमानत देते हुए की।

न्यायमूर्ति अमित महाजन ने कहा, बदलते समय की जरूरत को समझते हुए संसद ने अब भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता पारित कर दी है। अब फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी को अनिवार्य कर दिया गया है। उच्च न्यायालय ने आगे कहा, यह विधायी संवर्द्धन जांच में अधिक पारदर्शी और जवाबदेह दृष्टिकोण सुनिश्चित करने के लिए बनाया गया है। भानासुसं तकनीकी एकीकरण पर अपने व्यापक जोर के साथ, आपराधिक न्याय में एक परिवर्तनकारी युग की शुरुआत करता है, एक ऐसी प्रणाली को बढ़ावा देता है जो न केवल पारदर्शी और जवाबदेह है, बल्कि निष्पक्षता और न्याय के सिद्धांतों के साथ मौलिक रूप से संरेखित है। बीएनएसएस, भारतीय न्याय संहिता और भारतीय साक्ष्य संहिता (भासासं) के साथ एक जुलाई से प्रभावी हो गया है।

# इंग्लैंड ने दूसरे दिन वेस्टइंडीज पर कसा शिकंजा

**लॉर्ड्स, एजेंसी**

जैक क्रॉले (76), जेमी स्मिथ (70) की बेहरीन बल्लेबाजी के दम पर टेस्ट मैच के दूसरे दिन इंग्लैंड 371 रनों का बड़ा स्कोर खड़ा कर 250 रनों की बढ़त के बाद वेस्टइंडीज की दूसरी पारी में 79 रन पर छह विकेट चटकाते हुये मैच पर अपना शिकंजा कस लिया है।



एक-दूसरे को बधाई देते इंग्लैंड के जो रूट और एंडरसन। ● एजेंसी

इंग्लैंड ने कल के एक विकेट पर 88 रनों से आगे खेलना शुरु किया। आज सुबह के पहले सत्र में ओली पोप (57) रन बनाकर आउट हुए। कुछ ही देर बाद जैक क्रॉले (76) रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद जो रूट और हैरी ब्रूक ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट लिए 91 रनों की साझेदारी हुई। हैरी ब्रूक (50), कप्तान बेन स्टोक्स (4) रन तथा जो रूट (68) रन बनाकर आउट हुए। जेमी स्मिथ ने (70) रनों की पारी खेली। क्रिस वोक्स (23)रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद दो बल्लेबाज शून्य पर आउट हुए और इंग्लैंड की पहली पारी 371 रन पर सिमट गई। वेस्टइंडीज की ओर से जेडन सील्स ने चार विकेट लिये। जेसन होल्डर और गुडाकेश मोटी को दो-दो विकेट मिले। अल्जारी जोसेफ ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

दूसरी पारी में भी वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही और वह 55 रन पर पांच विकेट गवां कर संघर्ष करती दिखी। कप्तान क्रैग ब्रैथवेट (4), किर्क मैकेंजी (शून्य), मिकाइल लुइस (14), कावेम हॉज (4), एलिक अथानाजे (22) रन बनाकर आउट हुए।

आज दिन का खेल समाप्त होने पर वेस्टइंडीज ने छह विकेट पर 79 रन बना लिये और इंग्लैंड को फिर से बल्लेबाजी करने के लिए वेस्टइंडीज को अभी 171 रन की जरूरत है। दिन का खेल समाप्त होने के समय जोशुआ दा सिल्वा (8) रन पर क्रीज पर मौजूद थे। वेस्टइंडीज का छठां विकेट पर जेसन होल्डर (20) के रूप में गिरा। इंग्लैंड की ओर से जेम्स एंडरसन, बेन स्टोक्स और गस एटकिंसन ने दो-दो बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले मैच के पहले दिन इंग्लैंड के गेंदबाजों ने वेस्टइंडीज को महज 121 रन पर ढ़ेर कर दिया था।

## एमओसी ने उपकरण से जुड़े प्रस्तावों को दी स्वीकृति

**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने पेरिस ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों के लिए जाने वाले खिलाड़ियों और पैरा खिलाड़ियों के उपकरण खरीदने में सहायता से जुड़े कई प्रस्तावों को गुरुवार को स्वीकृति दी।

अपनी साप्ताहिक बैठक में एमओसी ने पैरालंपिक टेबल टेनिस पदक विजेता भाविना पटेल के अपने कोच और सहायक के साथ 16 से 20 जुलाई तक थाईलैंड में आईटीटीएफ पैरा टेबल टेनिस एशिया प्रशिक्षण शिविर 2024 में हिस्सा लेने के लिए सहायता के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। एमओसी ने पैरा निशानेबाजों मनीष नरवाल, रुद्रांक्ष खंडेलवाल, रूबीना फ्रांसिस और श्रीहर्ष आर देवरेड्डी के निशानेबाजी से संबंधित विभिन्न उपकरणों के अनुरोध को भी मंजूरी दे दी। इनमें श्रीहर्ष के लिए एयर राइफल और रूबीना के लिए मोरिनी पिस्टल तथा पैरा एथलीट संदीप चौधरी के लिए दो भालों की खरीद के लिए सहायता शामिल है।

## ओलंपिक से पहले मुंबई में सिंधू के स्मैश की रफ्तार, किशोर के थ्रो का मना जश्न

**मुंबई, एजेंसी**

शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू, भाला फेंक एथलीट किशोर जेना और हॉकी गोलकीपर पीआर श्रीजेश कुछ ऐसे खिलाड़ी हैं जिनकी उपलब्धियों का 26 जुलाई से शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक से पहले शहर में जश्न मनाया गया। ओलंपिक के लिए भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की आधिकारिक फुटवेयर खेल का सामान बनाने वाली कंपनी प्यूमा ने चैम्पियंस ऑफ द गेम का जश्न मनाने के लिए गुरुवार को एक आउटडोर अभियान लांच किया जिसके अंतर्गत विभिन्न स्थलों पर खिलाड़ियों की छवियां दिखेंगी।

ओलंपिक दल के कुल 45 भारतीय एथलीट जर्मनी की कंपनी का प्रतिनिधित्व करेंगे जिसका सी द गेम लाइक वी डू अभियान का उद्देश्य खिलाड़ियों की उपलब्धियों का जश्न मनाना है।



प्यूमा ने कहा ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पीवी सिंधू के ताकतवर स्मैश, ओलंपिक कांस्य पदक विजेता और हॉकी गोलकीपर पीआर श्रीजेश की सहजता से दनदनाती गेंद को रोकने की काबिलियत छवियों के जरिये पूरी मुंबई में दिखाई देगी। साथ ही एशियाई खेलों के पदक विजेता किशोर जेना के थ्रो की छवि बड़ी इमारत के बराबर होगी। जेना का सर्वश्रेष्ठ 87.54 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो की छवि को प्रभादेवी में इसी तरह दिखाया जाएगा।

## खेल डायरी



### हरियाणा के मुख्यमंत्री ने चहल से की मुलाकात

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से गुरुवार को यहां गुरुग्राम में टी-20 क्रिकेट विश्व कप विजेता टीम के सदस्य रहे क्रिकेट खिलाड़ी युजवेंद्र चहल ने मुलाकात की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने क्रिकेट खिलाड़ी को टी-20 विश्व कप जीतने पर बधाई देते हुये उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनायें दीं। सैनी ने यहां गुरुग्राम में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) रेस्ट हाउस में क्रिकेट खिलाड़ी को स्मृति चिह्न देकर तथा सम्मान सूचक शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया और आशीर्वाद दिया। मुख्यमंत्री ने खुशी व्यक्त करते हुये हरियाणावी लहजे में कहा हरियाणा के बगैर किसी भी खेम में झंडी कोनी पाटती।

### गांगुली ने खरीदी कोलकाता रॉयल टाइगर्स की टीम

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने इस साल अगस्त और सितंबर के बीच होने वाले इंडियन रेसिंग फेस्टिवल 2024 में कोलकाता रॉयल टाइगर्स टीम खरीदी। कोलकाता की रेसिंग टीम इस प्रतियोगिता में पदार्पण करेगी जिसमें हैदराबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली, गोवा, कोच्चि और अहमदाबाद की सात टीमें भी इसमें हिस्सा लेंगी। इंडियन रेसिंग फेस्टिवल में दो मुख्य चैंपियनशिप होंगी जो इंडियन रेसिंग लीग और फॉर्मूला 4 इंडियन चैंपियनशिप हैं। इस जुड़ाव पर उत्साह से भरे भारतीय क्रिकेट बोर्ड के पूर्व प्रमुख गांगुली ने कहा मैं इंडियन रेसिंग फेस्टिवल में कोलकाता की टीम के साथ इस यात्रा को शुरू कर काफी उत्साहित हूं। मोटरस्पोर्ट हमेशा ही मेरा जुनून रहा है और कोलकाता रॉयल टाइगर्स के साथ हमारा उद्देश्य इंडियन रेसिंग फेस्टिवल में एक मजबूत विरासत बनाने के साथ नई पीढ़ी को प्रेरित करना है।

### वानिंदु हसरंगा ने छोड़ी श्रीलंका की कप्तानी



**कोलंबा।** श्रीलंकाई स्पिनर वानिंदु हसरंगा ने टी-20 टीम के कप्तान पद से इस्तीफा दे दिया है। हसरंगा ने श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड (एसएलसी) को लिखा एक खिलाड़ी के रूप में वह हमेशा श्रीलंका की टीम सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेंगे तथा अपनी टीम और नेतृत्व का समर्थन करेंगे। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड की ओर जारी एक बयान में हसरंगा के टीम में बने रहने की पुष्टि की गई। बयान के अनुसार हसरंगा ने अपने त्यागपत्र में कहा कि यह टीम के हित में है कि उन्होंने कप्तानी कर्तव्यों से मुक्त होकर एक खिलाड़ी के रूप में टीम में बने रहने का फैसला किया है। उल्लेखनीय है कि श्रीलंकाई स्पिनर हसरंगा को पिछले वर्ष ही टी-20 कप्तान नियुक्त किया गया था। उन्होंने 10 मैचों में टीम का नेतृत्व किया।

### श्रीलंका-भारत के बीच 26 को होगा पहला टी-20

**कोलंबो।** श्रीलंका और भारत के बीच 26 जुलाई को पल्लेकेले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में पहला टी-20 मैच खेलेगा। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड (एसएलसी) ने इस महीने के आखिर भारत के साथ होने वाली टी-20 और एकदिवसीय शृंखला के कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। इस दौरान श्रीलंका और भारत के बीच तीन टी-20 और तीन एकदिवसीय मैचों की शृंखला खेली जाएगी। भारत के श्रीलंका दौरे की शुरुआत टी-20 शृंखला के साथ होगी। इसके बाद एकदिवसीय शृंखला की शुरुआत होगी। 26, 27 और 29 जुलाई को टी-20 मैच होंगे। वहीं एकदिवसीय शृंखला के मैच एक, चार और सात अगस्त को खेले जाएंगे। टी-20 शृंखला के तीनों मैच पल्लेकेले तथा एकदिवसीय मैच कोलंबो में खेले जाएंगे।

# टेनिस में बेहतर कर सकती थी: साइना

## राष्ट्रपति भवन में 'हर स्टोरी-माई स्टोरी' पर बातचीत के दौरान नेहवाल ने साझा किए अनुभव

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल को लगता है कि अगर उन्होंने बैडमिंटन खेलने के बजाए टेनिस का रैकेट पकड़ा होता तो वह बतौर खिलाड़ी और बेहतरीन प्रदर्शन कर सकती थीं। बैडमिंटन खिलाड़ी के तौर पर भी साइना ने काफी प्रभावित किया है जिसमें वह दुनिया में शीर्ष रैंकिंग हासिल करने वाली पहली भारतीय महिला शटलर बनीं और वह ओलंपिक पदक जीतने वाली देश की पहली महिला एथलीट भी बनीं।



कार्यक्रम को संबोधित करतीं बैडमिंटन खिलाड़ी साइना ● एजेंसी

राष्ट्रपति भवन में हर स्टोरी-माई स्टोरी बातचीत के दौरान साइना ने कहा कभी कभार मुझे लगता है कि अगर मेरे माता पिता ने मुझे टेनिस में डाला होता तो अच्छा होता। उन्होंने कहा इसमें ज्यादा पैसा है और मुझे लगता है कि मैं ज्यादा ताकतवर थी। मैं टेनिस में बैडमिंटन से बेहतर कर सकती थी। साइना ने कईयों को बैडमिंटन में आने के लिए प्रेरित किया है लेकिन जब उन्होंने आठ साल की उम्र में खेलना शुरू किया था तो उनके लिए कोई आदर्श नहीं था। साइना ने कहा जब मैंने शुरूआत की थी तो मेरे लिए कोई आदर्श नहीं था। यह कहने के लिए कोई नहीं था, मैं दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी बनना चाहती हूं या ओलंपिक पदक विजेता बनना चाहती हूं। मुझसे पहले मैंने किसी को बैडमिंटन में ऐसा करते नहीं देखा था। लंदन ओलंपिक के कांस्य के अलावा साइना ने विश्व चैंपियनशिप में कांस्य और रजत पदक जीते तथा राष्ट्रमंडल खेलों में भी कई स्वर्ण पदक जीते।



कार्यक्रम के दौरान साइना नेहवाल के साथ सेल्फी लेतीं प्रशंसक। ● एजेंसी

उन्होंने कहा मैं हमेशा बच्चों को खेलों पर ध्यान लगाने के लिए कहती हूं। चीन 60-70 पदक जीतता है और हमें सिर्फ तीन चार पदक मिलते हैं। इतने सारे डॉक्टर और इंजीनियर होते हैं और उनके नाम अखबारों में नहीं आते। साइना ने कहा मैं विशेषकर लड़कियों से आगे आने के लिए कहूंगी कि वे फिट होना शुरू करें और खेलों में आयें। अब हम बच्चों के लिए मौजूद हैं, उनके लिए प्रेरणा के लिए दुनिया की नंबर एक, ओलंपिक चैंपियन और इतनी सारी पदक विजेता हैं।

उन्होंने अपने करियर के बारे में बात करते हुए कहा कि उनकी कड़ी मेहनत ने प्रतिभा की कमी की भरपाई की। साइना ने कहा मुझे कड़ी मेहनत करना पसंद है, मैं इतनी प्रतिभाशाली खिलाड़ी नहीं थी। मुझे काफी मेहनत करनी पड़ती थी। अगर कोई प्रतिभाशाली खिलाड़ी कोई चीज 100 बार करता था तो मुझे इसे 1000 दफा करना पड़ता था। मेरे कोचों को मेरा कभी हार नहीं मानने वाला जज्बा पसंद है।

## टेस्ट कप्तान बने रहेंगे मसूद बाबर पर फैसला बाद में

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) और कोच जेसन गिलेस्पी ने व्यस्त अंतर्राष्ट्रीय सत्र से पहले राष्ट्रीय टीम के टेस्ट कप्तान के रूप में शान मसूद पर भरोसा जताया है लेकिन सीमित ओवरों के क्रिकेट में बाबर आजम की कप्तानी पर फैसला बाद में किया जाएगा।

पाकिस्तान को इस साल अक्टूबर में तीन मैच की टेस्ट शृंखला में इंग्लैंड की मेजबानी करनी है जबकि बांग्लादेश, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज का भी सामना करना है। पीसीबी ने बैठक की जिसमें बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारियों, राष्ट्रीय चयनकर्ताओं, गिलेस्पी, सफेद गेंद के कोच गैरी कर्स्टन सहायक कोच अजहर महमूद ने हिस्सा लिया और इस दौरान टी-20 विश्व कप में टीम के खराब प्रदर्शन पर भी चर्चा की गई। बैठक में मसूद को अगस्त से जनवरी के बीच बांग्लादेश, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी शृंखलाओं के लिए टेस्ट कप्तान के रूप में बरकरार रखने के लिए समर्थन मिला।

### बाबर को मिल चुके कई मौके : अफरीदी

**कराची।** पाकिस्तान के पूर्व हरफनमौला शाहिद अफरीदी ने टी-20 विश्व कप में टीम के खराब प्रदर्शन के बाद आलोचना झेल रहे कप्तान बाबर आजम को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि उन्हें काफी मौके दिये जा चुके हैं और अब पीसीबी को उनकी कप्तानी को लेकर फैसला लेना चाहिए। अफरीदी ने कहा बाबर चार विश्व कप और दो एशिया कप में टीम की कप्तानी कर चुके हैं। अफरीदी ने यह भी कहा कि पीसीबी अगर नया कप्तान नियुक्त करता है तो दो नए विदेशी कोचों गैरी कर्स्टन और जैसन गिलेस्पी के साथ उसे समय दिया जाना चाहिए।

# मुसेत्ती पहली बार सेमीफाइनल में

**लंदन, एजेंसी**

इटली के लोरेंजो मुसेत्ती ने अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज को हराकर विंबलडन सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया और कैरियर में पहली बार वह किसी ग्रैंडस्लैम में अंतिम चार में पहुंचे हैं।

उन्होंने साढे तीन घंटे तक चला यह मुकाबला 3-6, 7-6, 6-2, 3-6, 6-1 से जीता। वह पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम में चौथे दौर से आगे पहुंचे हैं लेकिन अब उनके सामने नोवाक जोकोविच के रूप में करियर की सबसे बड़ी चुनौती है। सात बार के चैंपियन जोकोविच 13वीं बार विंबलडन और 49वीं बार ग्रैंडस्लैम सेमीफाइनल में पहुंचे हैं और उन्होंने रोजर फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी की है। महिला वर्ग में 2022 की चैंपियन एलेना रिबाकिना ने एलिना स्वितोलिना को 6-3, 6-2 से हराया। वहीं 31वीं रैंकिंग वाली बारबरा क्रेइसिकोवा ने 13वीं रैंकिंग वाली येलेना ओस्टापेंको को 6-4, 7-6 से मात दी।



जीत दर्ज करने के बाद लोरेंजो मुसेत्ती ने कुछ यूं मनाया जश्न। ● एजेंसी



जीत के बाद खुशी मनातीं जैस्मिन।

### जैस्मिन पाओलिनी लगातार दूसरे ग्रैंडस्लैम फाइनल में

**लंदन।** जैस्मिन पाओलिनी ने गुरुवार को गैर वरीय डोना वेकिच को तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में हराकर विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल फाइनल में जगह बनाई जो उनका लगातार दूसरा ग्रैंडस्लैम फाइनल होगा। पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करते हुए पाओलिनी ने दो घंटे और 51 मिनट चले सेमीफाइनल में वेकिच को 2-6, 6-4, 7-6 (10-8) से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। सातवीं वरीय पाओलिनी ने पहला सेट गंवाने के बाद दूसरा सेट अपने नाम किया। वह तीसरे और निर्णायक सेट में 1-3 से पीछे थी लेकिन वापसी करते हुए जीत दर्ज करने में सफल रहीं। वह पिछले महीने रोलां गैरो पर फ्रेंच ओपन के फाइनल में इगा स्वियातेक के खिलाफ हार गईं थी।

## भारतीय हॉकी की भावना और ताकत दिखाने को तैयार टीम

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● मनप्रीत बोले- मैं भारत के लिए ओलंपिक में सब कुछ देने को हूं उत्साहित




अपना चौथा ओलंपिक खेलने जा रहे भारतीय पुरुष हॉकी टीम के अनुभवी खिलाड़ी मनप्रीत सिंह ने कहा है कि हमारी टीम दुनिया को भारतीय हॉकी की भावना और ताकत दिखाने के लिए तैयार है।

मनप्रीत ने कहा मेरा चौथे ओलंपिक में खेलना एक सपने के सच होने जैसा है और एक ऐसा मील का पत्थर है जो कि मुझे बहुत गौरवान्वित करता है। यह मेरे परिवार, कोच और साथियों की वर्षों की कड़ी मेहनत, समर्पण और अटूट समर्थन का प्रमाण है। धनराज पिल्लै जैसे दिग्गज के नक्शेकदम पर चलना, जो मेरे सहित अनगिनत खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा रहे हैं, शब्दों से परे सम्मान है। उन्होंने कहा मैं पेरिस में भारत के लिए अपना सब कुछ देने के लिए उत्साहित हूं। मैं केवल टीम नहीं बल्कि लाखों प्रशंसकों की उम्मीदों और सपनों का प्रतिनिधित्व कर रहा हूं। हमने कड़ी तैयारी की है और हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने, अपने देश को सम्मान दिलाने और अपने देशवासियों को गौरवान्वित करने के लिए दृढ़ हैं।

## बॉलीवुड हलचल

### टेनिस पर फिल्म बनाना चाहते हैं आमिर खान



**मुंबई।** बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान टेनिस पर फिल्म बनाना चाहते हैं। आमिर खान की फिल्म लगान क्रिकेट की पृष्ठभूमि पर आधारित थी। वहीं, उनकी फिल्म दंगल में कुश्ती से जुड़ी कहानी दिखाई गई। अब वह फिल्म सितारे जमीन पर काम कर रहे हैं, यह भी एक स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म है, जिसमें वह शारीरिक रूप से कमजोर बच्चों के कोच की भूमिका निभा रहे हैं। आमिर ने टेनिस की पृष्ठभूमि से जुड़ी फिल्म बनाने की इच्छा जताई है। आमिर खान ने कहा, यदि कोई अच्छी कहानी आती है, तो मैं टेनिस पर भी फिल्म बनाना पसंद करूंगा। हालांकि, मेरे लिए किसी फिल्म को उसकी कहानी और किरदार दिलचस्प बनाते हैं। जब मैं लगान कर रहा था, तब मेरी पहली प्राथमिकता क्रिकेट नहीं था, दंगल के दौरान मेरी प्राथमिकता कुश्ती नहीं थी। मैंने उन कहानियों को एक रचनात्मक व्यक्ति के रूप में देखा। हां, खेल उन कहानियों का महत्वपूर्ण हिस्सा था, जो उन्हें बेहतर बनाता है। मैं खेलों का बहुत बड़ा समर्थक हूं। खेल हमें कड़ी मेहनत करना, जुनून, टीम भावना और हार को स्वीकार करना सिखाता है।

### फिल्म अल्फा के लिए आलिया भट्ट ने ली चार महीने की कड़ी ट्रेनिंग



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट ने अपनी आने वाली फिल्म अल्फा के लिए चार महीने की कड़ी ट्रेनिंग ली है। आलिया भट्ट जल्द ही वाईआरएफ की स्पाई थ्रिलर फिल्म अल्फा में नजर आएंगी। आलिया ने स्पाई यूनिवर्स फिल्म अल्फा की शूटिंग 05 जुलाई से शुरू कर दी है। आलिया ने अल्फा में पहले से भी कहीं ज्यादा फिट और हॉट लगने के लिए चार महीने की कड़ी ट्रेनिंग ली है, जिससे वह इस फिल्म में सबसे अलग और पहले से भी कहीं ज्यादा फिट दिख सकें। शिव रवैल द्वारा निर्देशित एक्शन-थ्रिलर अल्फा में आलिया भट्ट के साथ शरवरी वाघ भी नजर आएंगी। आदित्य चोपड़ा द्वारा निर्मित फिल्म अल्फा की शूटिंग लगातार चल रही है। स्पाई यूनिवर्स फिल्म अल्फा में आलिया एक सुपर-एजेंट की भूमिका निभाती नजर आएंगी। अल्फा में आलिया को पहले कभी न देखे गए अवतार में पेश किया जाएगा। इस फिल्म में आलिया के पास पांच से छह धमाकेदार एक्शन सीक्वेंस हैं।

## नीदरलैंड को हराकर इंग्लैंड ने फाइनल में किया प्रवेश

**डॉर्टमंड, एजेंसी**

यूरो कप 2024

स्थानापन्न ओली वाटकिंस के शानदार गोल की बदौलत इंग्लैंड बुधवार को नीदरलैंड को 2-1 से हराकर यूरोकप 2024 चैंपियनशिप के फाइनल में लगातार दूसरी बार प्रवेश किया है।

इससे पहले नीदरलैंड के लिए 21 वर्ष के जावी सिमंस ने इंग्लैंड की रक्षापंक्ति को भेदते हुए गोल दागकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई, लेकिन वह इसे अधिक देर तक कायम नहीं रख सके। इंग्लैंड के हैरी केन ने 18वें मिनट में पेनल्टी के जरिए गोलकर स्कोर 1-1 कर दिया। ओली वाटकिंस ने अंतिम समय में निर्णायक गोलकर इंग्लैंड को विजय दिलाई। इस जीत के साथ ही रविवार को फाइनल में इंग्लैंड और स्पेन खिताब के लिए भिड़ेंगे। इंग्लैंड के कोच जेरेथ साउथगेट ने कप्तान हैरी केन की जगह वाटकिंस को मैदान पर बुलाने का साहसिक फैसला लिया और 91वें मिनट में उसने गोल करके इसे सही साबित कर दिया।



<< नीदरलैंड को 2-1 से हराने के बाद जश्न मनाते इंग्लैंड के खिलाड़ी ऑली वाटकिंस। ● एजेंसी



कोपा कप 2024

जीत के बाद जश्न मनाते कोलंबिया के खिलाड़ी।

## उरूग्वे को हराकर कोलंबिया फाइनल में पहुंचा, अर्जेंटीना से होगा मुकाबला

**चार्लोट।** कोलंबिया ने उरूग्वे पर 1-0 से तनावपूर्ण जीत के बाद 23 साल में पहली बार कोपा अमेरिका फुटबॉल चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश कर लिया। कोलंबिया के लिए 39वें मिनट में जैफरसन लेरमा ने गोल किया। अब कोलंबिया का सामना रविवर को गत चैंपियन लियोनेल मेस्सी की अर्जेंटीना से होगा। वहीं उरूग्वे की टीम तीसरे स्थान के मुकाबले में कनाडा से खेलेगी। कोलंबिया इससे पहले 2001 में अपनी मेजबानी में कोपा अमेरिका खिताब जीता था। इस मैच में एक लाल कार्ड के अलावा सात पीले कार्ड दिखाए गए।

### मैच के बाद भिड़े दर्शक खिलाड़ियों से हाथापाई

**चार्लोट।** कोपा अमेरिका सेमीफाइनल में कोलंबिया के हाथों उरूग्वे की एक गोल से हार के बाद दोनों टीमों के समर्थकों से हाथापाई हो गई जिसमें डारविन नुनेज समेत उरूग्वे के भी कई खिलाड़ी शामिल हो गए। तनावपूर्ण मुकाबले के बाद उरूग्वे टीम की बेंच के पीछे प्रशंसक आपस में भिड़ गए। मैदान पर जमा 70,644 दर्शकों में से 90 प्रतिशत कोलंबिया के समर्थक थे लेकिन उरूग्वे के प्रशंसक भी थोड़ी तादाद में पहुंचे थे। हाथापाई में दोनों गुटों ने एक दूसरे पर पेय पदार्थ फेंके। एक वीडियो में दिखाया गया है कि नुनेज कोलंबिया के एक समर्थक को पीट रहे हैं।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## दीदार...



केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और थाईलैंड के विदेश मामलों के मंत्री मैरिस ने नई दिल्ली के राष्ट्रीय संग्रहालय में बौद्धिज्म नामक फोटो प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। • एजेंसी

# अगर फोन हीट हो रहा है तो हो जाएं सावधान

यदि आप स्मार्टफोन यूजर हैं तो कभी न कभी आपको ओवरहीटिंग की समस्या का जरूर सामना करना पड़ा होगा। लोग वीडियो देखने, गेम खेलने या सोशल मीडिया पर रील्स देखने के लिए घंटों नॉनस्टॉप स्मार्टफोन का इस्तेमाल करते हैं। हम कई जरूरी काम तक अपने फोन से निपटा सकते हैं। यही वजह है कि दुनिया में स्मार्टफोन की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। लेकिन कुछ वर्षों में स्मार्टफोन फटने की कई घटनाएं सुनने को मिली। चार माह पूर्व उत्तरप्रदेश के मेरठ में चार्जिंग के दौरान मोबाइल में ब्लास्ट होने से चार बच्चों की मौत हो गई, जबकि बच्चों के माता-पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। कारण फोन का हीटिंग बना। मोबाइल ब्लास्ट होने की कई वजहें हो सकती हैं। बढ़ते तापमान की वजह से गर्मियों के महीनों में ऐसी घटनाएं होने का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। ऐसे में स्मार्टफोन यूजर्स को बेहद सतर्क रहने की जरूरत है।



### ऐसे पहचाने ओवरहीट हो रहा है

आम इलेक्ट्रॉनिक उपकरण की तरह स्मार्टफोन में भी ओवरहीटिंग की समस्या होती है। ज्यादा गर्म होने से न केवल फोन की वर्क कैपिसिटी पर असर पड़ता है, बल्कि इससे फोन की लाइफ भी कम हो सकती है। ऐसे में कभी फोन ज्यादा गर्म पड़ने लगता है तो कई बार शटडाउन हो सकता है। इसके अलावा ओवरहीटिंग की वजह से फोन के कई ऐप्स काम करना बंद कर सकते हैं।

### इसलिए फटते हैं स्मार्ट फोन

स्मार्टफोन में ब्लास्ट के ज्यादातर मामले बैटरी से संबंधित होते हैं। कई घंटे चार्जिंग पर लगाकर छोड़ने के कारण बैटरी ओवरचार्ज हो जाती है। जो फटने की एक बड़ी वजह है। इसके अलावा फोन के लंबे समय तक धूप के संपर्क में आने से भी बैटरी ओवरहीट होकर फट सकती है।

### ओवरहीट को ऐसे करें ठीक

आप फोन को स्विच ऑफ करके कुछ देर के लिए छोड़ दें, फिर उसको रीस्टार्ट करें और उसे नॉर्मली यूज करें। फिर भी फोन अगर कुछ देर में गर्म होता है तो सेटिंग्स में जाकर ये चेक करना होगा कि कौन-सा एप कितना बैटरी या डेटा कन्ज्यूम कर रहा है। गैर जरूरी ऐप्स काम कर रहे हैं, तो उन्हें तुरंत जाकर अनइंस्टाल कर दें।

### यह सावधानियां बरतें

- अगर फोन चलाते समय गर्म हो रहा है तो सबसे पहले फोन के पीछे से बैक कवर हटा दें, ताकि बैटरी का हिस्सा नॉर्मल हवा के संपर्क में आने से ठंडा हो सके।
- बैकग्राउंट में चल रहे मल्टीपल एप्स, ब्लूटूथ, वाई-फाई जैसी सर्विस को ऑफ करके कुछ समय के लिए स्मार्टफोन को एयरप्लेन मोड पर कर दें।
- अपने फोन को ठंडी, छायादार जगह पर ले जाएं क्योंकि फोन 0 से 35 डिग्री सेल्सियस के बीच के तापमान पर सबसे अच्छा काम करता है। इससे ज्यादा तापमान होने पर फोन के प्रदर्शन और हार्डवेयर पर असर पड़ सकता है।
- जंक फाइलें आपके फोन के प्रोसेसर और बैटरी पर अतिरिक्त दवाब डालती हैं। एंड्रॉइड के लिए एवीजी क्लीनर जैसा ऐप डाउनलोड कर सकते हैं।

## एक नजर

### अमेरिका को 6.7 अरब डॉलर का भुगतान करने का आदेश

**तेहरान।** ईरान की अदालत ने अमेरिकी सरकार को आदेश दिया कि वह तेहरान पर वाशिंगटन द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों की वजह से दुर्लभ त्वचा विकार से पीड़ित लोगों के लिए स्वीडन की एक कंपनी से विशेष पट्टियों की आपूर्ति रुकने की वजह से 6.7 अरब डॉलर से अधिक का मुआवजा प्रदान करे। अंतर्राष्ट्रीय संबंध कानून न्यायालय के इस आदेश से पहले ईरान ने पिछले साल पश्चिम के साथ तनाव के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य में अमेरिकी ऊर्जा कंपनी शेवरॉन कॉर्प के लिए कुवैती कच्चे तेल से संबंधित पांच करोड़ डॉलर का सामान जब्त कर लिया था।

### ब्रिटिश भारतीय सांसदों ने ग्रहण की शपथ

**लंदन।** ब्रिटिश संसद के निचले सदन हाउस ऑफ कॉमन्स के लिए नवनिर्वाचित भारतीय मूल के सांसदों ने देश के प्रति वफादारी के प्रतीक के रूप में महाराजा के प्रति अपनी निष्ठा की शपथ ली। इसके लिए उन्होंने धार्मिक ग्रंथों पर हाथ रखकर शपथ ली। शैलेश वारा द्वारा स्पीकर लिंडसे होयल को भगवद् गीता की एक नई प्रति भेंट की गई। शैलेश कंजर्वेटिव पार्टी के पूर्व सांसद हैं, जो पिछले सप्ताह के आम चुनाव में कैम्ब्रिजशर सीट से हार गए थे। मंगलवार को शपथ लेने वाले पहले ब्रिटिश भारतीय सांसदों में ऋषि सुनक भी शामिल थे।

### लाहौर हाईकार्ट में पहली बार महिला बनी मुख्य न्यायाधीश

**लाहौर।** न्यायमूर्ति आलिया नीलम ने गुरुवार को लाहौर उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ ली। वह पाकिस्तान की पहली महिला हैं जो किसी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायधीश के पद पर आसीन हुई हैं। पंजाब के राज्यपाल सरदार सलीम हैदर खान ने उन्हें पद की शपथ दिलाई। पंजाब सूबे की पहली महिला मुख्यमंत्री मरियम नवाज भी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुईं।

### भारतीय जहाज के कैप्टन व चालक दल होंगे सम्मानित

**लंदन।** तेल टैंकर के कैप्टन अभिलाष रावत व उनके चालक दल को लाल सागर बचाव मिशन में उनके साहस व समुद्र में बहादुरी के लिए अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन 2024 पुरस्कार विजेता के लिए नामित किया गया है। अग्निशमन और क्षति नियंत्रण प्रयासों के समन्वय के दौरान दृढ़ संकल्प और धीरज का प्रदर्शन करने पर आईएमओ ने रावत और उनके चालक दल को बुधवार को वर्ष 2024 के लिए विजेता घोषित किया। हूती विद्रोहियों द्वारा दागी गई जहाज-रोधी मिसाइल के उनके जहाज मार्लिन लुआंडा पर गिरने से भीषण आग लग गई थी।

# रूस-चीन की गहरी दोस्ती से नाटो चिंतित

## कहा- पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की महत्वाकांक्षाएं हमारे हितों व सुरक्षा के लिए चुनौती

वाशिंगटन, एजेंसी

उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) ने रूस और चीन के बीच गहराते संबंधों तथा बीजिंग की बढ़ती आक्रामकता पर बुधवार को चिंता जाहिर की। नाटो ने अपने वाशिंगटन शिखर सम्मेलन घोषणापत्र में कहा, पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना (पीआरसी) की महत्वाकांक्षाएं और आक्रामक नीतियां लगातार हमारे हितों, सुरक्षा और मूल्यों को चुनौती दे रही हैं। रूस और पीआरसी के बीच गहराती रणनीतिक साझेदारी तथा नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को कमजोर करने व नया आकार देने के दोनों देशों के प्रयास गंभीर चिंता का विषय हैं।

शिखर सम्मेलन में शामिल राष्ट्राध्यक्षों और शासन प्रमुखों की ओर से जारी घोषणापत्र में कहा गया है हम सरकार में शामिल और उनसे इतर तत्वों से हाइब्रिड, साइबर, अंतरिक्ष और अन्य खतरों तथा दुर्भावनापूर्ण गतिविधियों का सामना कर रहे हैं। इस सम्मेलन में स्वीडन को नाटो के 32वें सदस्य देश के रूप में शामिल किया गया। घोषणापत्र में कहा गया है कि फिनलैंड और स्वीडन का नाटो में शामिल होना उन्हें सुरक्षित और संगठन को मजबूत बनाता है खासकर हाई नॉर्थ और बाल्टिक सागर क्षेत्रों में भी। इसमें कहा गया है कि यूक्रेन पर रूस के आक्रमण ने यूरो-अटलांटिक क्षेत्र में शांति और स्थिरता भंग कर दी है तथा वैश्विक सुरक्षा को गंभीर नुकसान पहुंचाया है। घोषणापत्र में कहा गया है कि रूस संगठन के सदस्य देशों की सुरक्षा के लिए सबसे महत्वपूर्ण और प्रत्यक्ष खतरा बना हुआ है।

इसमें कहा गया है कि आतंकवाद अपने सभी स्वरूपों और अभिव्यक्तियों में, हमारे नागरिकों की सुरक्षा और अंतर्राष्ट्रीय शांति एवं समृद्धि के लिए सबसे प्रत्यक्ष खतरा है। हम जिन खतरों का सामना कर रहे हैं, वे वैश्विक और परस्पर जुड़े हुए हैं। सम्मेलन में नाटो ने अपनी प्रतिरोधक क्षमता और रक्षा तंत्र को मजबूत करने, रूस से लड़ाई में यूक्रेन को दीर्घकालिक समर्थन बढ़ाने और नाटो के सदस्य देशों के बीच साझेदारी को गहरा करने के लिए कदम उठाए। घोषणापत्र में कहा गया है हम यूक्रेन के राष्ट्रपति (वोलोदिमीर) जेलेंस्की और ऑस्ट्रेलिया, जापान, न्यूजीलैंड, कोरिया गणराज्य तथा यूरोपीय संघ के नेताओं का गर्मजोशी से स्वागत करते हैं।



वाशिंगटन में आयोजित नाटो के शिखर सम्मेलन में उपस्थित सदस्य। एजेंसी

### बाइडेन प्रशासन यूरोप, एशिया और अमेरिका के बीच खाई पाटने को प्रयासरत

**वाशिंगटन।** अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि राष्ट्रपति जो बाइडेन का प्रशासन यूरोप, एशिया और अमेरिका के बीच की खाई को कम करने की कोशिश कर रहा है। ब्लिंकन ने यहां नाटो शिखर सम्मेलन से इतर यह बात कही। सम्मेलन में अमेरिका के हिंद-प्रशांत क्षेत्र के साझेदारों- ऑस्ट्रेलिया, जापान, दक्षिण कोरिया और न्यूजीलैंड को भी भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। यह लगातार तीसरी बार है जब अमेरिका ने अपने हिंद प्रशांत भागीदारों को आमंत्रित किया है। ब्लिंकन ने कहा जब रूस ने आक्रामकता दिखाई और यूक्रेन पर आक्रमण किया तक जापान खड़ा हुआ, दक्षिण कोरिया खड़ा हुआ, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड भी आगे आए। यह एक प्रकार से इस बात की स्वीकार्यता है कि ये चुनौतियां जुड़ी हुई हैं और जब लोकतंत्र एकजुट होते हैं तो हम और मजबूत होते हैं, प्रभावशाली होते हैं फिर चाहे हम यूरोप में हों, एशिया में हों या फिर कहीं और। इसलिए जब हम अपने हिंद-प्रशांत भागीदारों के साथ वाशिंगटन में एकत्र हो रहे हैं, तो इसका मतलब यह है कि हम यूरोप, एशिया और अमेरिका के बीच की खाई को पाट रहे हैं।

### नाटो देश औद्योगिक आधार मजबूत करें : बाइडेन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने रूस के तेजी से रक्षा उत्पादन बढ़ाने के मद्देनजर उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के सदस्य देशों से बुधवार को अपने औद्योगिक आधार को मजबूत करने का आह्वान किया। बाइडन ने वाशिंगटन में नाटो शिखर सम्मेलन के एक सत्र के दौरान कहा कि नाटो देशों ने दो साल पहले अपनी प्रतिरोधक क्षमता और रक्षा प्रणाली को आधुनिक बनाने का फैसला किया था। उन्होंने कहा आज हमें खुद से यह सवाल करना होगा कि आगे क्या? हम अपनी ढाल को कैसे मजबूत बना सकते हैं? इसका एक जवाब यह है कि हमें अपने औद्योगिक आधार को मजबूत करना होगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा इस समय रूस तेजी से अपने रक्षा उत्पादन में बढ़ोतरी कर रहा है। वह हथियारों, वाहनों और युद्ध सामग्री का उत्पादन तेजी से बढ़ा रहा है।

# ओली व देउबा ने प्रचंड के खिलाफ जारी किया व्हिप

- प्रधानमंत्री प्रचंड आज संसद में करेंगे विश्वास प्रस्ताव का सामना

काठमांडू, एजेंसी

संकटग्रस्त नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड शुक्रवार को संसद में विश्वास प्रस्ताव का सामना करेंगे। इससे एक दिन पहले गुरुवार को उनकी मुश्किलों को और बढ़ाते हुए नेपाली कांग्रेस (नेकां) और सीपीएन-यूएमएल ने अपने सांसदों को व्हिप जारी कर उनके खिलाफ मतदान करने का निर्देश दिया।

सत्तारूढ़ गठबंधन में सबसे बड़ी पार्टी केपी शर्मा ओली नीत सीपीएन-यूएमएल ने पिछले सप्ताह प्रचंड के नेतृत्व वाली सरकार से समर्थन वापस ले लिया था और नेपाली कांग्रेस के साथ सत्ता साझेदारी संबंधी समझौता किया था। माना जा रहा है कि दाहाल विश्वास मत हासिल नहीं कर पाएंगे। नेपाल की 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में सबसे बड़ी पार्टी नेपाली कांग्रेस के पास फिलहाल 89 सीट हैं, जबकि सीपीएन-यूएमएल के पास 78 सीट हैं।

निचले सदन में 138 सीटों के बहुमत के मुकाबले दोनों दलों के पास कुल 167 सदस्य हैं। प्रचंड की कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (माउइस्ट सेंटर) के पास 32 सीट हैं। प्रचंड को अपनी सरकार बचाने के लिए सदन में 138 सदस्यों का समर्थन चाहिए लेकिन उन्हें 63 सदस्यों का समर्थन मिलने की संभावना है और ऐसे में यह तय माना जा रहा है कि उनकी सरकार शुक्रवार को विश्वासमत हार जाएगी। माइ रिपब्लिका अखबार की खबर के मुताबिक नेपाली कांग्रेस ने अपने सदस्यों को सदन में उपस्थित होने और प्रचंड के विश्वासमत प्रस्ताव के खिलाफ मतदान करने का निर्देश दिया।



### भारत के साथ घनिष्ठ संबंध रखे बिना प्रगति नहीं

**काठमांडू।** नेपाल की सीपीएन-यूएमएल पार्टी ने कहा कि चारों तरफ से जमीन से घिरा हिमालयी राष्ट्र भारत के साथ घनिष्ठ मित्रतापूर्ण संबंध कायम रखकर ही आर्थिक समृद्धि प्राप्त कर सकता है। नेपाली धरती से भारत के खिलाफ किसी भी गतिविधि को अनुमति नहीं दी जाएगी। पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के नेतृत्व वाली पार्टी के एक वरिष्ठ नेता की यह टिप्पणी संसद में विश्वासमत की पूर्व संध्या पर आई।

# भारत-अमेरिका एक दूसरे के साथ देखते हैं भविष्य : गार्सेटी

नई दिल्ली, एजेंसी

अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने कहा कि आपस में जुड़ी दुनिया में कोई भी युद्ध अब किसी से दूर नहीं है। इसलिए देशों को न सिर्फ शांति के लिए खड़ा होना चाहिए, बल्कि यह सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम भी उठाने चाहिए कि जो लोग शांतिपूर्ण तरीके से काम नहीं करते, उनकी युद्ध मशीनें बे रोकटोक जारी नहीं रहें।

राजदूत ने यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा और यही बात अमेरिका और भारत दोनों को मिलकर जानने की जरूरत है। उन्होंने दिल्ली और वाशिंगटन के बीच एक मजबूत साझेदारी की भी वकालत की। उनकी यह टिप्पणी यूक्रेन-रूस और इजराइल-गाजा सहित विश्व में चल रहे अनेक संघर्षों की पृष्ठभूमि में आई है। यहां एक रक्षा समाचार सम्मेलन में अपने संबोधन में उन्होंने भारत-अमेरिका संबंधों को गहरा, प्राचीन और व्यापक बताया।



### भरोसेमंद साझेदार के रूप में रूस पर दांव लगाना ठीक नहीं

**वाशिंगटन।** रूस के साथ भारत के संबंधों को लेकर चिंताओं के बीच, अमेरिका के एनएसए ने गुरुवार को नई दिल्ली को आगाह किया कि एक दीर्घकालिक, भरोसेमंद साझेदार के रूप में रूस पर दांव लगाना ठीक नहीं है। उन्होंने दावा किया कि भारत और चीन के बीच संघर्ष की स्थिति में रूस, दिल्ली के बजाय बीजिंग का पक्ष लेगा।

## पेशावर हवाई अड्डे पर लैंडिंग के दौरान सऊदी विमान में लगी आग

**इस्लामाबाद।** पेशावर के बाचा खान अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गुरुवार को उतरते समय रियाद से आ रहे सऊदी एयरलाइंस के एक विमान में आग गई। राहत की बात यह रही कि सभी यात्रियों तथा चालक दल के सदस्यों को तुरंत सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। सीएए के प्रवक्ता सैफुल्ला के अनुसार हवाई यातायात नियंत्रकों ने लैंडिंग के दौरान विमान के बाएं लैंडिंग गियर से धुआं और आग की लपटें निकलते देखीं। इसके बाद उन्होंने पायलटों को सतर्क कर दिया गया और उसी समय हवाई अड्डे पर आग और बचाव सेवाओं को सूचित किया। बयान में कहा गया है कि जैसे ही सीएए फायर ट्रक घटनास्थल पर पहुंचे और लैंडिंग गियर को निगलने वाली आग की लपटों को बुझा दिया गया। सैफुल्लाह ने कहा दमकल ने समय रहते कार्रवाई की और आग पर तुरंत काबू पा लिया।

# भारत ने बिम्सटेक समूह में भरी ऊर्जा

## बंगाल की खाड़ी के देशों के बीच सहयोग बढ़ाने का आह्वान

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत ने गुरुवार को सात देशों के बिम्सटेक समूह से बंगाल की खाड़ी के देशों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने के लिए नई ऊर्जा, संसाधन और नई प्रतिबद्धता का आह्वान किया। यह अपील विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने राष्ट्रीय राजधानी में दो दिवसीय सम्मेलन में बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग पहल (बिम्सटेक) सदस्य देशों के अपने समकक्षों की मेजबानी करते हुए की।

बिम्सटेक दक्षिण और दक्षिण पूर्व एशिया के सात देशों को बहुआयामी सहयोग के लिए एक साथ लाता है। भारत के अलावा बिम्सटेक में श्रीलंका, बांग्लादेश, म्यांमार, थाईलैंड, नेपाल और भूटान शामिल हैं। जयशंकर ने कहा कि बिम्सटेक को उच्च आकांक्षाएं रखनी चाहिए। जयशंकर ने सम्मेलन के पहले दिन अपनी शुरुआती टिप्पणी में कहा भारत के लिए बिम्सटेक उसके पड़ोस प्रथम दृष्टिकोण पूर्व की ओर देखो नीति और सागर दृष्टिकोण के अहम पड़ाव का प्रतिनिधित्व करता है।

उन्होंने कहा इनमें से प्रत्येक प्रयास बंगाल की खाड़ी पर विशेष ध्यान देने के साथ प्रस्तावित किया जा रहा है, जहां सहयोगात्मक क्षमता का लंबे समय से उपयोग नहीं किया गया है। उन्होंने कहा हमारी चुनौती इसे बेहतर बनाने की है, और ऐसा तेजी से करना है।



विदेश मंत्री जयशंकर नेपाल की विदेश सचिव सेवा लमसल का स्वागत करते हुए।

### थाईलैंड है बिम्सटेक का वर्तमान अध्यक्ष

बिम्सटेक को क्षेत्रीय सहयोग के लिए एक जीवंत मंच बनाने के लिए भारत ठोस प्रयास कर रहा है, क्योंकि दक्षेस (दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन) के तहत पहल विभिन्न कारणों से आगे नहीं बढ़ रही थी। भारत सागर (क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास) की व्यापक नीति रूपरेखा के अंतर्गत हिंद महासागर क्षेत्र के देशों के साथ सहयोग कर रहा है। बिम्सटेक विदेश मंत्रियों की बैठक का उद्देश्य खुले तौर पर, स्पष्ट और फलदायी ढंग से विचारों का आदान-प्रदान करना है। थाईलैंड बिम्सटेक का वर्तमान अध्यक्ष है और इस वर्ष के अंत में वह समूह के वार्षिक शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा।

## पाकिस्तान जा रही प्रतिबंधित रसायनों की चीनी खेप जब्त

**चेन्नई।** सुरक्षा एजेंसियों ने तमिलनाडु के एक बंदरगाह पर अंतरराष्ट्रीय रूप से प्रतिबंधित रसायनों की चीन से आई एक खेप जब्त की है जो माना जा रहा है कि पाकिस्तान के जैविक और रासायनिक युद्ध कार्यक्रम के लिए थी। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। यह खेप ऑर्थो-क्लोरो बेंजिलिडीन मैलोनोनाइट्राइल या सीएस की थी जिसका इस्तेमाल आंसू गैस और दंगा नियंत्रण एजेंट के रूप में किया जाता है। अधिकारियों ने बताया कि सीमाशुल्क विभाग के अधिकारियों ने तमिलनाडु के कट्टूपल्ली बंदरगाह पर इस खेप को रोका था। सीएस अंतरराष्ट्रीय समझौतों और भारत की निर्यात नियंत्रण सूची के तहत दोहरे उपयोग वाला रसायन है। दंगा नियंत्रण एजेंटों के रूप में इसका असैन्य उपयोग होता है।

# नाटो एशियाई देशों के बीच अराजकता न फैलाए : चीन

- विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता जियान ने जताया एतराज, यूक्रेन मुद्दे पर जिम्मेदारी बढ़ाचढ़ा कर दिखाई थी

बीजिंग, एजेंसी

बीजिंग। चीन ने खुद को यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध को निर्णायक रूप से बढ़ावा दिए जाने वाला बताने पर गुरुवार को उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) को आड़े हाथ लिया और उसके इस भड़काऊ बयान के लिए कूटनीतिक विरोध दर्ज कराया। चीन ने नाटो से यह भी कहा कि वह एशिया में ऐसी अराजकता न फैलाए।

चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा कि वाशिंगटन में नाटो के शिखर सम्मेलन में जारी घोषणापत्र के चीन से संबंधित अंश पूर्वाग्रह से ग्रसित, भड़काऊ और आक्षेप वाले हैं। लिन ने कहा हम इसकी कड़ी निंदा करते हैं और इसका सख्ती से विरोध करते हैं। नाटो के साथ गंभीर रूप से आपत्ति जताई है। उन्होंने यह भी कहा कि नाटो चीन के पड़ोसियों और अमेरिका के सहयोगी देशों के साथ संबंध मजबूत कर रहा है और दूसरों की कीमत पर सुरक्षा पाने की कोशिश कर रहा है। लिन ने कहा कि नाटो की एशिया प्रशांत रणनीति ने चीन के हितों को नुकसान पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि सैन्य गठबंधन को चीन के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करना बंद कर देना चाहिए।



शोध

एरीज के वैज्ञानिक इंद्रनील चट्टोपाध्याय व शोध छात्र राज किशोर जोशी की बड़ी खोज

# ब्लैकहोल के जेट प्लाज्मा की संरचना का पता चला

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के वैज्ञानिकों ने ब्लैकहोल से निकलने वाले जेट प्लाज़्मा की संरचना का पहली बार पता लगाया है। इस खोज में एरीज के विज्ञानी इंद्रनील चट्टोपाध्याय व शोध छात्र राज किशोर जोशी द्वारा की गई है। एस्ट्रोफिजिकल जर्नल (एपीजे) नामक अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान पत्रिका में यह खोज प्रकाशित हुई है।

एरीज के आउटरीच प्रभारी डा विरेन्द्र यादव ने बताया कि खगोलीय शोध की दिशा में एरीज निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। जेट ब्लैकहोल, न्यूट्रॉन तारों व पल्सार जैसे सघन खगोलीय पिंडों से विस्तारित किरणों के रूप में उत्सर्जित होते हैं। इसके संरचना के बारे में वर्षों के शोध के बावजूद अधिक जानकारी ज्ञात नहीं थी। साथ ही इलेक्ट्रॉन व प्रोटॉन से बने होने का भी सही पता नही था। इसके अलावा पॉज़िट्रॉन नामक सकारात्मक रूप से आवेशित इलेक्ट्रॉन इनमें शामिल होने की जानकारी भी नही थी। जिस कारण इसकी जानकारी विज्ञानियों के लिए महत्वपूर्ण मानी जाती रही है। वैज्ञानिक डॉ. इंद्रनील चट्टोपाध्याय व राज किशोर जोशी के अनुसार यह खोज ब्लैक होल व न्यूट्रॉन तारों के करीब चलने वाली भौतिक प्रक्रिया की बारीकी को समझने में मदद करेगी।

सैद्धांतिक रूप से जेट की उष्मा गति की मात्रा, द्रव्यमान घनत्व, ऊर्जा घनत्व और दबाव के बीच संबंध का पता नही था। डॉ. चट्टोपाध्याय ने शोध में सर्वप्रथम विकसित किए गए एक संख्यात्मक सिमुलेशन में सुधार किया और इलेक्ट्रॉन, पॉज़िट्रॉन (धनात्मक रूप से आवेशित इलेक्ट्रॉन) व प्रोटॉन के मिश्रण से बने एस्ट्रोफिजिकल जेट की गतिशीलता का अध्ययन किया। तब जेट की संरचना की जानकारी सामने आई।



डा इन्द्रनील चट्टोपाध्याय



राज किशोर जोशी

### बड़ी उपलब्धि है एरीज के लिए

**नैनीताल :** एरीज के निदेशक प्रो दीपांकर बनर्जी ने कहा कि एरीज के वैज्ञानिक निरंतर खगोलीय पिंडों के अध्ययन में जुटे रहते हैं। यह खोज एरीज के लिए बड़ी उपलब्धि है, जो अंतराष्ट्रीय स्तर पर वैज्ञानिकों के लिए महत्वपूर्ण है। इस खोज से जेट के बारे में जानकारी मिलने के बाद ब्लैकहोल व उनसे निकलने वाले के जेट के अन्य रहस्य को सुलझाना आसान होगा। वर्तमान में एरीज में 4 मीटर लिक्विड मिरर टेलिस्कोप व 3.6 मीटर व्यास की ऑप्टिकल दूरबीन की सुविधा मौजूद है।

# बाइडेन का समर्थन करने वाले भारतीयों की संख्या में गिरावट

- द्विवार्षिक एशियाई अमेरिकी मतदाता सर्वेक्षण ने दी जानकारी

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका में साल 2020 में हुए चुनाव और 2024 में होने वाले चुनाव अंतराल के दौरान मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडेन का समर्थन करने वाले भारतीय-अमेरिकियों की संख्या में 19 प्रतिशत की गिरावट आई है। द्विवार्षिक एशियाई अमेरिकी मतदाता सर्वेक्षण (एएवीएस) ने बुधवार को यह जानकारी दी।

एशियाई अमेरिकी मतदाता सर्वेक्षण दो साल में एक बार किया जाता है और यह एशियाई-अमेरिकी समुदाय का सबसे लंबे समय तक चलने वाला सर्वेक्षण है। एशियन एंड पैसिफिक आइलैंडर अमेरिकन वोट (एपीआईएवोट), एएपीआई डेटा, एशियन अमेरिकन्स एडवांसिंग जस्टिस (एएजेसी) और एएआरपी द्वारा किए गए सर्वेक्षण से यह पता चला कि अमेरिका में इस साल नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव में भारतीय मूल के 46 प्रतिशत अमेरिकी नागरिक जो बाइडेन को वोट दे सकते हैं, जबकि 2020 में यह आंकड़ा 65 प्रतिशत था। भारतीय-अमेरिकियों की संख्या में 19 प्रतिशत की गिरावट, सभी एशियाई-अमेरिकी जातीय समुदायों में सर्वाधिक है। बाइडेन व उनके प्रतिद्वंद्वी ट्रंप के बीच 27 जून को चुनाव की प्रक्रिया के तहत बहस से पहले यह सर्वेक्षण किया गया था।

